3 | राजधानी
सड़कों पर उतरीं 100 नई सीएनजी बसे

6 | अभिमत
गोवा विधानसभा : विभाजन या पालाबदल

10 | विदेश
चीन में कोरोना संक्रमण के मामलों में वृद्धि

12 | स्पोर्ट्स
न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को नौ विकेट से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 121
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मैं रोम-कॉम का हिस्सा बनना चाहूंगा
विविध-11

# यूपी में भाजपा, पंजाब में आप की जीत का अनुमान

**भाषा।** नई दिल्ली

**एग्जिट पोल**

● उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी भाजपा सरकार बनने के आसार

**उत्तर प्रदेश: कुल सीट 403, बहुमत 202**

| सर्वे एजेंसी | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| टीवी 9 भारतवर्ष | 211-225 | 146-160 | 14-24 | 4-6 |
| रिपब्लिक P- marQ | 240 | 140 | 17 | 02 |
| इंडिया टुडे एक्सिस | 288-326 | 71-101 | 3-9 | 1-3 |
| न्यूज एक्स | 222-225 | 146-160 | 14-20 | 4-6 |
| रिपब्लिक Matrize | 262-277 | 119-134 | 7-15 | 3-8 |
| टाइम्स नाऊ | 225 | 151 | 14 | 9 |
| न्यूज 24-चाणक्य | 294 | 105 | 2 | 1 |
| जी न्यूज | 224-248 | 138-157 | 5-11 | 4-9 |

**कई** एग्जिट पोल में उत्तर प्रदेश में भाजपा और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) को स्पष्ट बहुमत मिलने का सोमवार को अनुमान जताया गया जबकि इनमें से कुछ में उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भाजपा को बढ़त मिलने की संभावना जताई गई है। सीएनएन न्यूज 18, टाइम्स नाउ, रिपब्लिक टीवी और न्यूज एक्स चैनलों के एग्जिट पोल के अनुसार उत्तर प्रदेश की 403 सदस्ईय विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 326 व 211 के बीच सीट और समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को 160 व 71 के बीच सीट मिलने का अनुमान है। इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने उत्तर प्रदेश में भाजपा और उसके सहयोगियों के लिए 288-326 सीट और सपा गठबंधन के लिए 71-101 सीट का अनुमान जताया, न्यूज 24-टुडे के चाणक्य ने राजग के लिए 294 सीट और अखिलेश यादव के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए 105 सीट की संभावना जताई। न्यूज 24-टुडेज चाणक्य ने उत्तर प्रदेश में भाजपा गठबंधन को 43 फीसदी और सपा और उसके सहयोगियों को 35 फीसदी मत प्रतिशत मिलने का अनुमान जताया है। सीएनएन न्यूज 18-मैट्रिज के एग्जिट पोल में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और सहयोगियों के लिए 262-277 सीट और उत्तर प्रदेश में सपा और सहयोगियों के लिए 119-134 सीटें मिलने का अनुमान जताया। टाइम्स नाउ-वीटो ने उनके लिए क्रमश: 225 और 151 सीटें मिलने की संभावना जताई।

इनमें से ज्यादातर एग्जिट पोल में पंजाब में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आप की जीत का अनुमान लगाया है। इंडिया टुडे के एक्जिट पोल में 117 सदस्ईय पंजाब विधानसभा में आप को 76-90 सीट पर जीत मिलने का अनुमान लगाया गया है। कुछ एग्जिट पोल में पंजाब में त्रिशंकु विधानसभा का भी अनुमान लगाया है, जो एकमात्र चुनावी राज्य है जहां कांग्रेस सत्ता में है, जबकि आप को स्पष्ट बढ़त मिलने की संभावना जताई है।

न्यूज 24-टुडे के चाणक्य ने पंजाब में आप के पक्ष में लहर होने का अनुमान जताया और उसे 100 सीट मिलने की संभावना जताई, जिसमें दस सीट कम या ज्यादा हो सकती है। चाणक्य के एग्जिट पोल में भाजपा को 43 और उत्तराखंड में कांग्रेस को 24 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। टीवी9 भारतवर्ष-पोलस्ट्रेट के एग्जिट पोल में हालांकि, पंजाब में आप के लिए 56-61 सीट का अनुमान जताया गया है। अधिकतर एग्जिट पोल में सत्तारूढ़ कांग्रेस को पंजाब में दूसरा स्थान मिलने का अनुमान जताया गया है।

उत्तराखंड में कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए अलग-अलग एग्जिट पोल में विधान सभा चुनाव में जीत का अनुमान व्यक्त किया गया है। कुछ एग्जिट पोल में गोवा में त्रिशंकु विधानसभा की संभावना जताई गई है, जबकि मणिपुर में भाजपा को प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। एबीपी न्यूज-सीवोटर के एग्जिट पोल में उत्तराखंड में कांग्रेस के लिए बढ़त का अनुमान लगाया है, जिससे पार्टी को 70 सदस्ईय विधानसभा में 32-38 सीट और भाजपा को 26-32 सीट मिलने का अनुमान है।

वहीं मणिपुर में अधिकांश एग्जिट पोल के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़े दल के तौर पर उभर सकती है। राज्य में दो चरणों में 28 फरवरी और पांच मार्च को चुनाव हुए थे। जी न्यूज-डिजाइनबॉक्स्ड के अनुसार, भगवा पार्टी को 60 सदस्ईय विधानसभा में 32 से 38 सीटें मिल सकती हैं जबकि कांग्रेस को संभवत: 12-17 सीटें मिलेंगी। इंडियाटीवी ग्राउंड जीरो रिसर्च ने भाजपा के लिए 26-31 सीटों का अनुमान लगाया है जबकि कांग्रेस को 12-17 सीटें और अन्य पार्टियों को 11-22 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। लगभग हर एग्जिट पोल के अनुमानों में, कांग्रेस को पिछले चुनाव की तुलना में कम सीटें हासिल होती दिख रही हैं। पार्टी ने 2017 में 28 सीटें जीती थीं जो बहुमत के आंकड़े से तीन कम थी। भाजपा के बेहतर प्रदर्शन को लेकर सभी एग्जिट पोल एकमत दिखे। 2017 में 22 सीटें जीतने वाले भगवा खेमे ने एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में राज्य में सरकार बनाने के लिए एनपीपी और अन्य क्षेत्रीय संगठनों के साथ गठबंधन किया था। दिलचस्प बात यह है कि इस बार गैर-भाजपा और गैर-कांग्रेसी दलों के विधानसभा के बड़े हिस्से पर कब्जा करने की उम्मीद की जा रही है। इंडिया न्यूज ने भाजपा के लिए 23-28 सीटों, कांग्रेस के लिए 10-14 और अन्य पार्टियों के लिए 19-26 सीटों का अनुमान लगाया है। राज्य विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना 10 मार्च को होगी। वास्तव में उसी दिन सभी राज्यों के चुनाव परिणामों की सही तस्वीर साफ होगी क्योंकि कई बार एग्जिट पोल के अनुमान गलत भी साबित होते रहे हैं।

# मोदी ने पुतिन को जेलेंस्की से बात करने का दिया सुझाव

● सभी भारतीयों को सुरक्षित निकालने के प्रयास के बीच प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से की वार्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संघर्षग्रस्त** यूक्रेन से सभी भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयासों को तेज करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ बातचीत की। पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से वार्ता के दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच जारी बातचीत के अलावा सीधे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से वार्ता करने की गुजारिश की। उन्होंने दोनों नेताओं से विशेष रूप से यूक्रेन के सुमी क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। यूक्रेन-रूस के बीच फरवरी के अंत में संघर्ष शुरू होने के बाद से मोदी ने इससे पहले दो बार पुतिन से और एक बार यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ बात की थी। भारत युद्ध को समाप्त करने के लिए हमेशा कूटनीति और बातचीत का पक्षधर रहा है।

हालांकि, भारत ने नई दिल्ली और मास्को के बीच घनिष्ठ रणनीतिक संबंधों के कारण यूक्रेन में रूस के हमलों की आलोचना करने से परहेज किया है, लेकिन उसने कहा है कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। पुतिन के साथ 50 मिनट की बातचीत में प्रधान मंत्री मोदी ने सूमी से भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने पर जोर दिया। रूसी राष्ट्रपति ने उन्हें उनकी सुरक्षित निकासी में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। ( शेष पेज 9 )

## दिल्ली के घायल हरजोत सिंह समेत 1514 भारतीय लौटे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यूक्रेन** की राजधानी कीव में कुछ दिनों पहले गोली लगने से घायल दिल्ली निवासी हरजोत सिंह समेत 1514 लोग सोमवार को सुरक्षित वापस भारत पहुंचे। इन लोगों को यूक्रेन के पड़ोसी देशों से आठ उड़ानों द्वारा एयरलिफ्ट किया गया। रोमानिया के सुसेवा से मंगलवार को 400 से अधिक भारतीयों को घर वापस लाने के लिए दो विमान उड़ान भरेंगे। यूक्रेन पर रूसी सैन्य हमले के बाद से अब तक 83 उड़ानों की मदद से 17,600 से अधिक नागरिक भारत आ चुके हैं। ( शेष पेज 9 )

# जारी हो रहे फर्जी कोविड मृत्यु प्रमाण पत्रों को लेकर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

**भाषा।** नई दिल्ली

● मुआवजे के लिए कई डॉक्टर जारी कर रहे हैं ऐसे फर्जी प्रमाणपत्र

**उच्चतम** न्यायालय ने चिकित्सकों द्वारा मुआवजे (अनुग्रह राशि) के लिए जारी किए जा रहे फर्जी कोविड मृत्यु प्रमाण पत्रों को लेकर चिंता व्यक्त की और कहा कि वह इस मुद्दे की जांच का आदेश दे सकता है। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा कि मुआवजे की मांग करने वाले दावों के लिए कुछ समय सीमा होनी चाहिए। पीठ ने कहा, चिंता की बात यह है कि चिकित्सकों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र दिए जा रहे है... यह बहुत ही गंभीर बात है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कुछ समय सीमा होनी चाहिए, अन्यथा प्रक्रिया अंतहीन रूप से चलेगी। पीठ ने कहा, कृपया सुझाव दें कि हम चिकित्सकों द्वारा जारी किए जा रहे फर्जी प्रमाणपत्रों के मुद्दे पर कैसे अंकुश लगा सकते हैं। यह किसी का वास्तविक हक छीन सकता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि दावों को प्रस्तुत करने के लिए एक अंतिम समय सीमा होनी चाहिए। मेहता ने दलील दी की कि उच्चतम न्यायालय ने आदेश दिया है कि मुआवजे के लिए आरटी-पीसीआर प्रमाणपत्र आवश्यक नहीं है और चिकित्सक के प्रमाण पत्र के आधार पर इसकी अनुमति दी जा सकती है। उन्होंने कहा, इस छूट का दुरुपयोग हो रहा है। पीठ ने इस मुद्दे पर सुझाव मांगे और मामले की अगली सुनवाई की तिथि 14 मार्च निर्धारित की। उच्चतम न्यायालय ने पहले सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (एसएलएसए) के सदस्य सचिव के साथ समन्वय करने के लिए एक समर्पित नोडल अधिकारी नियुक्त करें ताकि कोविड-19 पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को मुआवजे का भुगतान किया जा सके। ( शेष पेज 9 )

## एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक सात दिन की सीबीआई हिरासत में

**नई दिल्ली ( भाषा )।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चित्रा रामकृष्ण को एनएसई को-लोकेशन घोटाला मामले में सोमवार को सीबीआई की सात दिन की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने कहा कि निष्पक्ष और समुचित जांच के लिए उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने की जरूरत है। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आरोपियों की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि उपरोक्त आरोपी की हिरासत में पूछताछ के लिए सह-आरोपी आनंद सुब्रमण्यम सहित वर्तमान मामले में शामिल अन्य सह-आरोपियों के साथ साजिश में अपनाए गए विस्तृत तौर-तरीकों का पता लगाने की आवश्यकता होगी। इसने कहा कि सुब्रमण्यम के साथ उनका आमना-सामना कराने के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ की भी आवश्यकता होगी, जो पहले से ही पुलिस हिरासत में है। ( शेष पेज 9 )

# उत्तर प्रदेश के अंतिम चरण में करीब 58 प्रतिशत मतदान



मीरजापुर में मतदान के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान सभा चुनाव**

**विधान** सभा चुनाव के अंतिम चरण में शाम 6 बजे तक 57.53% से अधिक मतदान हुआ है। पिछली बार इस क्षेत्र में 59.56% वोट पड़े थे। सातवें और अंतिम चरण के मतदान के दौरान गाजीपुर में कई स्थानों पर बवाल हुआ। गहमर और मुहम्मदाबाद में भाजपा और सपा समर्थक भिड़ गए। दोनों पक्षों में मारपीट के बाद पथराव भी हुआ। पुलिस ने लाठी भांजकर दोनों पक्षों को खदेड़ा। जमानिया में भाजपा प्रत्याशी के बूथ में घुसने का विरोध करने पर हंगामा हो गया। विधायक ने पुलिस को बुला लिया और एजेंट को हिरासत में ले लिया गया। इसके अलावा जमानियां के रक्सहां और उसिया में भी हंगामा हुआ। प्रधान और बसपा प्रत्याशी परवेज खां के बीच नोकझोंक हुई। गहमर में फर्जी वोटिंग पर हंगामा हुआ। सपा और भाजपा समर्थक भिड़ गए। प्राथमिक विद्यालय दक्षिणी पर सपा और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच दो बार झड़प हुई। पुलिस ने लाठी भांजकर सभी को मतदान केंद्र से दूर किया। ( शेष पेज 9 )

## दलबदल रोकने को कांग्रेस की चुनावी राज्यों में घेरेबंदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्व के** अनुभवों से सबक लेकर कांग्रेस ने दलबदल के डर से अपने नेताओं की घेराबंदी शुरू कर दी है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे गुरुवार को आएंगे, इससे पहले ही कांग्रेस ने कई वरिष्ठ नेताओं को पंजाब, गोवा, उत्तराखंड और मणिपुर में अस्पष्ट फैसले या करीबी परिणामों से उत्पन्न स्थितियों से निपटने के लिए भेज दिया है। पार्टी के सूत्रों ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं को खासकर गोवा और मणिपुर में दलबदल रोकने के लिए तैनात किया है। चुनाव बाद इस स्थिति से अतीत में कांग्रेस को काफी नुकसान हो चुका है। त्रिशंकु परिणामों की स्थिति यानी गठबंधन करने या दलबदल रोकने के लिए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने के लिए कई बैठकें कीं। कुछ हफ्ते पहले ही कांग्रेस ने अपने गोवा उम्मीदवारों को राहुल गांधी की उपस्थिति में निष्ठा की शपथ दिलाई थी। ( शेष पेज 9 )

# पारिवारिक झगड़े में पत्नी व दो सालों को मौत के घाट उतारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● गोलीबारी में एक साले की पत्नी भी घायल, आरोपी युवक गिरफ्तार

**नेताजी** सुभाष पैलेस के शकूरपुर गांव स्थित एम ब्लॉक में रविवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक ने पारिवारिक झगड़े में अपनी पत्नी और दो सालों की लाइसेंसिंग रिवाल्वर से गोली मारकर हत्या कर दी। इस गोलीबारी में बीचबचाव करने आई एक साले की पत्नी पैर में गोली लगने से घायल हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद वह वहीं पर खड़ा रहा। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान हितेन्द्र यादव उर्फ राजू के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल रिवाल्वर, आधा दर्जन कारतूस के खोके जब्त किए हैं। पुलिस ने तीनों शवों को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिये हैं। इस बाबत नेताजी सुभाष पैलेस थाने में हत्या, हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया।

जिला पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि रविवार रात 11 बजकर 25 मिनट पर शकूरपुर गांव स्थित एम ब्लॉक स्थित चार मंजिला मकान की चौथी मंजिल पर गोलियां चलने की जानकारी मिली थी। इंस्पेक्टर प्रताप राणा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि कमरे का सामान फैला हुआ था। अंदर एक कमरे में 39 वर्षीय सीमा और उसके दो भाई सुरेंद्र और विजय व विजय की पत्नी बबीता खून से लथपथ पड़े थे। आरोपी हितेन्द्र भी वहीं खड़ा था। पुलिस टीम ने तुरंत एम्बुलेंस से सभी को भगवान महावीर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने जांच के बाद सीमा, उसके दोनों भाई विजय और सुरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि बबीता की हालत गंभीर होने पर उसे मैक्स अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,843 | ↓ | 1491 |
| निफ्टी | 15,863 | ↓ | 382 |
| सोना | 53,720 | ↑ | 1161/10g |
| चांदी | 70,910 | ↑ | 1750 /kg |

## क्विक न्यूज

### राज्यसभा की 13 सीटों के लिए कार्यक्रम घोषित

**नई दिल्ली।** देश के छह राज्यों में राज्यसभा की रिक्त होने जा रही 13 सीटों के लिए आगामी 31 मार्च को चुनाव होगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। असम, हिमाचल प्रदेश, केरल, नगालैंड और त्रिपुरा से राज्यसभा के आठ सदस्यों का कार्यकाल दो अप्रैल को और पंजाब के पांच सदस्यो का कार्यकाल नौ अप्रैल को पूरा होगा। इस कारण ए सीटें रिक्त हो रही है। जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है उनमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी और आनंद शर्मा भी शामिल है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा, पंजाब में रिक्त हो रही पांच सीटो मे से तीन के लिए एक चुनाव होगा, जबकि दो सीटों के लिए अलग चुनाव होगा क्योंकि ए सीटें दो अलग-अलग द्विवार्षिक चक्र से संबंधित है।

# कंकरीट का जंगल भी हो जाएगा हरा-भरा

**संजय राय।** नई दिल्ली

● अर्बन फार्मिंग से सुधरेगी दिल्ली की फिजा, घर में उगेंगी सब्जियां, फल व फूल

● वार्ड स्तरीय पर्यावरण कार्य योजना बनाने वाला देश का पहला राज्य बनेगा दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में बढ़ते कंक्रीट के जंगल को हरियाली में बदलने के लिए सरकार ने नई पहल की है। शहर में वाहनों, उद्योगों व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से निपटने की सख्त जरूरत है, पौधरोपण के लिए जगह की कमी है। इसके मद्देनजर दिल्ली सरकार ने अब अर्बन फार्मिंग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। इसके तहत घरों की छतों पर जहां सूरज की रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था है, वहां पौधे लगाने और सब्जियां उगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

लोगों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण विभाग ने 25 अप्रैल को दिल्ली सचिवालय में मेगा राउंड टेबल कांफ्रेस बुलाई है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सर्दियों में राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। यहां खेती योग्य भूमि लगातार कम हो रही है। साथ ही कंक्रीट के भवनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में पौधरोपण के लिए जमीन की कमी हो जाएगी। इसलिए सरकार ने अर्बन फार्मिंग का कांसेप्ट तैयार किया है।

इस योजना में लोग अपने घरों की छतों, बॉलकनी और बरामदों आदि में अपने रोजमर्रा की सब्जियां व फल, फूल इत्यादि का उत्पादन कर सकते हैं। ( शेष पेज 9 )

### तीन सौ वार्डों में प्रशिक्षण दिया जाएगा

**पर्यावरण** मंत्री ने बताया कि सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक के बाद दो बातें उभर कर आई हैं, जिस पर रांउड टेवल कांफ्रेंस में चर्चा की जाएगा। पहला यह कि पूसा इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर दिल्ली के अंदर करीब 300 वार्डों में लोगों को अर्बन फार्मिंग के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरा, एक व्यवस्थित तरीके से लोगों को इस अभियान से जोड़ने, उनको जागरूक करने और उनके ट्रेनिंग की निगरानी के लिए दिल्ली पर्यावरण संरक्षण समिति का गठन किया जाएगा। पर्यावरण मंत्री की सलाहकार रीना गुप्ता ने कहा कि यह पहल दिल्ली के शहरी परिदृश्य को कंक्रीट से हरियाली में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# पानी में तैरता पौधा, नाव की तरह कराएगा सवारी

● नोएडा बोटैनिकल गार्डन में लगेगा दुनिया का सबसे बड़ा पौधा

**रिंकू यादव।** नोएडा



**नोएडा** के बोटैनिकल गार्डन में एक ऐसा पौधा आने वाला है, जिस पर एक साथ कम से कम दो लोग या चार बच्चे आराम से बैठ सकते हैं। यह पौधा 120 किलो का वजन थाम सकता है। नई-नई वैरायटी के पौधों के लिए अलग पहचान रखने वाला बोटैनिकल गार्डन यह पौधा आने से और भी खास हो जाएगा। गुयाना का राष्ट्रीय फूल वाला यह पौधा भारत में अभी तक सिर्फ कोलकाता के बोटैनिकल गार्डन में ही है।

नोएडा बोटैनिकल गार्डन की वैज्ञानिक डॉ. शिव कुमार का कहना है कि इस पौधे का नाम विक्टोरिया एमाजोनिक है। सबसे पहले यह पौधा सन 1801 में ब्राजील की अमेजन नदी में देखा गया था। यह पौधा इतनी क्षमता रखता है कि एक बार में अपने ऊपर 120 किलोग्राम का वजन सह सकता है। इस पौधे की एक नहीं अनेक खासियतें हैं। इस पौधे में काफी मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। विक्टोरिया में जिंक, आयरन और मिनरल काफी अधिक मात्रा में पाया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस पौधे के फूल पर अप्रैल-मई में बीज बन जाता है। खास बात है कि पौधे का सर्दी के पहले महीने में पहली रात को फूल सफेद रंग का होता है और दूसरी रात को गुलाबी हो जाता है। उसके बाद तीसरी रात को इसका फूल पानी में अंदर चला जाता है, जिसके बाद फूल को गोताखोर निकालते हैं।

एक पौधे में 500 से ज्यादा बीज हो जाते हैं और बीज फूल के बीच में होता है। बताया जाता है कि इंग्लैड की महारानी विक्योरिया को यह भेंट किया गया था। तभी से इसका नाम विक्टोरिया एमाजोनिका पड़ा है। करीब 100 वर्ष पहले इसे भारत में कोलकाता के बॉटेनिकल गार्डन में लाया गया था। इसकी पत्ती का व्यास अधिक होने के कारण इसकी खेती नहीं की जाती है, क्योंकि यह पानी में जगह अधिक घेरता है। इसके बीज को मखाने की तरह ही खाया जाता है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 मार्च 2022



# पहले जेवर, फिर दादरी और सबसे बाद में आएगा नोएडा सीट का रिजल्ट

## सुबह आठ बजे शुरू होगी मतगणना, पहले बैलेट पेपर की होगी गिनती


फाइल फोटो

| सीट | मतदान केंद्र | मतदान बूथ |
|---|---|---|
| नोएडा | 161 | 755 |
| दादरी | 203 | 665 |
| जेवर | 202 | 420 |
| कुल योग | 566 | 1840 |

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिला प्रशासन ने 10 मार्च को होने वाली मतगणना की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार नोएडा और दादरी विधानसभा सीट की मतगणना के लिए 20-20 टेबल लगाई जाएंगी। जबकि दादरी सीट में काउंटिंग के लिए 14 टेबल लगाई जाएंगी। टेबल बढ़ाए जाने के कारण मतगणना में जुटे कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ जाएगी। इससे मतगणना का परिणाम दोपहर 2 बजे तक आने की संभावना है। सबसे पहले जेवर, फिर दादरी और सबसे बाद में नोएडा विधानसभा सीट का परिणाम घोषित किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि फेज-2 स्थित फूलमंडी में 10 मार्च को होने वाली मतगणना की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। सुबह 8:00 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। सबसे पहले बैलेट पेपर की गिनती की जाएगी। सुबह 8:30 बजे ईवीएम मशीनों से मतगणना शुरू करा दी जाएगी। इस बार 1840 बूथ बनाए गए थे। इस कारण नोएडा और दादरी सीट की मतगणना के लिए टेबल की संख्या 14 से बढ़ाकर 20-20 कर दी गई हैं। साथ ही एक कमरे में 10-10 टेबल लगाई जाएंगी। जबकि जेवर विधानसभा सीट में वोटों की गिनती पहले की तरह 14 टेबल पर होगी।

उन्होंने बताया कि अभी तक परिणाम को पहले मैनुअल तैयार किया जाता था और फिर एक्सल सीट पर बनाया जाता था। लेकिन इस बार चुनाव आयोग के एप पर अपलोड किया जाएगा। इससे कर्मचारियों का कार्य भी परिणाम घोषणा के बाद ही खत्म हो जाएगा। जबकि पिछली बार मतगणना से कर्मचारी रात 11 बजे के बाद फ्री हो पाए थे। प्रशासनिक अफसरों ने बताया कि तीनों विधानसभा में करीब 3000 सर्विस मतदाता हैं। इन मतदाताओं के मत की मतगणना करने के लिए हर विधानसभा में रिटर्निंग अफसर के पास एक अलग से टेबल लगेगी। ताकि पोस्टल बैलेट के बार कोड का मिलान किया जा सके।

### स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरे बंद होने की जांच शुरू

**सपा प्रत्याशी ने मामले में की थी अधिकारियों से शिकायत**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

फूलमंडी स्थित स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे बंद होने के प्रकरण में प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं।

उधर नोएडा विधानसभा सीट से सपा प्रत्याशी सुनील चौधरी ने इस घटना के बाद स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ा दी है। उन्होंने कहा है कि वह स्वयं भी फूलमंडी में अधिक समय देना शुरू कर देंगे। सपा प्रत्याशी सुनील चौधरी ने स्ट्रांग रूम में बिना आंधी-बरसात के सीसीटीवी कैमरे बंद होने पर संदेह जताया था। मामले की शिकायत मिलते ही अधिकारियों के इसकी जांच शुरू कर दी।

एडीएम वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि स्ट्रांग रूम के पास सभी प्रत्याशियों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद हैं। जिस समय सीसीटीवी कैमरे कुछ क्षण के लिए बंद हुए थे, उस समय राजनीतिक दलों के एजेंट मौजूद थे। उन्होंने लिखित में इस बात पर सहमति दी थी कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। बल्कि कुछ समय के लिए सीसीटीवी कैमरे बंद हो गए थे। हालांकि इस प्रकरण की जांच के लिए संयुक्त रूप से कमेटी गठित कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि मौके पर अर्धसैनिक बल तैनात हैं। ऐसे में किसी तरह की गड़बड़ी की आशंका नही है। उधर, सपा ने रविवार से दो कार्यकर्ताओं के स्थान पर चार एजेंट तैनात कर दिए गए हैं। जो लगातार स्ट्रांग रूम पर नजर बनाए हुए हैं।

# कंधे पर लटके दोस्त के बैग में विस्फोट, अफरा-तफरी

**हादसे में बुरी तरह झुलस गया युवक**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले के बहलोलपुर पुश्ता रोड पर बैग में विस्फोट के फटने से हादसा हुआ। पुश्ता रोड पर एक युवक अपने दोस्त के साथ सब्जी खरीद रहा था। तभी अचानक उसकी पीठ पर टंगे बैग में विस्फोट हो गया। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सेक्टर-63 चोटपुर कॉलोनी में कपिल किराए के मकान में रहता है। मूल रूप से कपिल हरदोई का रहने वाला है। कपिल सेक्टर-63 की एक कंपनी में काम करता है। शनिवार रात को कंपनी में काम करने के बाद कपील अपने किराए के मकान पर लौट रहा था। रास्ते में बेहलोलपुर पुश्ता रोड पर सब्जी लेने के लिए रुका। तभी कपिल के एक दोस्त ने उसे अपना बैग थोड़ी देर के लिए रखने के लिए दिया। कपिल ने बैग को अपने कंधे पर टांग लिया और दोनों सब्जी खरीदने लगे कुछ देर बाद ही बैग में विस्फोट हो गया। विस्फोट की वजह से कपिल काफी ज्यादा घायल हो गया। विस्फोट होने के बाद लोगों में भगदड़ मच गई।

घटना की सूचना सेक्टर.63 पुलिस को दी गई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि विस्फोट के मामले में सभी विशेषज्ञ से बात की गई। बैग को जांच के लिए भेजा गया है। घायल युवक के दोस्त को थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। जिसके बाद ही स्पष्ट किया जाएगा की बैग में क्या था।

# दिल्ली पुलिस में तैनात शख्स ने कुत्ते को पीटकर मार डाला

**सिर्फ भौंकने के कारण दी सजा**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले में एक मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने कुत्ते को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

सोमवार सुबह जब इस घटना का लोगों को पता चला तो घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिल्ली पुलिस में तैनात है। आरोपी विनोद कुमार सेक्टर-44 में रहता है। सेक्टर-39 थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी विनोद सेक्टर-44 छलेरा में रहता है। जब वह अपने घर से निकलता था, तब एक आवारा कुत्ता उसे देखकर रोजाना भौंकता था। कुत्ते के भौंकने से परेशान होकर आरोपी ने बीते रात डंडों से कुत्ते को पीट-पीटकर हत्या कर दी।

## संक्षिप्त समाचार


सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के पास नाले में गिरा ट्रक।

### अनियंत्रित होकर नाले में गिरा ट्रक

**नोएडा।** सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार की सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। एक ट्रक अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरा। हालांकि, ट्रक चालक ने चलते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई है। बताया जा रहा है कि चलते ट्रक से कूदने के कारण ट्रक चालक को चोट आई है। मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा सोमवार सुबह नोएडा फेस-2 थाना क्षेत्र अंतर्गत हुआ है। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि यह सिंगल रोड है जहां एक तरफ नाला है। शख्स ने बताया कि सेक्टर-82 की तरफ से तेज रफ्तार में एक ट्रक आ रहा था, जैसे ही ट्रक सेक्टर.81 मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचा तो उसके सामने अचानक से एक वाहन आ गया। जिस को बचाने के चक्कर में यहा हादसा हुआ।


ग्रेटर नोएडा में शहर के स्वच्छता की शपथ लेते सेक्टरवासी।

### सेक्टर वासियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**नोएडा।** वर्क टू डस्टबिन अभियान के जरिए स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की मुहिम रंग लाने लगी है। रविवार को सेक्टर अल्फा-2 के निवासियों ने अपने सेक्टर के साथ ही ग्रेटर नोएडा शहर को स्वच्छ बनाने की शपथ ली। साथ ही कूड़े को खुद से सेग्रिगेट करने के लिए चार डस्टबिन रखने का वादा किया। दरअसल, प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा को पूर्ण स्वच्छ बनाने के लिए आवासीय और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर वॉक टू डस्टबिन के नाम से मुहिम छेड़ी है। इस अभियान में लोगों को जागरूक करने, कूड़ा सिर्फ डस्टबिन में फेंकने, गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने और नालियों को रिपेयर करने तक की गतिविधि शामिल है। निवासियों ने सेक्टर के साथ ही ग्रेटर नोएडा को साफ-सुथरा रखने कूड़ा इधर-उधर न फेंकने, घरों में चार डस्टबिन रखने और पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने की शपथ ली।

### एसओजी टीम पर हमला करने वाला आरोपी दबोचा



**गाजियाबाद।** जनपद पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम को लंबे समय से चकमा दे रहे मोटू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मोटू एसओजी टीम पर हमले का मुख्य आरोपी है। गाजियाबाद पुलिस ने बंगाली कॉलोनी निवासी मोटू को दिल्ली से हथियार और चोरी की वैगनआर कार के साथ पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मोटू साहिबाबाद के विक्रम एन्क्लेव की बंगाली कॉलोनी में एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल की एसओजी टीम पर हमला करने का मुख्य आरोपी है। घटना के बाद से पुलिस टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी। मोटू पर पुलिस ने 20000 रुपए का इनाम भी घोषित किया था।

# दुकान में तंमचा दिखाकर व्यापारी को लूटा

## सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान कराने में जुटी पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गोविंदपुरी स्थित सेनेटरी व हार्डवेयर की दुकान में तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर व्यापारी को बंधक बनाकर 30 हजार रुपये लूट लिए।

घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है। विरोध करने पर बदमाशों ने व्यापारी को तमंचे के बट से पीटा भी। अपनी जान बचाने के लिए व्यापारी ने गल्ले में रखे रुपये बदमाशों को दे दिए। वारदात को अंजाम देकर बदमाश आसानी से फरार हो गए। इस पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।


वारदात के समय सीसीटीवी कैमरे में कैद बदमाशों की तस्वीर।

पुलिस केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही मोदीनगर में 43 लाख की चोरी हो चुकी है। बढ़ रही घटनाओं में कहीं ना कहीं पुलिस की शिथिलता ही सामने आ रही है।

बिसोखर के रहने वाले संदीप चौधरी की गोविदपुरी में हरमुखपुरी गेट नंबर दो के पास सेनेटरी व हार्डवेयर की दुकान है। रविवार देर शाम वे दुकान पर बैठे थे। इस बीच तीन युवक उनकी दुकान में आए और तमंचा निकालकर उन पर सटा दिया।

### बुजुर्ग व्यक्ति की गला दबाकर हत्या

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के हबीबपुर में सोमवार की सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। हबीबपुर गांव में रहने वाले एक 70 वर्षीय व्यक्ति की सोमवार तड़के गला दबाकर हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के बाद परिजनों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

ईकोटेक-3 प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि गांव हबीबपुर में रहने वाले जीतू उर्फ जीत सिंह (70 वर्ष) पुत्र रामजीलाल अपने घर पर मृत अवस्था में पड़े हैं। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि व्यक्ति के गले पर निशान है। प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनकी गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतक के पारिवारिक विवाद हैं।

# अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि थाना सूरजपुर क्षेत्र के रूपबास गांव तिराहे के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार धर्मेंद्र 25 तथा जितेंद्र 35 गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रवक्ता ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि दोनों शराब के नशे में थे तथा मोटरसाइकिल पर गलत दिशा में जा रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि थाना बीटा-2 क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में अनीश खान 42 की मौत हो गई जबकि थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में हुए एक अन्य सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई।

### नकली नोट छापने वाला युवक गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने रविवार को जाली नोट छापने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया। यह व्यक्ति अपने घर के अंदर की जाली नोट छापा करता और साथ ही उन्हें बाजार में भी खपाया करता था। जिसकी सूचना मिलते ही नोएडा सेक्टर.24 थाना पुलिस ने व्यक्ति को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने गिरफ्तार शख्स के कब्जे से 4750 रुपए के नकली नोट, 590 रुपए असली नोट, 90 पेपर प्रिंटेड नकली नोट, 198 आधे छपे नोट, प्रिंटर और रिम कागज बरामद किया है।

# महिला हिंसा रोकने को बनेंगी कमेटियां

**प्रत्येक घटना पर रखी जाएगी नजर**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

महिलाओं को हिंसा से बचाने के लिए महिला एवं बाल कल्याण विभाग नई पहल करने जा रहा है। इसके लिए विभाग की ओर से प्रत्येक गांव और वार्ड में कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी के सदस्य महिलाओं के साथ होने वाले हिंसा के मामलों पर नजर रखेंगे। इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

अभी तक गाजियाबाद जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में बच्चों के अधिकारों का हनन रोकने के लिए बाल संरक्षण कमेटियों का गठन किया गया है। मगर अब महिलाओं के अधिकारों के साथ-साथ उन्हें अपराध से बचाने के लिए महिला कल्याण विभाग ने योजना तैयार कर ली है। महिला एवं बाल कल्याण अधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि महिलाएं आए दिन घरेलू और बाहरी हिंसा की शिकार होती हैं।

इनमें से कई महिलाएं घर-परिवार की इज्जत की वजह से अपने साथ हुए अपराध की शिकायत नहीं कर पाती हैं, जिससे उनके साथ बड़ी घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर डर बना रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के प्रत्येक गांव और शहर के हर एक वार्ड में महिला संरक्षण कमेटी का गठन किया जाएगा।

कमेटी के सदस्य अपने क्षेत्र में घटित होने वाली घटनाओं की जानकारी महिला कल्याण विभाग को देंगे। इसके आधार पर विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करेगी। इससे महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने में कायमाबी मिलेगी।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, दूसरी मंजिल, रोड नंबर 1 प्लॉट नंबर- बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे, महाराष्ट्र- 400604

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अक्षय वर्मा और नीता वर्मा- LBBHP00003702792 | फ्लैट नंबर- ए-404, ब्लॉक-ए, ओलान पार्क सिटी, कटारा हिल्स, खसारा नंबर 106/2, 106/1, 125 और 107, भोपाल- 462 015/ 03 मार्च, 2022 | अप्रैल 11, 2019 ₹ 38,01,074.00/- | भोपाल |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 08, 2022
स्थान: नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जयश्री शर्मा/ राजेश शर्मा/ प्रेम जी शंकर शर्मा/ LBGUR00003967305 | फ्लैट नंबर ए- 301, तीसरी मंजिल, ए विंग, हरि आंगन ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट, ग्राम देवलाली, नाशिक/ मार्च 04, 2022 | जून 19, 2021 ₹ 26,80,999/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 08, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**NOTICE**

IT is for general information that I, AANCHAL KHANNA D/o SH. BALRAM MAGO, Ex-wife of PANKAJ KHANNA, R/o 209, 2nd Floor, Avtar Enclave, Paschim Vihar, New Delhi-110063 declare that I got divorce from my husband PANKAJ KHANNA vide Court Decree HMA No.41/2013 dated 12/03/2013. Further, I remarried with RAJEEV KUMAR RAJPUT S/o SH. AVINASH CHANDER RAJPUT, R/o 231, POCKET G-23, SECTOR 7, ROHINI, DELHI-110085 vide Marriage Certificate No.9073000050142 dated 04/05/2018. Henceforth, I have changed the name of mine and my minor daughter AASHNA KHANNA, aged 17 years and we shall hereafter be known as ANCHAL MAGO and AASHNA RAJPUT respectively and also the name of father of my minor daughter may be known as RAJEEV KUMAR RAJPUT in future for all purposes.

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that my clients Sh. Sawinder Singh Rekhi S/o Late Sh. Balwant Singh Rekhi, Age 69 years and Mrs. Gurbir Kaur Rekhi w/o Sh. Sawinder Singh Rekhi Age 64 years both R/o Flat No- KC-40B. KC Block, Ashok Vihar, Phase-I, New Delhi-110052 have disowned and disinherited their son Sh. Sukhpreet Singh Rekhi and his wife Smt. Satinder Kaur Dheeran from all their movable and immovable Properties and also Severed all their relations owing to their rude, Indifferent and Unruly behaviour. Whosoever deals with them in any manner shall be doing so at his/her/their own risks and consequences.

**Vardaan Dhawan & Associates (Advocates)**
1840, 1st Floor, Noor Ganj,
Azad Market, Delhi-110006.
Mobile No. 9953309393


# ग्रामीण उत्पादों का ई-मार्केटिंग से प्रचार करने के सिखाए गुर

## सरस मेले में कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल और पश्चिम बंगाल के उत्पादों पर उमड़े खरीदार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर 33ए नोएडा हाट में सरस मेले के दौरान सोमवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित मेले में राष्ट्रीय ग्राम विकास एवं पंचायती राज संस्थान ने सभी राज्यों के स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को ई मार्केटिंग तथा सोशल मीडिया के जरिए प्रमोट करने के तरीके बताए। यहां रश्मि परमार ने सभी को फोन पे, गूगल पे तथा पेटीएम से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने सभी को फेसबुक, इंस्टाग्राम तथा अमेजॉन सहेली की भी जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर रुचिरा भट्टाचार्य ने किया।

इस अवसर पर संस्थान के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया, शोध अधिकारी सुधीर कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रामगोपाल तथा सुरेश प्रसाद आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला में 78 सहायता समूहों ने भाग लिया।



सरस मेले के दसवें दिन कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल तथा पश्चिम बंगाल के उत्पादों की जमकर खरीदारी हुई। कर्नाटक में विजयनगर की शारदा बाई द्वारा संचालित श्री सेवालाल स्वयं सहायता समूह के उत्पाद नोएडा वासियों को खूब पसंद आ रहे हैं। जिनमें लंबानियां ड्रेस हाथ की बनी हैंड पर्स, बैग तथा काटन व लेदर के पर्स शामिल है। सुकन्या द्वारा संचालित श्री शारदा देवी स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में वुडन टॉयज तथा हैंड वर्क शामिल हैं। श्रीराम आत्मा स्वयं सहायता समूह ने यहां हेयर ऑयल, कॉपर ब्रास, हैंड बैंड, पीनट कोकोनट तथा मस्टर्ड ऑयल को मेले में उतारा है। रामनगर की स्वाति शालिनी ने महालक्ष्मी सरस्वती स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हर्बल हेयर प्रोडक्ट्स को मेले में उतारा है। इनके उत्पादों में हैंडीक्राफ्ट ब्रेसलेट, रिंग, कड़े माइग्रेन ऑयल, जंगली लहसुन तथा अदरक से बना बॉडी पैन आयल शामिल है।

महाराष्ट्र के कोल्हापुर से शीतल सागर महालक्ष्मी स्वयं सहायता समूह का संचालन करती है। इनके उत्पादों में कोल्हापुरी लेदर चप्पल शामिल हैं। कोल्हापुर से ही माधुरी सतपुति के अदिति महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में लेदर की बेल्ट तथा बैग शामिल हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राजधानी की सड़कों पर उतरीं 100 नई सीएनजी बसें

## परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने आईपी एक्सटेंशन डिपो से किया रवाना, सफर होगा आसान

● दूसरी इलेक्ट्रिक बस भी डीटीसी बेड़े में हुई शामिल





पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए दिल्ली की सड़कों पर सौ सीएनजी बसें और दौड़ेंगी। दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में इन बसों के शामिल होने से आम लोगों का सफर और आसान हो जाएगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने सोमवार को आईपी डिपो से 100 लो-फ्लोर एसी सीएनजी बसों और एक इलेक्ट्रिक बस को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसके बाद डीटीसी के बेड़े में अब बसों का आंकड़ा 7000 के पार पहुंच गया है। राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। शामिल की गई नई बसें घुमनहेड़ा डिपो से विभिन्न ट्रांजिट सेंटर जैसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, आनंद विहार आईएसबीटी समेत अन्य रुटों पर चलेंगी। कैलाश गहलोत ने परिवहन विभाग, दिल्ली परिवहन निगम और दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम लिमिटेड के अधिकारियों के साथ इंद्रप्रस्थ डिपो से नई लो-फ्लोर एसी सीएनजी बसों और एक नई इलेक्ट्रिक बस को रवाना किया। इसी के साथ सार्वजनिक बस बेड़े में बसों की संख्या 7001 हो गई है। इससे पहले, बसों की अधिकतम संख्या वर्ष 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान थी जब बसों की कुल संख्या ने 6,000 का आंकड़ा पार किया था। सरकार की कोशिश है कि दिल्ली वालों को बसों का इंतजार ज्यादा देर न करना पड़े। साथ ही साफर भी आसान हो। मंत्री ने दावा किया कि दिल्ली की बसें अब देश में सुरक्षित, सुलभ और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था की मिशाल हैं। जनवरी 2022 में ही सरकार ने अपने परिवहन बेड़े में 200 से अधिक नई बसें शामिल की थीं, जिनमें 2 नई इलेक्ट्रिक बसें भी शामिल हैं जो प्रदूषण मुक्त हैं। इसके अलावा, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए, दिल्ली सरकार बड़े पैमाने पर और अधिक सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसें जोड़ेगी। सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए, ये सभी बसें रीयल टाइम ट्रैकिंग, सीसीटीवी, पैनिक बटन और अलग-अलग दिव्यांग अनुकूल रैंप इत्यादि जैसी सुविधाओं से लैस हैं। इसके अलावा, 500 और बसों, जिनमें इलेक्ट्रिक और सीएनजी दोनों ही शामिल हैं को जल्द ही बेड़े में शामिल किया जाएगा।

पिछले महीने दिल्ली परिवहन निगम बोर्ड ने 1500 नयी ई-बसों की खरीद को मंजूरी दी थी। दिल्ली सरकार ने पुरानी हुई बसों के बेड़े से सिलसिलेवार हटाने के क्रम में अतिरिक्त 1000 ई-बसों और क्लस्टर बेड़े में 240 ई-बसों को शामिल करने की योजना बनाई है। विभाग इन नई बसों को समायोजित करने के लिए अपने सभी मौजूदा और नए डिपो के विद्युतीकरण की प्रक्रिया में भी है। नई डीटीसी इलेक्ट्रिक बसों सर्कुलर रूट के रूप में रूट ई44 (-) पर चलेगी। जो आईपी डिपो, प्रगति मैदान, हाई कोर्ट, इंडिया गेट, जंगपुरा, भोगल, आश्रम, दक्षिण एक्सटेंशन, रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, पृथ्वीराज रोड, राजेश पायलट रोड, जनपथ, कनॉट प्लेस, बाराखंभा रोड, मंडी हाउस, तिलक मार्ग, आईटीओ, एजीसीआर मार्गों को कवर करेंगी।

### घुमनहेड़ा डिपो से चलने वाली बसें

रुट नंबर 918 कमरुद्दीन नगर टर्मिनल से दिल्ली सचिवालय, 966 कमरुद्दीन नगर टर्मिनल से निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, 980 कमरुद्दीन नगर से केंद्रीय टर्मिनल, 910 सैय्यद गांव से शिवाजी स्टेडियम, जीएल-91 - मुंडका गांव (मेट्रो स्टेशन) से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन गेट नंबर 2, 518 उत्तम नगर टर्मिनल से निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, 546 उत्तम नगर टर्मिनल से हमदर्द नगर, 939 मंगोलपुरी क्यूब्लॉक से आनंद विहार आईएसबीटी, 628 उत्तम नगर टर्मिनल से सफदरजंग टर्मिनल, 235 वजीरपुर जेजे कॉलोनी से नंद नगरी टर्मिनल।

# आश्रम चौक पर अंडरपास 22 मार्च से खुलेगा

● निर्माण कार्य अंतिम चरण में, जाम से जल्द मिलेगी निजात : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रिंग रोड आश्रम चौक पर घंटों लगने वाले जाम से जल्द राहत मिलेगी। आश्रम चौक पर चल रहे अंडरपास का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण में है। अगले दो हफ्तों में बन कर तैयार हो जाएगा।

प्रगति मैदान अंडरपास का निर्माण कार्य भी मई तक और आश्रम चौक लाईओवर का निर्माण कार्य अगस्त तक हो जाएगा पूरा

इसके बाद यह अंडरपास 22 मार्च से आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। सोमवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ यहां के निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

इसके साथ ही निर्माणाधीन आश्रम फ्लाईओवर व प्रगति मैदान के पास बन रहे अंडरपास के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद मनीष सिसोदिया ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान लॉकडाउन की वजह से पिछले साल आश्रम अंडरपास के निर्माण कार्य को कई बार रोकना पड़ा। इससे काम को पूरा होने में देरी हुई है लेकिन अब बनाने का काम अंतिम चरण में चल रहा है और 15 दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा। 22 मार्च से इस अंडरपास को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इससे आवागमन शुरू होने पर रोजाना लाखों लोगों को फायदा होगा।

सिसोदिया ने अधिकारियों के साथ आश्रम फ्लाईओवर व प्रगति मैदान से निजामुद्दीन के बीच चल रहे अंडरपास के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की व संबंधित अधिकारियों को तेजी के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए ताकि लोग जल्द इन रास्तों का प्रयोग कर सके। आईटीओ, रिंग-रोड, केन्द्रीय सचिवालय, इंडिया गेट, सेंट्रल दिल्ली जाने के लिए रोजाना लाखों लोग इन रास्तों का प्रयोग करते है।

# जल्द ही ट्रेक पर होंगी कई चालक रहित मेट्रो ट्रेनें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो ने अपने नेटवर्क के विस्तार के तहत, चौथे चरण में आने वाली सिल्वर लाइन सहित 52 नई ट्रेनों का अधिग्रहण करने की योजना बनाई है, जो पूरी तरह से अनअटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन (यूटीओ) के अनुरूप होंगी। अनअटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन का मतलब है कि ट्रेनों का संचालन चालकों के बिना होगा।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। डीएमआरसी के अधिकारियों के मुताबिक 39 ट्रेनें मौजूदा पिंक लाइन (मजलिस पार्क-शिव विहार) और मैजेंटा लाइन (बॉटैनिकल गार्डन-जनकपुरी पश्चिम) के लिए होंगी जबकि शेष ट्रेनें सिल्वर लाइन अथवा लाइन-10 के लिए होंगी। लाइन-10 का निर्माण एयरोसिटी और तुगलकाबाद के बीच किया जा रहा है। डीएमआरसी के अधिकारी ने कहा, इसके लिए निविदाएं बहुत पहले मंगाई गई थीं और यह प्रक्रिया में है। लेकिन, अभी तक निविदा नहीं दी गई है।

साथ ही, खरीदी जाने वाली ए सभी 52 ट्रेनें यूटीओ-मोड ट्रेनें होंगी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 दिसंबर, 2020 को दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाइन (लाइन-8) पर भारत की पहली चालक रहित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर इस प्रकार की ट्रेनों के संचालन का उद्घाटन किया था। इसके अलावा 59 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन (लाइन 7) पर चालक रहित ट्रेन का संचालन पिछले साल 25 नवंबर से शुरू किया गया था जो डीएमआरसी के इतिहास में एक और मील का पत्थर साबित हुई है।

# केजरीवाल सरकार के 6 स्कूलों को अनूठे इनोवेशन के लिए मिला अवार्ड

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार ने त्यागराज स्टेडियम में दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्कूलों को 'एक्सीलेंस इन एजुकेशन' अवार्ड देकर सम्मानित किया। साल 2020 के लिए अवार्ड की विभिन्न कैटोगरी में 48 स्कूलों व साल 2021 के लिए 45 स्कूलों का चयन किया गया, साथ ही समारोह में कक्षा 10वीं व 12वीं के 276 टॉपर स्टूडेंट्स को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 'शिक्षक राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़े भागीदार होते हैं। वे अपने काम से हज़ारों जिंदगियों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना के मुश्किल दौर में भी टीचर्स ने जिस जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाते हुए 'लर्निंग नेवर स्टॉप' का संदेश दिया वो वाकई में काबिले तारीफ़ था। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली का शिक्षा मॉडल केवल लीडरशिप का मॉडल नहीं है बल्कि 'टीम एजुकेशन' के सामुहिक प्रयासों का परिणाम है। बाबा नन्हे नाथ सर्वोदय कन्या विद्यालय खेरा कलां को दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ सरकारी स्कूलों में से एक के रूप में 'गार्डन ऑफ़ फाइव सेंसेज' के अनूठे विचार के लिए सम्मानित किया गया था।



# जन औषधि योजना से देश में स्वास्थ्य क्रांतिः मांडविया

● योजना से लोगों को मिल रही हैं सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां : गुप्ता




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन औषधि दिवस के उपलक्ष्य में वर्चुअल संबोधन का आयोजन गोविंदपुरी में किया गया जिसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पीएम ने जन औषधि केंद्र के मालिकों और योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की।

इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और सांसद रमेश बिधूड़ी समेत अन्य नेता व पदाधिकारी मौजूद थे। गोविंदपुरी में जन औषधी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मनसुख मांडविया ने कहा कि आज जन औषधी योजना महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह योजना देश में एक मौन क्रांति के रुप में हम सबके सामने आई है।

उन्होंने बताया कि इस जन औषधि योजना के तहत कई युवाओं को रोजगार भी मिला है। योजना माध्यम से कोई भी जिसके पास मेडिकल स्टोर खोलने का सर्टिफिकेट हो, एक सिंगल पेज फॉर्म भरने मात्र से वह जन औषधि केंद्र खोल सकता है क्योंकि इसकी प्रक्रिया बहुत ही आसान है। जन औषधि परियोजना आम जन को सस्ती एवं उत्तम दवाईयां उपलब्ध करवा रही हैं। मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का साथी बन चुका है।



पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 मार्च, 2022



# कोमल है कमजोर नहीं तू, शक्ति का नाम ही है नारी

## जग को जीवन देने वाली मौत भी तुझसे हारी है...






*शक्ति की प्रतीक नारी, परिवार के निर्माण के साथ समाज को एकसूत्र में बांधने का भी काम करती है। अपने परिजनों के कल्याण की कामना के साथ आसपास के वंचित, शोषित व जरूरतमंद लोगों की पीड़ा को दूर करने की सद्इच्छा उसके ममत्व का अप्रीतम उदाहरण है। अनंत ऊर्जा की स्रोत स्त्री मां, बहन और पत्नी बनकर सभी के उन्नयन में सहयोग करती है, तो कभी मार्ग दर्शक बनकर समाज को बंधुत्व, विश्वास, समरसता, सहायता का संदेश देती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 6 ऐसी नारी शक्ति के बारे में बता रहे हैं, जो महिलाओं को और सबल करने के साथ विधि, चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में योगदान करने के साथ सहायता और आत्मवविश्वास का भी संदेश दे रही हैं। आप सभी ने निस्वार्थ भाव से समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए अपनी तरफ से श्रेष्ठ योगदान किया। आप सभी ने विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से फल की इच्छा किए बिना कर्म किया, ताकि समाज में सभी को समान अवसर और समानता मिले। आप सभी का कार्य, सेवा देश निर्माण में महत्वपूर्ण है। एक छोटी सी पहल ना जाने कितने लोगों के जीवन को संवार नई दिशा दे सकता है, यह सब आप सभी के द्वारा किए प्रयासों से सार्थक होता दिख रहा है।*

*–पेश है अजीत तिवारी और ज़ाहिद अली की रिपोर्ट*

## सम्मान, सुरक्षा के साथ दे रहीं शिक्षा का उपहार


वरिष्ठ अधिवक्ता खदीजा फारूकी

देश की महिलाओं की सहायता में जुटी हुईं हैं। बसंत कुंज निवासी खदीजा फारूकी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने का छोटा सा प्रयास कब मुहिम बन गया इसका पता ही नहीं चला। पिछले 30 साल से महिलाओं के संस्थागत व कानूनी अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाली

**नई दिल्ली।** महिलाओं की सहायता के लिए दिल्ली सरकार की वर्ष 2013 में 181 हेल्प लाइन की शुरूआत कर 3.5 साल सफल संचालन करने वाली सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता खदीजा फारूकी पूरे व उनको हक दिलाने वाली सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता खदीजा फारूकी कहती हैं कि लगता है यह सब जैसे कल की बात है। वो बताती हैं कि 90 के दशक में वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह के साथ मानवधिकारों और महिला अधिकारों के संघर्ष से जुड़ी थीं। जो सिलसिला आज भी बदस्तूर जारी है।

खदीजा फारूकी ने कहा वर्तमान में हिमाचल प्रदेश से तिब्बती महिलाओं की सहायता के लिए हेल्प लाइन चला रही हैं, जिसके तहत पूरे देश में तिब्बती महिलाओं को कानूनी मदद व दूसरी मदद दी जा रही है। वहीं झारखंड में महिला हिंसा पर ग्रामीण स्तर स्थानीय अदालत लगाकर उनकी समस्या का समाधान का प्रयास जारी है। खदीजा बताती हैं कि इसके अलावा हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की उन लड़कियों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास है जिनकी शिक्षा किसी कारण से बाधित हो गई हो। इन बच्चियों को नेशनल ओपन स्कूल में दाखिला दिलवाकर इनकी शिक्षा पूरी की जा रही है।

### महिलाओं के लिए बनवाए ये कानून...

घर के अंदर होने वाली हिंसा पर कानून बनाने के लिए एक्शन इंडिया और लॉयर्स कलेक्टिव संस्था के साथ काम किया। जिसके बाद घरेलू हिंसा से सुरक्षा अधिनियम 2005 ड्राफ्टिंग प्रक्रिया में हिस्सेदारी रही।

सेक्सुअल ऑफेंस कानून में बदलाव, विशेषकर बलात्कार मामले में वर्ष 2000 में एक बिल ड्राफ्ट किया, जिसके बाद बलात्कार की परिभाषा बदली। 2013 में विशाखा गाइड लाइन– जिसके तहत दफ्तरों में महिला कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए कानून की ड्राफ्टिंग की। जिसके बाद क्रिमीनल ला अमेंडमेंट एक्ट स्टॉकिंग, फिजिकल और वर्चुअल ताकझांक करने एसिड अटैक को भी संगीन बनाया गया।

## एकला चलो-ज्ञान का प्रकाश फैलाने का प्रयास बना मुहिम


गीता मिश्रा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वसुंधरा के सेक्टर 3 में पिछले 14 साल से गरीब और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देने की कोशिश का सिलसिला अब कारवां बन चुका है। गीता मिश्रा ने जब अपने घर में काम करने वाली के 7 बच्चों को शिक्षा से वंचित देखा तो उनको पढ़ाना शुरू किया। जिसके बाद धीरे धीरे आप-पास के गरीब और जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाना शुरू किया। कोविड जैसे हालात के बाद भी वर्तमान में 160 बच्चे उनके यहां पढ़ने आते हैं।

बकौल गीता मिश्रा के अनुसार सुबह आठ बजे से पढ़ने पढ़ाने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहता है। छोटे छोटे समूह में बच्चे आकर पढ़ाई करते हैं। अभी 3 साल से क्लास 8 तक के लिए बच्चों को पढ़ा रही गीता मिश्रा ने बताया कि तेज बच्चों की आगे भी पढ़ाई जारी रहे इसके लिए 10वीं तक के पढ़ाने की तैयारी है। गीता मिश्रा ने बताया कि शुरूआती कुछ वर्षों में मॉडर्न कला एनजीओ से जुड़े बच्चों ने उनकी मदद की थी। अब इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए आसरा फांउडेशन के द्वारा आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं।

## रैंपवॉक पर लाने के साथ गृहणियों में भर रही आत्मविश्वास


तब्बसुम हक

**नई दिल्ली।** घर और बच्चों को संवारने में दुनिया से कट कर चारदीवारी में सिमटने वाली महिलाओं को रैंप पर लाकर आत्मविश्वास भरने का काम किया है तब्बसुम हक ने। अबतक 2000 से अधिक गृहणियों और कामकाजी महिलाओं को रैंप पर वॉक करवाने के साथ उनको ब्रेस्ट कैंसर और महिला स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक करने का भी काम किया है।

तब्बसुम हक बताती हैं कि घर-गृहस्थी और बच्चों की परवरिश करते करते महिलाओं को अपना ख्याल कहां रहता है। जब घर की गाड़ी रूक जाती है तब पता चलता है कि महिलाओं को भी कोई परेशानी है। गृहणियों को घर से रैंप तक लाना आसान नहीं था। यहां आने के बाद उनके सपनों को फिर से पंख लगे वहीं वे हमारे ट्रेनिंग सेशन के दौरान अपने स्वास्थ्य को लेकर भी जागरूक हुईं। डेजल इवेंट की सीईओ तब्बसुम बताती हैं कि अभी तक श्रीलंका, फिलिपींस, थाईलैंड समेत कुल 17 शो कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि फिट और खुबसूरत दिखने से जहां महिलाओं में आत्मविश्वास आता है वहीं उनका दुनिया को देखने का नजरिया और दायरा भी बढ़ता है।

## 'एक स्वस्थ नारी से ही समुचित दुनिया का निर्माण संभव'


उपासना अरोड़ा

**गाजियाबाद।** यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की निदेशिका डॉ उपासना अरोड़ा जीवन के अप्रत्याशित संघर्षों के बाद निज प्रेरणा से सफलता हासिल की है। अरोड़ा ने बताया कि वह आईएएस ऑफिसर बनना चाहती थी, लेकिन वक्त व हालात ने उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में उतार दिया। उनका मानना है कि हर परिवार में लड़के की बजाय लड़की पर सबसे अधिक ध्यान देने की जरूरत है। खासकर उसकी शिक्षा से लेकर उसके खानपान तक में भी कतई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को संदेश दिया कि मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें क्योंकि घर, व्यवसाय और जीवन चलाना तभी संभव है जब आपके पास सही मानसिकता हो।

## छोटी सी उम्र में सेवा के बड़े सपनों को साकार कर रही सना


सना श्रीवास्तव

**नई दिल्ली।** करियर बनाने की उम्र में रोहिणी निवासी सना श्रीवास्तव ने बताया कि कालेज के असाइनमेंट करने के दौरान जरूरतमंद कुछ महिलाओं की मदद कर उनको काम दिलवाने में मदद की थी।

सना ने बताया कि वर्ष 2018 से हैदरपुर में जरूरतमंद महिलाओं की मदद के साथ करीब 500 बच्चों की शिक्षा को मदद करने का अभियान शुरू किया था। कोविड के कारण इन बच्चों की शिक्षा प्रभावित होने पर उनके मोबाइल के लिए डेटा भी उपलब्ध कराया। कोविड के दौरान 200 महिलाओं को मास्क बनाने का काम दिलवाया। इसके साथ ही कई बच्चों की फीस भी मदद की। सना बताती हैं कि माई स्टोरी के नाम से शुरू किया गया उनके संगठन ने दिल्ली सरकार के पढ़ो और पढ़ाओ के तहत 100 से अधिक मेंटोर्स तैयार किए और ऐसे जरूरत मंद बच्चों को उनसे जोड़ा ताकि उनकी पढ़ाई जारी रहे। सना को इस काम लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पुरस्कृत भी किया था। सना के इन प्रयासों के साथ हैदरपुर क्लस्टर में 2000 हजार महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षा और सफाई अभियान के तहत लगातार मुफ्त में सेनेटरी नैपकिन दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## परिवार और पेशेवर काम के बीच रखा संतुलन


डॉ. तमन्ना नाज़ली

**नई दिल्ली।** पिछले दो साल से कोरोना का कहर आम लोगों को मौत की तरफ धकेलता रहा। एक तरफ एलोपैथिक के जरिए मरीजों को बचाने के तमाम जतन किए जा रहे थे तब एक वैकल्पिक पैथी के रूप में यूनानी दवाओं से इलाज की भी जरूरत महसूस की गई।

सफदरजंग अस्पताल में नियुक्त डॉ. तमन्ना नाज़ली ने इस विषय पर ईमानदारी और मेहनत से काम किया। पढ़े लिखे परिवार में जन्मीं नाज़ली के लिए कोरोना संक्रमण का समय आसान नहीं था। उनके पति भी राममनोहर लोहिया अस्पताल में यूनानी विभाग में इंचार्ज है।

दंपती ने विपरित समय में भी पेशावर काम को बखूबी अंजाम दिया। नाज़ली बताती है कि उनके यहां काम करने वाली महिला ने एकाएक काम छोड़ दिया। बाद में पता चला कि आसपास के समाज ने काम वाली महिला पर दबाव बनाया कि डॉक्टर परिवार के यहां काम करोगी तो बाकी घरों में काम छोड़ना पड़ेगा। यह कदम डॉ. तमन्ना के लिए काफी अफसोसजनक रहा, जब वो लोगों को बचाने के लिए काम कर रही थी तब समाज का ऐसा रवैया काफी अपमानित करने वाला था। तमन्ना ने यूनानी विषयों से जुड़े करीब 25 जर्नल लिखे है। प्रकाशित जर्नलों से मिली जानकारी काफी छात्र को लाभांवित कर रही है।

किसी भी महिला के लिए समाज में अहम मुकाम हासिल करना आसान नहीं होता। डॉ. नाज़ली ने एक महिला होने के कारण कई बार संघर्षों का सामना करना पड़ा। हालांकि वह हमेशा मानती है कि पेशेवर काम को अंजाम देने में उनके वरिष्ठ का सहयोग हमेशा मिलता रहा और वह लगातार अपने काम को अंजाम देती रही।

---

## पांच मार्च तक डेंगू के 42 मामले सामने आए



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में पिछले एक सप्ताह में डेंगू के तीन नए मामले सामने आए हैं। यह जानकारी नगर निकायने सोमवार को एक रिपोर्ट में दी।

शहर में 28 फरवरी तक डेंगू के 39 मामले दर्ज किए गए थे। मार्च के पहले सप्ताह में तीन नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली नगर निगम की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल पांच मार्च तक डेंगू के कुल 42 मामले दर्ज किए गए हैं।

मच्छर जनित रोगों के मामले आम तौर पर जुलाई और नवंबर के बीच सामने आते हैं, लेकिन यह अवधि दिसंबर के मध्य तक बढ़ सकती है। पिछले साल राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू के 9,613 मामले दर्ज किए गए थे जो 2015 के बाद से एक साल में दर्ज किए गए सर्वाधिक मामले थे। पिछले साल डेंगू से दिल्ली में 23 लोगों की मौत भी हुई थी।

### 2015 में राजधानी में डेंगू का व्यापक प्रकोप देखा गया

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 से पहले के वर्षों में डेंगू के मामलों की सं या-4,431 (2016), 4,726 (2017), 2,798 (2018), 2,036 (2019) और।,072 (2020) दर्ज की गई थी। वर्ष 2015 में शहर में डेंगू का व्यापक प्रकोप देखा गया था जब अक्टूबर में ही डेंगू के मामलों की संख्या 10,600 को पार कर गई थी।

## वृद्धावस्था पेंशन: पात्र लाभार्थियों की संख्या संबंधी सीमा पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वृद्धावस्था सहायता नियम 2009 के तहत पात्र लाभार्थियों की संख्या की निर्धारित सीमा को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी एन पटेल और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी किया। इस याचिका में दावा किया गया है कि निर्धारित सीमा लाभ के पात्र 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के वर्तमान संख्या अनुपात अनुरूप नहीं है।

याचिका में अधिकारियों को नियमों के तहत पेंशन की दर को संशोधित करने का निर्देश देने का भी आग्रह किया गया है। इसमें कहा गया है कि मौजूदा समय में हर महीने 2,000 रुपए की पेंशन मौजूदा मासिक खर्च को देखते हुए काफी कम है।

## दिल्ली सरकार ने शराब पर छूट बंद करने के फैसले का किया बचाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में शराब के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर किसी भी छूट पर रोक लगाने के अपने फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं का विरोध किया और दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि इससे (छूट से) अवैध शराब कारोबार को बढ़ावा मिल रहा था।

न्यायमूर्ति वी कामेश्वर राव ने दिल्ली सरकार और विभिन्न शराब लाइसेंस धारकों के वकील का पक्ष सुना। उन्होंने अंतरिम राहत के लिए याचिकाकर्ताओं के आवेदनों पर निर्णय को सुरक्षित रखा। याचिका में दिल्ली सरकार के आदेश को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि इससे कारोबार में कमी के कारण उन्हें अपूर्णीय क्षति हो रही है। दिल्ली आबकारी आयुक्त के 28 फरवरी के आदेश को याचिकाओं में चुनौती दी गई है। आबकारी आयुक्त ने अपने आदेश में शराब के एमआरपी पर किसी भी छूट या रियायत को बंद कर दिया था।

दिल्ली सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी और राहुल मेहरा ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि सरकार तब तक कदम नहीं उठाएगी जब तक कि डीलर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कारोबार करते हैं और उसने शराब का अवैध कारोबार होने का पता चलने पर ही कदम उठाया।

सिंघवी ने कहा कि छूट वाली योजनाओं के चलते दिल्ली और यूपी, दिल्ली और हरियाणा और दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के बीच शराब की खरीद-फरोख्त हो रही थी। मेहरा ने कहा कि नई आबकारी व्यवस्था में दिल्ली में सबसे सस्ती शराब है और जब सरकार को पता चला कि शराब की तस्करी हो रही है तो उसने कदम बढ़ाया।

## निजी स्कूलों में भी शुरू होंगे माइंडसेट करिकुलम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### मनीष सिसोदिया ने कहा, भविष्य के लिए तैयार होंगे स्कूली बच्चे

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में लागू होने के बाद तीनों माइंडसेट करिकुलम अब निजी स्कूलों में भी शुरू होगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को निजी स्कूलों में इसके कार्यान्वयन की आवश्यकता पर 1500 से अधिक प्राइवेट स्कूलों के टीचर्स-प्रिंसिपल्स के साथ चर्चा किया।

मनीष सिसोदिया ने प्राइवेट स्कूलों से अपील करते हुए कहा कि माइंडसेट करिकुलम को स्कूली पाठ्यक्रम की दिनचर्या में शामिल करके ही नए विचार-नए समाज वाले नए भारत का निर्माण किया जा सकता है। सिसोदिया ने कहा कि बच्चों को क्षमता बढ़ाने के लिए माइंडसेट करिकुलम को साइंटिफिक तरीके से अपनाना होगा। सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पिछले 7 सालों में दिल्ली में शिक्षा को लेकर जो काम किया है उसमें सबसे महत्वपूर्ण गवर्मेंट स्कूलिंग सिस्टम को ठीक करना रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के 1700 प्राइवेट स्कूल भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहे है।

हैप्पीनेस करिकुलम के महत्त्व को बताते हुए सिसोदिया ने कहा कि नर्सरी से 8वीं तक 10 सालों हर बच्चे के प्रैक्टिस में माइंडफुलनेस व मेडिटेशन शामिल हो जाए व हर बच्चा मेडिटेशन को अपनी जिन्दगी का अहम हिस्सा बना ले तो करिश्मा हो जाएगा। दिल्ली सरकार द्वारा शुरू



किए गए एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम के बारे में बताते हुए सिसोदिया ने कहा कि ईएमसी को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि ताकि हर छात्र अपने नॉलेज को वास्तविक जीवन में उपयोग कर सके। उन्होंने बताया कि ईएमसी की इकाइयों में छात्रों के लिए एंटरप्रेन्योर्स की सफलता की कहानियों को साझा करने के साथ-साथ उन्हें बहुत सी एक्टिविटीज भी करने को दी जाती है। इसमें एक माइक्रो-रिसर्च प्रोजेक्ट भी शामिल है। देशभक्ति करिकुलम के महत्त्व को साझा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के भीतर देशभक्ति की भावना होती है लेकिन वो कुछ मौकों पर ही झलकती है।

## उपमुख्यमंत्री ने किया स्कूल में क्लीनिक का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को मोती बाग इलाके के एक सरकारी स्कूल में एक स्वास्थ्य सुविधा क्लीनिक का उद्घाटन किया जो विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह क्लीनिक बच्चों के मानसिक कल्याण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए परामर्श सेवाएं भी प्रदान करेगा।

सिसोदिया ने मोती बाग के सर्वोदय कन्या विद्यालय में क्लीनिक के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि मैंने विभिन्न देशों के विद्यालयों को देखा है, यह अवधारणा कहीं नहीं है। विद्यार्थियों को नियमित स्वास्थ्य जांच प्रदान करने के अलावा, यह क्लीनिक बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए परामर्श सेवाएं भी प्रदान करेगा। प्रत्एक छह महीने में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

विद्यालयों में स्वास्थ्य क्लीनिक की स्थापना मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर शुरू की गई दिल्ली सरकार की एक नई परियोजना है। इन स्वास्थ्य क्लीनिक का उपयोग विशेष रूप से स्कूल के छात्रों द्वारा ही किया जाएगा। ए स्वास्थ्य क्लीनिक स्कूल के घंटों के दौरान ही चालू रहेंगे।

दिल्ली सरकार के प्रत्एक स्कूल के स्वास्थ्य क्लीनिक में एक सहायक अथवा नर्स, एक मनोवैज्ञानिक चिकित्सक और एक अन्य कर्मचारी होगा। प्रत्एक पांच क्लीनिक के लिए एक डॉक्टर उपलब्ध होगा जो प्रत्येक सप्ताह हर क्लीनिक का एक बार दौरा करेगा।

# महिला दिवस : आंगनबाड़ी वर्कर लता के हौंसले को सलाम

कविता। फरीदाबाद

संजय कालोनी निवासी लता शर्मा का पूरा जीवन संघर्ष के साथ बीता है। अपने हौंसले की बदौलत लता इलाके की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकी है। असमय पति का निधन होने के बाद लता ने हिम्मत नहीं हारी। सुसराल पक्ष से सहयोग न मिलने पर उन्होंने आंगनबाड़ी वर्कर के रूप में काम करते हुए न केवल बच्चों का पालन पोषण किया बल्कि उन्हें पैरों पर खड़ा करने में भी कामयाब हुई। आंगनबाड़ी में सेवाभाव से काम करते देख कोई भी उनका मुरीद हो सकता है।

**लता के हौंसले की कहानी :**

## पति के देहांत के बाद आंगनबाड़ी में बच्चों की सेवा कर परिवार को भी सम्भाला

संजय कालोनी सेक्टर-23 निवासी लता कर जन्म मथुरा में हुआ था। 12वीं पास करने के बाद ही उनकी शादी 1986 में सुभाष चंद शर्मा से हुई थी। सुभाष चंद शर्मा पंजाब रोलिंग मिल के निकट चाय और समोसे की दुकान लगाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। शादी के बाद उनके चार बच्चे हुए। जिसमें बड़ा बेटा देवेन्द्र, अर्चना, प्रिया और अमन शामिल हैं। अर्चना की करीब दो वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई थी। लता की माने तो परिवार की आर्थिक हालत काफी खराब थी। ऐसे में उन्होंने घर के गुजारे के लिए एचएमपी उच्च विद्यालय में प्रथम कक्षा तक के बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद उन्होंने नौकरी छोड़कर सेंट मैरी के नाम से स्कूल शुरू कर दिया, लेकिन वर्ष 2005 में उनके पति सुभाष चंद शर्मा की हार्ट अटैक के कारण मौत अचानक हो गई। जिसके बाद उनका सहयोग किसी ने नहीं किया। यहां तक कि तीन भाईयों में से मात्र एक ही उनके सहयोग के लिए आगे आया। स्कूल चल न पाने पर उन्होंने वर्ष 2006 में आंगनबाड़ी ज्वाइन कर ली।

उस दौरान 1200 रुपये की तनख्वाह से उन्होंने बच्चों को पालन पोषण करना शुरू कर दिया। ससुराल पक्ष से कोई सहयोग नहीं मिला। ऐसे में दिन भर आंगनबाड़ी में कड़ी मेहनत से लगी रही। उनकी मेहनत की बदौलत बेटे देवेन्द्र और बेटी प्रिया की शादी कर चुकी हैं।



लता शर्मा, आंगनबाड़ी वर्कर

### दुखों का टूटा पहाड़

लता की माने तो जब उनके पति सुभाष की मौत हुई, तब बड़ा बेटा 12वीं कक्षा में था। पिता की मौत के बाद उसे पढ़ाई छोड़नी पड़ गई। तब से उन्होंने मेहनत कर अन्य दोनों बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बेहतर करवाने का फैसला लिया। उन्होंने बेटी प्रिया को बीसीए करवा कर शादी की है और छोटा बेटा बीबीए फाइनल ईयर में पढ़ रहा है।

### तीन साल से हैं कैंसर रोगी

लता ने जीवनभर खूब मेहनत की और उन्होंने तीनों बच्चों को पैरों पर खड़ा होने लायक बना दिया। लेकिन अपनी सेहत पर कोई ध्यान नहीं दिया। तीन साल से उन्हें गले में दर्द की शिकायत थी। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया। दिसंबर 2021 में उन्हें पता चला कि उनके गले में कैंसर की गांठ बन गई है। कैंसर रोगी होने के बाद भी वह लगातार आंगनबाड़ी में बच्चों की सेवा कर रही है।

# सूरजकुंड मेले पर रहेगी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों की नजर : डीसी

## उपायुक्त ने 35वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले की तैयारियों की समीक्षा की

## 19 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा ये मेला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर -12 में आयोजित बैठक को संबोधित करते डीसी जितेंद्र यादव।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि 35वां इंटरनेशनल हैण्डीक्राफ्ट सूरजकुंड मेला इस बार 19 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित जाएगा। मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, रैजिस्ट्रेस, बैरिकेडिंग सहित सभी तैयारियां पूरी तरह से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर मेले में पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे इसके लिए पूरा मेला परिसर सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन की निगरानी में रहेगा। डीसी जितेन्द्र यादव सोमवार को लघु सचिवालय में सभी विभागों के अधिकारियों साथ मेले की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेले सुरक्षा को लेकर इंतजामों में किसी भी तरह की कोई कमी न रखें। विभिन्न व्यवस्थाओं के मद्देनजर पूरे मेला परिसर को 8 भागों में विभक्त किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जा रही है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने मीटिंग में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह मेला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की पहचान है और विश्व का सबसे बड़ा हैंडीक्राफ्ट मेला है। ऐसे में सभी विभागों को तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि मेले में पांच एंट्री गेट रहेंगे। आम जनता के लिए तीन गेट रहेंगे।

एक गेट वीआईपी व एक गेट मीडिया इंट्री के लिए रहेगा। प्रत्येक गेट पर पर्यटकों का टेंपरेचर करने व सुरक्षा जांच की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक टिकट पर बार कोडिंग की व्यवस्था होगी। मेले में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान को जिला प्रशासन की तरफ से नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं पुलिस की तरफ से डीसीपी मुख्यालय नितिश अग्रवाल को पुलिस की तरफ से नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सुरक्षा को लेकर पूरा मेला परिसर, पार्किंग स्थल व आस-पास की जगहें सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगी। मेला परिसर में एक अस्थाई पुलिस लाईन भी बनाई जाएगी। जहां प्रतिदिन 2500 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहेगी। मेला सुबह 12 बजे शुरू हो कर रात 11.30 बजे तक रहेगा। रात को 9 बजे के बाद एंट्री बंद कर दी जाएगी। छोटी चौपाल व बड़ी चौपाल पर लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी रहेंगे। यहां देश व विदेश के कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चे भी अपनी प्रस्तुति देंगी। बच्चों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी।

मेला स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की दो अतिरिक्त डिस्पेंसरी भी बनाई जाएगी और आठ एंबुलेंस लगातार यहां ड्यूटी पर रहेंगी। मेला स्थल पर कोविड-19 टीकाकरण कैंप भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही मोबाईल एटीएम व विदेशी मुद्रा बदलने की सुविधा भी होगी। मेला स्थल पर अस्थाई डाकघर भी स्थापित किया जाएगा। मेला क्षेत्र की ड्रोन से मैपिंग करवाई जा रही है और इस स्थल को 18 अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया। मेला में प्रतिदिन कितने पर्यटक आएंगे, पार्किंग में कितने वाहन हैं, टिकट बुकिंग व अन्य व्यवस्थाओं के लिए एक ऐप भी विकसित किया जा रहा है। इस बार मेले में पिछली बार की तरह 1100 स्टाल ही रखे गए हैं। मेले का स्टेट पार्टनर जम्मू एवं कश्मीर रहेगा और कंट्री पार्टनर उज्बेकिस्तान को रखा गया है।

उन्होंने कहा कि मेले में इस बार 35 देश हिस्सा लेंगे और 30 देशों की तरफ से अपने आने की अनुमति भी भेज दी गई हैं। सांस्कृतिक मंच के लिए भी अब तक 17 देशों के कलाकारों ने अपनी सहमति भेजी है। उन्होंने कहा कि मेले देश के सभी राज्यों की भी कला एवं संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। मेले में देशभर के हस्तशिल्प अपनी कला को प्रदर्शित करने के लिए पहुंच रहे हैं। मेले को लेकर बेहतरीन व्यवस्था की गई है। इस बार पेटीएम के सहयोग से टिकटों की बुकिंग की जाएगी। पर्यटकों को कोई असुविधा न हो इसके लिए पार्किंग पास के साथ ही मेले की टिकट की बुकिंग की जाएगी।

मेले की टिकट आम दिनों में 120 रुपये और शनिवार व रविवार को 180 रुपये रखी गई है। राजकीय स्कूल के बच्चों के लिए मेले में नि:शुल्क इंट्री रहेगी। इसके साथ ही दिव्यांगों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। समीक्षा बैठक में डीसीपी मुख्यालय नितिश अग्रवाल, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल,एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम नसीब कुमार, मेला अधिकारी राजेश जून सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# नाइट डोमिनेशन : पुलिस ने चलाया व्यापक जांच अभियान



नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान कार को चेक करते पुलिस के जवान।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## होटल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग कर किया छह आरोपियों को गिरफ्तार

## संदिग्ध पाए जाने वाले 257 लोगों के पर्चे अजनबी भी काटे

पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार 5/6 मार्च 2022 की रात्रि पुलिस कमिश्नरेट फरीदाबाद द्वारा 10 बजे रात्रि से चार बजे प्रात: नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। पुलिस कमिश्नर ने नाइट डोमिनेशन के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि रात के समय चलने वाले सभी वाहनों की चेकिंग करें। कोई संदिग्ध और अपराधी किस्म का व्यक्ति बचकर भागने ना पाए। सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों सभी क्राइम ब्रांच एंव सभी थाना प्रबन्धक, सभी चौकी प्रभारियों ने नाका लगाकर वाहनों को व संदिग्ध व्यक्तियों को अपने-अपने एरिया में चेक किया। अपने-अपने क्षेत्रों में पडने वाले बस अड्डा, रेलवे स्टेशन व सार्वजनिक स्थानों को चेक किया गया।

पुलिस द्वारा नाइट डोमिनेशन के दौरान कुल 4661 छोटे-बड़े वाहनों को चैक किया गया। जिसमें 1705 टू व्हीलर, 1407 कारें व 817 लाइट व्हीकल और 732 हैवी व्हीकल चेक किए गये। चेकिंग के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट व अन्य कानून के तहत 108 हलके व भारी वाहनों के ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की गई। नाइट डोमिनेशन के दौरान की गई चेकिंग में 108 वाहन चालकों के चालान किए गए तथा लापरवाही करने पर 6 मुकदमें भी दर्ज किए गए। पुलिस ने अभियान के तहत होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड इत्यादि सार्वजनिक स्थानों को चैक कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा संदिग्ध पाए जाने वाले 257 लोगों के पर्चे अजनबी (स्ट्रेंजर रोल) काट कर उचित कानूनी कार्रवाई की गई। इसके अलावा पुलिस ने एक आरोपी से एक बटन दार चाकू और 8810 रुपये कैश, 120 अंग्रेजी, 369 देसी बोतल और एक देसी पिस्टल बरामद किए हैं।

# सत्संग एवं होली मिलन समारोह किया आयोजित



सेक्टर-19 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में होली मिलन समारोह के कार्यक्रम को संबोधित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

फरीदाबाद। सेक्टर 19 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में सत्संग एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में विधायक नरेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड़, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा व पूर्व डिप्टी मेयर देवेंद्र चौधरी रहे। संयोजक भाजपा मंडल अध्यक्ष फरीदाबाद सतीश शर्मा ने अतिथियों का गर्म जोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और फूलों व गुलाल कर होली खेली। इस दौरान पंडाल में बैठे-बैठे दोनों हाथों से ताली बजाकर होली के रसिया गाने लगे। इस अवसर पर मुख्यातिथि गुर्जर ने कहा कि होली पर्व एकता, सद्भाव, समरसता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपील की है कि उत्सव के जोश में होश खोए, बिना सदभावना के साथ पर्व मनाएं।

# पंजाबी समाज सभा की वार्षिक बैठक

फरीदाबाद। पंजाबी समाज सभा फरीदाबाद कोर कमेटी की वार्षिक सामान्य बैठक पंजाबी समाज सभा के संरक्षक वासुदेव अरोड़ा के सेक्टर-10 स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। इस मौके पर उन्होंने आश्वासन दिया कि पंजाबी समाज सभा द्वारा समाज के उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग देते रहेंगे।

बैठक में पंजाबी समाज सभा फरीदाबाद के महासचिव राजेन्द्र बजाज ने कोर कमेटी में सम्मिलित नये सदस्यों से परिचय करवाया। सुनिश्चित किया कि वरिष्ठ समाजसेवी तनिंदर टंडन ने पंजाबी समाज सभा के सदस्यों के विशेष आग्रह पर संरक्षक के रूप में सभा से जुड़ने के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है। संरक्षक वासुदेव अरोड़ा ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए पूर्ण आश्वासन दिया कि भविष्य में सभा समाज के उत्थान के लिए जी-जान से कार्य करती रहेगी, जिस पर सभी ने स्वागत किया।

# ऑपरेशन गंगा की दुनिया में हो रही प्रशंसा : नागर



पंचशील कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

फरीदाबाद। तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि दुनिया भर में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑपरेशन गंगा की प्रशंसा हो रही है। विश्व युद्ध के मुहाने बैठी दुनिया आज मोदी की ओर ताकती है।

हमेशा हमारे खिलाफ रहने वाला देश आज मोदी से मदद की गुहार लगा रहा है। भारत बढ़ रहा है और इसका श्रेय देश की जनता को जाता है। जिसने पीएम नरेंद्र मोदी को चुना है। विधायक राजेश नागर तिगांव विधानसभा क्षेत्र की पंचशील कॉलोनी में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों की समस्याएं एवं मांगें जानीं और कहा कि हमारा कोई क्षेत्र विकास से अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सभी कच्ची कॉलोनियों को पक्का कर रहे हैं। जिससे अब सभी कॉलोनियों में पक्की कॉलोनियों जैसी सुविधाएं मिलेंगी। नागर ने कहा कि वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल का तिगांव में कार्यक्रम बनवा रहे हैं। हम उनके सामने ही अपने क्षेत्र की मांगें रखेंगे। जिसका सभी को लाभ मिलेगा।

# कानूनी और सामाजिक सहायता को लेकर लगाया शिविर

फरीदाबाद। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में जरूरतमंदों को बना हुआ खाना वितरण करने के साथ जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ग्राम बासेलवा कॉलोनी में राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में वर्चुअल मोड के माध्यम से जागरूकता फैला कर 12 मार्च को जिला अदालत फरीदाबाद में आयोजित किया जाएगा।

लोगों को बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों को निपटाने का लाभ उठाएं। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने आगे बताया कि डालसा के तत्वावधान में दिव्यांगजनों, एचआईवी संक्रमित लोगों के अधिकारों पर भारत कॉलोनी में शिविर का आयोजन किया गया।

# सनरेफ भारत - हरित आवास पर आउटरीच कार्यक्रम

## राआ बैंक, एएफडी एवंईयू द्वारा हरित किफायती आवास के लिए जागरुकता लाने के संबंध में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुंबई एवं कोलकाता में कार्यक्रमों के सफल आयोजन के बाद सनरेफ (प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग एवं ऊर्जा दक्ष आवास वित्त) हाउसिंग इंडिया कार्यक्रम ने बेंगलुरु, कर्नाटक में अपना तीसरा क्षेत्रीय प्रचार कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें हरित किफायती आवास की आवश्यकता को रेखांकित किया गया एवं इस कार्यक्रम में मौजूद आवास बाजार के 80 प्रमुख हितधारकों को हरित किफायती आवास की प्रमुख विशेषताएं प्रदर्शित की गई।

भारत में हरित किफायती आवास परियोजनाओं को गति प्रदान करने के उद्देश्य से, सनरेफ हाउसिंग इंडिया कार्यक्रम को जुलाई 2017 में राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) के साथ साझेदारी में फ्रांसीसी विकास एजेंसी फ्रांस विकास एजेंसी (फ्रांस विकास एजेंसी, एएफडी) द्वारा आरंभ किया गया था। यह परियोजना यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा सह-वित्त पोषित है। विशेष रूप से, इसमें एएफडी से €100 मिलियन की एक नवोन्मेषी ऋण व्यवस्था शामिल है जो बैंकों, आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) को हरित तथा किफायती आवास परियोजनाओं एवं इससे संबद्ध निवेशों के निधियन हेतु सक्षम बनाती है। आवास वित्त कंपनियों को प्रदान किये जाने वाले ऋण कम ब्याज दर पर उपलब्ध कराने तथा कार्यक्रम के लिए प्रोत्साहन एवं क्षमता निर्माण के उद्देश्य से ईयू द्वारा €9 मिलियन निवेश अनुदान एवं €3 मिलियन तकनीकी सहायता अनुदान, वित्तपोषण को सुलभ बनाने के लक्ष्य के साथ प्रदान किया गया है जो कि इस कार्यक्रम को एक अंकाक्षी एवं नवोन्मेषी कार्यक्रम बनाता है।

बेंगलुरु में आयोजित इस कार्यक्रम में कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश राज्यों के बैंकों, आवास वित्त कंपनियों, रियल एस्टेट विकासकों, सरकारी एजेंसियों, हरित निर्माण विशेषज्ञ, आर्किटेक्ट तथाहरित सामग्री उत्पादकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं के रूप में एएफडी, भारत में यूरोपीय संघ का प्रतिनिधिमंडल, राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक), इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) एवं ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (गृह) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। रा.आ.बैंक के कार्यपालक निदेशक वी. वैदीश्वरन ने अपने सम्बोधन में कहा, बेंगलुरु शहर में आयोजित सनरेफ इंडिया कार्यक्रम के इस तीसरे क्षेत्रीय प्रचार कार्यक्रम का आयोजन करना बहुत उपयुक्त है, जिसमें तीव्र जनसंख्या वृद्धि एवं तेजी से शहरीकरण देखा गया है। भारत में आवासीय बंधक बाजार के आकार को देखते हुए यह महसूस किया गया है कि यह समय आवासीय निर्माण क्षेत्र में बनाए जा रहे नए पारिस्थितिकी तंत्र को परिवर्तितएवं अनुकूलित करने हेतु उपयुक्त है। सनरेफ इंडिया हाउसिंग कार्यक्रम ने अब तक 4,400 परिवारों को पुनर्वित्त प्रदान किया है, जिनमें से आधे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हैं। हरित किफायती आवास को बढ़ाने के लिए रा.आ.बैंक के प्रयास जलवायु परिवर्तन का समर्थन करने हेतु भारत सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप ही हैं।



यूरोपीय संघ एवं आवासनएवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार स्मार्ट एवं सतत शहरीकरण पर साझेदारी के तहत मिलकर सहयोग कर रहे हैं।कार्बन उत्सर्जन को कम करने और सततता को प्राप्त करने में हरित भवन के महत्व के संबंध में बात करते हुए, कमिला क्रिस्टेंसन राय, काउंसलर, भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कहा, यूरोपीय संघ एवं भारत दोनों ही ग्रीन ट्रांजिशन पर मिलकर कार्य कर रहे हैं, जिसमें आवास क्षेत्र में नवाचारएक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हम सहर्ष सनरेफ इंडिया के साथ साझेदारी कर रहे हैं, जो देश में हरित पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सहायता कर रहा है।हम मानते हैं कि स्थानीय संदर्भ में उपयुक्त हरित उपकरण एवं समाधान पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा कुशल और साथ ही किफायती आवास क्षेत्र में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



सेक्टर तीन में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सम्मानित करते हुए।

फरीदाबाद। ब्राह्मण समाज द्वारा भजन वाटिका सेक्टर तीन बल्लभगढ़ में आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार रहे। इस अवसर ब्राह्मण समाज के श्रेष्ठ कार्य करने वालो सम्मानित किया गया। अपने पुत्र कर्ण पाराशर इंजिनियर की शादी बिना दहेज एक रुपया का रिश्ता लेकर पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने करते हुए एक मिशाल कायम की। इसके साथ ही समाज में विभिन्न प्रकार के समाज हितेशी जागरूक कार्य करने के लिए पंडित मूलचंद शर्मा ने उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा इस सम्मान के लिए आभार व भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक धार्मिक कार्य करता रहूंगा। इस अवसर पर एलआर शर्मा, महेश, ज्ञानदेव, ब्रजमोहन वशिष्ठ, ब्रजमोहन बातिश, श्यामसुंदर, वेदराम, नारायण दत, हरप्रसाद गौड़, प्रकाश, छाजूराम, बिजेंद्र, बिसन, लालचंद, संदीप, ओपी शर्मा, देवदत्त, विजय, देवेन्द्र, देवराज, अरविन्द, बाबूराम, मोहन, सुभाष सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वायु गुणवत्ता में सुधार पर शोध करेगा जेसी बोस

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद वायु गुणवत्ता में सुधार को लेकर तकनीकी समाधान प्रदान करने के लिए संभावित क्षेत्रों में शोध करेगा, जो एनसीआर क्षेत्र में एक गंभीर समस्या है। यह निर्णय आज यहां कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की अध्यक्षता में हुई इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की बैठक में लिया गया। विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप डिमरी एवं कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी बैठक में मौजूद थे। बैठक में विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर ने संकाय सदस्यों को ऐसी परियोजनाओं पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जो तकनीकी समाधान के साथ सामाजिक समस्या का समाधान करेंगी और समाज को लाभान्वित करेंगे। बैठक में कुछ अन्य नवीन विचारों पर भी चर्चा की गई। विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप डिमरी ने कुलपति को आश्वासन दिया कि विभाग इन नवीन विचारों पर काम करेगा और जल्द ही कुछ तकनीकी समाधान प्रदान करेगा।

## ब्लड डोनेशन कैंप मानवता की बड़ी सेवाः डिप्टी मेयर

फरीदाबाद। रक्त की बड़ी कमी को पूरा करने वाले रक्तदाताओं का समाज सम्मान करे क्योंकि उनके द्वारा दिए गए रक्त से कितनी ही जानें असमय जाने से बच जाती हैं। यह बात फरीदाबाद के डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग ने सेक्टर 17 में रेजिडेंट वेलफेयर काउंसिल (आरडब्ल्यूसी) द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कही। सेक्टर 17 के कम्युनिटी सेंटर में आरडब्ल्यूसी एवं अलायंस क्लब इंटरनेशनल आरोग्य डिस्ट्रिक्ट 150 के संयुक्त तत्वावधान में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों ने समाज की सेवा के लिए रक्तदान किया। यहां मतदाता पहचान पत्रों में संशोधन और नए पहचान पत्रों को बनाने का भी काम किया गया। इससे पहले यहां पहुंचे डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग का आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर गर्ग ने कहा कि रक्तदान हमेशा से बड़ा विशेष दान रहा है। लेकिन पिछले दिनों कोरोना काल में रक्त की बड़ी आवश्यकता महसूस की गई, लेकिन हमारे समाज में ऐसे लोग हमेशा से रहे हैं जिन्होंने अपना रक्त देकर लोगों की जान बचाई। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान करना चाहिए। इससे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती। इस अवसर पर केजी अग्रवाल, डॉ सुभाष जैन, सतीश कौशिक, एमएल जैन, विजय गौड, डीएन चौधरी, डीके लाम्बा, राजीव भाटिया, रविंद्र मंगला, भूपेंद्र कुमार, मीनाक्षी अग्रवाल, नीति जैन, संगीता जैन, वाई पी चड्ढा, वेद कौशिक आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

## 10 मार्च को पंजाब में बनेगी आप की सरकारः भड़ाना



आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर आयोजित बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता।

फरीदाबाद। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने सोमवार को जिला कार्यालय पर जिला कार्यकारिणी की बैठक ली। जिसमें पंजाब में संपन्न हुए चुनावों के परिणामों एवं आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते धर्मबीर भडाना ने कहा कि पंजाब चुनावों में पार्टी की जीत तय है। आने वाली 10 तारीख को पंजाब में पार्टी का परचम लहराएगा। इसके बाद फरीदाबाद नगर निगम चुनावों में पार्टी मजबूती से लड़ेगी और अधिक से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री विनोद भाटी, जिला महासचिव भीम यादव, जिला प्रवक्ता हंसराज दायमा, नरेंद्र सरोहा, मनीष भाटिया, संजय जुनेजा, परमजीत कौर, वाई के शर्मा, सुबोध शर्मा, राकेश, सिकंदर शर्मा, हरजिंदर सिंह मेंदीरत्ता, राजकुमार खरवार, सुरेंद्र गुप्ता, के एल बंसल, सुमित यादव, शैलेंद्र शर्मा, हेमंत, डी एस चावला, बाबा शिव नारायण दुबे, मुस्तकीन प्रधान, प्रशांत कपूर, इंदिरा सिंह, मनोहर विरमानी, भोपाल कश्यप, अभिषेक गोस्वामी, संदीप राव, हरिदत्त शर्मा, दीक्षेश, मिलन, सुरेंद्र यादव, हैप्पी, फुल महेश, सोना, जोगिंदर चंदीला, सुगन चन्द जैन, के एल बंसल, नरेंदर सरोहा, सिकन्दर शर्मा, मनीष शर्मा, कैलाश वैष्णव, विश्वेन्द्र अत्री, दिनेश भरद्वा, मिलन गुछैत, शैलेन्द्र शर्मा, श्याम राजपूत एवं सुमित यादव आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न मुकदमों में 13 आरोपियों को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने 10 मुकदमों में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें आरोपी अंकित, सुनील, कैशर, पंकज कुमार, चंद्रभान, नाजिर उर्फ चुन्ना, पप्पन, वेद प्रकाश, संदीप, राहुल, मिश्रा रणजीत तथा गौरव का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी गौरव को पोक्सो एक्ट, आरोपी सुनिल को अवैध हथियार के साथ, कैशर और अंकित को अवैध शराब, आरोपी राहुल और वेदप्रकाश को जुआ अधिनियम, आरोपी नाजिर उर्फ चुन्ना और पप्पन को पशु क्रूरता अधिनियम, आरोपी चंद्रभान को लापरवाही से डंफर लाकर दुर्घटना करने, आरोपी संदीप, मिश्रा और रणजीत को लड़ाई झगड़ा तथा आरोपी पंकज को चोरी के मामले के तहत गिरफ्तार किया गया है। एक्साइज एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपी अंकित के कब्जे से क्राइम ब्रांच 56 ने 2 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है।

## माय वोट इज माय फ्यूचर पावर ऑफ वन वोट

फरीदाबाद। जिला शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एनआईटी तीन फरीदाबाद के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में माय वोट इज माय फ्यूचर पावर ऑफ वन वोट विषय पर वोट के महत्व पर प्रतियोगिता आयोजित की। भारत सब से बड़ा लोकतांत्रिक देश है और इसलिए प्रत्येक वोट का महत्व और भी बढ़ जाता है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बालिकाओं को वोट बनवाने के लिए संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अंतर्गत भारत के सभी नागरिकों को वोट डालने का अधिकार दिया गया है।

# सेक्स वर्करों की दुर्दशा

## समाज की जिम्मेदारी

**समाज** के रूप में हमें कम से कम यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सेक्स वर्करों को मुफ्त राशन मिले। एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय ने सेक्स वर्करों की जनहित याचिका के कारण ध्यान दिया है कि उनको भूखे न रहने का अधिकार है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण उनका बिजनेस प्रभावित हुआ है और वे रोज दो बार भोजन भी नहीं जुटा पा रही हैं। उनकी मांग है कि कम से कम उनको मुफ्त राशन दिया जाए। दुर्भाग्य से यदि सरकार उनको यह देना चाहे तो भी मिलना मुश्किल है क्योंकि उनके पास कोई परिचय पत्र नहीं है। उनमें से अधिकांश निवास प्रमाणपत्र भी नहीं दे सकती हैं और उनके पास राशन कार्ड नहीं हैं। वे अपनी मजबूरी समझती हैं क्योंकि समाज में खराब छवि के कारण कोई उनकी शिकायतें सुनने को तैयार नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार से कहा है कि वह सेक्स वर्करों को राशन देने के लिए पहचान के सबूतों पर जोर न दे। इसी प्रकार उसने राज्यों को भी निर्देश दिए हैं। लेकिन इनमें एक शर्त जुड़ी है। राशन लेने में सक्षम होने के लिए सेक्स वर्कर की पहचान नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गेनाइजेशन-नैको द्वारा की जानी चाहिए। हालांकि, इस तथ्य पर ध्यान देते हुए कि संगठन में इनका एक बहुत छोटा हिस्सा ही पंजीकृत है, अदालत ने सेक्स वर्करों की पहचान के लिए स्थानीय सामुदायिक संस्थाओं की सहायता लेने की ओर भी संकेत किया है। अदालत ने यह भी कहा है कि सरकारें बिना पहचान प्रमाण पर जोर दिए पंजीकृत सेक्स वर्करों को राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र तथा आधार कार्ड देना शुरू करें। लेकिन यह काम करने की तुलना में कहना आसान है। सेक्स वर्कर देश की जनसंख्या का सर्वाधिक खराब छवि वाला तबका हैं। वे ऐसी सेवा प्रदान करती हैं जिसे कभी सेवा-प्रदाताओं द्वारा मान्यता नहीं दी गई। उनका अपमान होता है तथा उनके साथ भेदभाव कर उनको अलग-थलग किया जाता है। वे अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में मलिन बस्तियों में एक कमरे वाले घरों में किराए पर रहती हैं।



गैर-सरकारी संगठनों के कारण उनको चिकित्सा देखभाल मिलती है तथा उनके बच्चों का स्कूलों में नाम लिखा जाता है। हालांकि, सेक्स भारत में अपराध नहीं है, पर कानून के अंतर्गत उनके पेशे के कुछ अंगों, जैसे वेश्यालयों का प्रबंधन व सार्वजनिक स्थलों में आमंत्रण देने का अपराधीकरण हुआ है जिससे अक्सर वे पुलिस के छापों का शिकार बनती हैं। वैश्विक महामारी के कारण हुए लाकडाउन में उनका बिजनेस बंद हो गया, लेकिन उनके खर्चे पहले जैसे रहे। इससे उनका जीवन अत्यधिक दयनीय हो गया। इसके परिणामस्वरूप आमतौर से सेक्स वर्कर अपने बारे में पूछताछ करने वालों के प्रति संदेही रहती हैं और इसी कारण उनके बारे में आंकड़े जुटाना कठिन है। उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया है कि वह अब तक केवल 6,227 सेक्स वर्करों की पहचान कर सकी है तथा महाराष्ट्र नैको केवल 27,871 सेक्स वर्करों की पहचान कर सका है। इन आंकड़ों पर कोई भी विश्वास नहीं करेगा। संभवत: इससे यह संकेत मिलता है कि प्रयासों पर समुचित जोर नहीं दिया गया। इस दृष्टिकोण के चलते सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उनको परिचय पत्र देने के निर्देशों का कभी क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। सर्वोच्च न्यायालय को सेक्स वर्करों की पहचान का काम नेशनल नेटवर्क आफ सेक्स वर्कर्स को देना चाहिए। यह सामूहिक संगठन स्थानीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर उनके अधिकारों के लिए संघर्षशील है। सेक्स वर्करों की पहचान कर उनको विश्वास में लेने तथा उनको संस्थागत लाभ दिलाने में सामुदायिक कार्यकर्ताओं की स्थिति सबसे अच्छी है। ऐसे समाज में जो उनको अब भी पहचानने से इनकार करता है, कम से कम एक पहचान पत्र उनमें अपने प्रति विश्वास पैदा करने में सहायक सिद्ध होगा।

# गोवा विधानसभा : विभाजन या पालाबदल

विधानसभा अध्यक्ष तथा उच्च न्यायालय के फैसलों में गलतियां तलाशने के बजाय राजनीतिक पार्टियों को अपना घर ठीक रखना चाहिए।



**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक लोकसभा के पूर्व अपर सचिव हैं)



आशंका व्यक्त की जा रही है कि बंबई उच्च न्यायालय की गोवा पीठ द्वारा गोवा विधानसभा अध्यक्ष का फैसला उचित ठहराने से पालाबदल की संभावनायें और बढ़ेंगी जिसमें उसने कांग्रेस विधायक दल के अलग हुए समूह के भाजपा में विलय को उचित ठहराया है। 25 फरवरी को अपने फैसले में उच्च न्यायालय ने संविधान की दसवीं अनुसूची के अनुच्छेद 4 के उप-अनुच्छेद 2 के अंतर्गत दिया विधानसभा अध्यक्ष का आदेश उचित ठहराया है। अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 4 के उप-अनुच्छेद 2 के अंतर्गत कांग्रेस विधायकों के समूह का भाजपा में विलय कांग्रेस विधायक दल का भाजपा में विलय माना जाए। इसलिए दसवीं अनुसूची के अंतर्गत ऐसे सदस्यों को पालाबदल के आधार पर अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने अपने समक्ष प्रस्तुत तर्कों के परीक्षण के बाद निर्णय दिया कि 'याचिकाकर्ता विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दिए आदेश में हस्तक्षेप का आधार पुष्ट करने में सफल नहीं हुए।' याद किया जा सकता है कि पिछले साल विधानसभा अध्यक्ष राजेश पाटनेकर ने कांग्रेस के 12 में से 10 सदस्यों को अनुच्छेद 4 के उप-अनुच्छेद 2 के अंतर्गत अयोग्य ठहराने की दो याचिकाओं को खारिज कर दिया था। ये सदस्य पालाबदल कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि पालाबदल को 'राजनीतिक व संवैधानिक नैतिकता के प्रमुख आधार संविधान की दसवीं अनुसूची के लक्ष्यों के विपरीत नहीं कहा जा सकता है।' अदालत ने कहा कि कांग्रेस के 12 में से 10 विधायकों ने पालाबदल किया। अदालत ने संबंधित विधायकों के तर्कों पर भी गौर किया जिनका दावा था कि वे कुल संख्या का दो तिहाई थे, इसलिए यह दसवीं अनुसूची के अंतर्गत पालाबदल के बजाय वैध विलय था। अदालत ने कहा कि 'याचिकाकर्ता विधानसभा अध्यक्ष के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं पुष्ट कर सके।'

जैसी की उम्मीद थी, गोवा के मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय के निर्णय का 'स्वागत' किया जिसने कांग्रेस और एमजीपी के 12 विधायकों के भाजपा विधायक दल में विलय के खिलाफ याचिका खारिज कर दी थी। विलय करने वालों में एमजीपी के 2 विधायक शामिल थे। उन्होंने यह भी कहा कि 'निन्दा अभियान पर लोकतंत्र व संवैधानिक आदेश प्रभावी हुए हैं।' इस घटनाक्रम से निराश गोवा कांग्रेस की प्रतिक्रिया थी कि 'यह न केवल कांग्रेस, बल्कि देश की सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए बुरा पूर्व-उदाहरण है क्योंकि चुनाव के बाद कुछ विधायक एकसाथ आ कर दूसरी पार्टी में शामिल होने का फैसला कर सकते हैं।' ऐसे थोक पालाबदल से सबक लेते हुए कांग्रेस ने चुनाव वाले राज्यों में नई विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से स्वामिभक्ति की शपथ दिलाई है। लेकिन यदि स्वामिभक्ति की ऐसी शपथ पालाबदल रोक सकती तो विधि-निर्माता अपनी समझदारी से दलबदल-विरोधी कानून न बनाते। दलबदल-विरोधी कानून संविधान में 52वें संशोधन से शामिल किया गया था तथा उसे 2003 में 91वें संविधान संशोधन कानून से मजबूत किया गया था। इन संविधान संशोधनों की मूल भावना व विषयवस्तु संक्षेप में यह है कि यदि केन्द्र या राज्य विधायिका का कोई सदस्य दसवी अनुसूची के अंतर्गत अयोग्य ठहराया जाता है तो वह सदस्यता से हाथ धो बैठेगा। दसवीं अनुसूची के अंतर्गत विधायक को अयोग्य ठहराने का आधार यह है कि उसने स्वेच्छा से ऐसी राजनीतिक पार्टी की सदस्यता छोड़ दी हो या उसने सदन में अपनी राजनीतिक पार्टी के व्हिप द्वारा जारी निर्देश के अनुसार वोट न दिया हो अथवा मतदान से अनुपस्थित रहा हो। लेकिन इसका एक अपवाद है और वह विचारणीय विषय भी है।

यदि किसी विधायक दल के कम से कम दो तिहाई सदस्य दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं या नई पार्टी बना लेते हैं तो दलबदल-विरोधी कानून लागू नहीं होगा। अयोग्यता के संबंध में निर्णय लेने में सक्षम अधिकारी पीठासीन अधिकारी, यानी अध्यक्ष होता है। सर्वोच्च न्यायालय के किल्हो टो होलोहान बनाम जाचिल्हू व अन्य मामले में फैसले के बाद यह न्यायिक समीक्षा का विषय हो सकता है।

कुछ लोगों, खासकर उन लोगों में थोड़ी नाराजी है जिन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, पर वहां भी उनको कोई राहत नहीं मिली। निसंदेह सभी राजनीतिक पार्टियों को संविधान के अंतर्गत अपना राजनीतिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अनुशासन लागू करने का अधिकार प्राप्त है। बिना अनुशासन के राजनीतिक पार्टियां केवल सत्ता के भूखे लोगों की भीड़ बन कर रह जाएंगी जिनका कोई मजबूत राजनीतिक जुड़ाव व पहचान नहीं होगी।

जनता भी उम्मीद करती है कि उसके द्वारा किए 'मतदान' का व्यापार नहीं होगा तथा उसे धोखा नहीं दिया जाएगा। विधायकों द्वारा बार-बार व लगातार पालाबदल इस बात का संकेत है कि राजनीतिक पार्टियां विचारधाराओं के बजाय सत्ता के भूखे लोगों की भीड़ में बदल रही हैं। यदि इसे पूरी तरह समाप्त करना संभव न हो, तो भी इस पर रोक लगाई जानी चाहिए। भले ही जोरशोर से प्रचारित किए जा रहे हों, पर राजनीतिक पार्टियों के पहचान वाले विशिष्ट तत्व गायब हो रहे हैं और उनका स्थान थोक में पालाबदल की फलती-फूलती राजनीति ले रही है। खरीद-बिक्री की बढ़ती विभीषिका ने राजनीतिक अस्थिरता को जन्म दिया है। विधि निर्माताओं ने संविधान में पालाबदल पर लगाम लगाने का प्राविधान करने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों के विलय या नई राजनीतिक पार्टियां बनाने का रास्ता खुला रखा है, बशर्ते कि कम से कम दो तिहाई सदस्य ऐसा करना पसंद करें। इस प्रकार विलय पालाबदल के कारण पैदा अयोग्यता से बच जाता है। जब संविधान किसी विधायक दल के दो तिहाई सदस्यों के दूसरे राजनीतिक दल में विलय या नई पार्टी बनाने को उचित ठहराता है तो ऐसे सदस्यों को विशिष्ट संवैधानिक विशेषाधिकारों के अंतर्गत अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है।

अदालत ऐसे दो तिहाई सदस्यों के विलय के तकनीकी विवरणों, जैसे तारीख, स्थल या विलय अथवा नई पार्टी बनाने के पहले उनके द्वारा पास प्रस्ताव के रिकार्ड में नहीं जाती है। केवल यह दिखाना ही काफी होता है कि उन्होंने स्वेच्छा से यह काम किया तथा विधायक दल की कुल संख्या के दो तिहाई विधायर नई पार्टी में विलय या नई पार्टी बनाने में शामिल थे। इस प्रकार व्याख्या के सिद्धान्त अच्छी तरह निर्धारित हैं और उनमें कोई विरोधाभास नहीं है। स्पष्ट संवैधानिक या विधिक प्राविधानों की उपस्थिति में अदालत इनके विपरीत अर्थ नहीं निकाल सकती कि वास्तव में विधायकों की क्या मर्जी थी।

लेकिन इससे अंतर-पार्टी लोकतंत्र के मूल सवाल पर भी ध्यान जाता है जो अक्सर पालाबदल के केन्द्र में होता है। स्पष्ट रूप से विधि निर्माता राजनीतिक पार्टियों के भीतर तानाशाही नहीं चाहते हैं, हालांकि वे पार्टी अनुशासन तथा विचारधारा बनाए रखने का महत्व समझते हैं। उन्होंने बहुत सचेतन रूप से दो तिहाई सदस्यों के पालाबदल या नई पार्टी बनाने की आवश्यकता स्पष्ट की है। ऐसे में गोवा विधानसभा अध्यक्ष या उच्च न्यायालय के फैसले में गलतियां निकालने के बजाय राजनीतिक पार्टियों को अपना घर ठीक करना चाहिए। इसके साथ ही आलोचकों को संविधान की दसवीं अनुसूची के प्राविधानों पर भी गौर करना चाहिए।

# पुतिन की अन्य क्षेत्रों पर कब्जे की रणनीति



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)



यह आश्चर्य की बात है कि बड़ी ताकतों के नेता भी साम्राज्यवाद के पुराने युग में जी रहे हैं। आज के समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के बजाय उन्हें एक या दो सदी पीछे रखने की प्रवृत्ति क्या होनी चाहिए? औद्योगिक क्रांति की शुरुआत से पहले, जाहिर है, भूमि सबसे मूल्यवान संपत्ति थी। चाहे सतह पर खेती के लिए, उसके आसपास मछली पकड़ने के लिए या उसके नीचे खनन के लिए, कोई भी उत्पादन इस बात पर निर्भर करेगा कि भूमि और पानी क्या पैदा कर सकता है। उस समय, यदि मास्को क्षेत्र के लिए तरसता था, जैसा कि यूक्रेन में स्पष्ट है, तो यह समझ में आता। लेकिन आज पर्यवेक्षकों को रखने के लिए, जो रूसी आक्रमण चल रहा है, वह लालच का कार्य प्रतीत होता है, या शायद राज्य कौशल की कमी है।

रूस के पास पैसे, तेल या गैस की कोई कमी नहीं है। इन संपत्तियों के साथ, गारंटियां अंडरराइट की जा सकती थीं, चाहे जर्मनी या फ्रांस, या दोनों की मदद से। रूस "एक देश, दो प्रणाली" की तर्ज पर यूक्रेन के साथ एक समझौता कर सकता था। मास्को पूरी तरह से कीव के विवेक पर संस्कृति और अर्थव्यवस्था को छोड़कर, रक्षा और कूटनीति पर नियंत्रण बनाए रख सकता था। यह सच है कि यूक्रेन एक साथ दशकों तक पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा था। दोनों देश प्राचीन काल से ऐतिहासिक संबंध भी साझा करते हैं। कई यूक्रेनियन रूसी बोलते हैं, खासकर पूर्वी भागों में। संयोग से, जोसेफ स्टालिन के सबसे शानदार उत्तराधिकारी निकिता ख्रुश्चेव, एक यूक्रेनी थे।

फिर भी, रूसी बोलने वाले या अन्यथा, अधिकांश यूक्रेनियन पश्चिमी यूरोपीय जीवन शैली और जीवन शैली से अधिक आकर्षित होंगे, न कि उदास और आनंदहीन सोवियत या रूसी प्रणाली से। उन्हें "एक देश, दो प्रणाली" के ढांचे के तहत एक जीवंत पश्चिमी जीवन स्तर का आनंद लेने की अनुमति दी जा सकती है, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, पैसे और तीसरे देश-अंडरराइटिंग के साथ। किसी भी मामले में, रूस के पास लगभग पूरे आकाश की तुलना में अधिक भूमि है, जिनमें से अधिकांश का अभी भी इष्टतम तरीके से उपयोग नहीं किया जाता है।

एक रूसी सहानुभूति रखने वाले के रूप में, मेरी चिंताएं रूस के पश्चिम में सैन्य अभियान की तत्काल सामने आने वाली कहानी के अलावा कहीं और हैं। पूर्व में अधिक गंभीर चिंताएं मंडरा रही हैं। मुझे अक्सर साइबेरिया और उससे आगे के भविष्य के बारे में चिंता होती है। रूस का सबसे बड़ा और विद्रोही पड़ोसी चीन जमीन का भूखा है। क्या यह साइबेरिया को गौर से नहीं देख रहा होगा? 1969 में, चीन ने वास्तव में उससुरी नदी के पार सोवियत संघ पर आक्रमण करने की कोशिश की और उस नदी पर बड़ी संख्या में द्वीपों को अपने कब्जे में ले लिया। हम याद कर सकते हैं कि कैसे अलास्का राज्य को 1867 में रूस के ज़ार अलेक्जेंडर द्वद्व द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका को 7.2 मिलियन डॉलर में बेचा गया था। राष्ट्रपति पुतिन के रूस के लिए, भूमि के बारे में अपने निर्धारण में पूर्व की ओर देखना बुद्धिमानी है, न कि पश्चिम पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, जैसा कि वह अभी कर रहा है, क्षेत्र के लिए। एक व्यापक धारणा है कि शायद राष्ट्रपति पुतिन अपने पूर्ववर्ती मिखाइल गोर्बाचेव को 1991 में जितना क्षेत्र छोड़ना पड़ा था, उतना ही हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया था। साम्यवाद की अव्यवहारिक विचारधारा ने अंतत: सोवियत संघ पर अपना प्रभाव डाला और इसके पतन का कारण बना। यह याद रखना होगा कि गोर्बाचेव को सोवियत संघ के कुल 16 गणराज्यों में से 15 को स्वतंत्र होने देना था। इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को देखते हुए, और इस तथ्य को भी देखते हुए कि यूक्रेन ने पिछले 30 और अधिक वर्षों से स्वतंत्रता और आर्थिक विकास का एक बड़ा स्वाद चखा है, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए यूक्रेन से रूसी साम्राज्य में लौटने की उम्मीद करना बिल्कुल उचित नहीं है। यह साम्राज्यवादी प्रकृति की मानसिकता है, जिसे हमने इस लेख की शुरुआत में अप्रचलित के रूप में चिह्नित किया है, जो बिगाड़ने वाला है।

कम से कम तीन जिम्मेदार रूसियों ने 1991 से बहुत पहले कोलकाता में मुझसे कहा था कि अगर उनके देश को प्रगति करनी है तो उसे और अधिक एकजुट होने की जरूरत है न कि पतन की। उस समय, सोवियत संघ में सभ्यता की तीन धाराएँ थीं – ईसाई धर्म, इस्लाम और साम्यवाद – यह कहने के लिए कि देश को कैसे आगे बढ़ना चाहिए। जैसा कि इन सज्जनों ने देखा, प्रतिस्पर्धी महाशक्ति, अमेरिका, जो केवल एक लोकाचार पर कार्य करता था, एक सीधा मामला था।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद के युग में जर्मनी और जापान द्वारा साबित किए गए आर्थिक संपत्ति के रूप में वह क्षेत्र अब महत्वपूर्ण नहीं है। जर्मनी, 1945 में अपने नाजी शासन की हार के बाद, पश्चिम और पूर्व के बीच विभाजित हो गया था; 1989 तक क्रमश: दो-तिहाई और एक-तिहाई। फिर भी, पश्चिम जर्मनी ने लंबी आर्थिक प्रगति की और दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में से एक बन गया। युद्ध के अंत में जापान ने मंचूरिया, कोरिया, क्यूरिल और अन्य द्वीपों को खो दिया; फिर भी 1980 के दशक तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई, साथ ही एक तकनीकी महाशक्ति भी बन गई। स्थिति अलग थी जब ब्रिटेन, फ्रांस, नीदरलैंड, पुर्तगाल और बेल्जियम ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं को विकसित करने के लिए क्षेत्रों को जीतने के लिए एशिया और अफ्रीका में प्रवेश किया।

इसके बाद औद्योगिक क्रांति हुई। औद्योगिक प्रौद्योगिकी और अंतर्राष्ट्रीय विपणन के आगमन के साथ, असीमित भूमि या क्षेत्र आवश्यक नहीं था। इस युग से पहले, शाही मजबूरी किसी के पड़ोसी को पकड़ना था और यदि यह संभव नहीं था, तो वह विदेश चला जाता था। इस युग से पहले, पुर्तगाल और स्पेन दक्षिण अमेरिका गए और क्रिस्टोफर कोलंबस नई दुनिया के लिए रवाना हुए, जिसके कारण अमेरिका अस्तित्व में आया।

## आप की बात

### बढ़ती महंगाई

**किसी** भी सरकार के लिए सबसे अहितकर कदम होता है महंगाई बढ़ाना। यह कदम तब उठाया जाता है जब, देश का वित्तीय स्थिति ठीक नहीं हो। देश चलाना मुश्किल हो रहा हो। क्या इस समय भारत की स्थिति कुछ ऐसा ही है? सरकार हमें जो तश्वीर दिखा रही है, लगता है वो एक छल है। हमें हर माह के अंतिम दिन ये बताया जाता है की इस महीने के जीएसटी संग्रह पिछले महीने के तुलना में 30 तीस फीसद अधिक हुआ है। अगर सच में यह वृद्धि इतना अधिक है तो फिर पिछले दिनों जूते चप्पलों का दर को 5 फीसद से बढ़ाकर 12 क्यों कर दिया गया ? कपड़ों पर भी ऐसा ही करने की चाह थी, मगर भारी विरोध के कारण इसे कुछ समय के लिए टाल दिया गया। अब खबर आ रही है की न्यूनतम टैक्स दर को 5 से बढाकर 8 करने का खाका तैयार हो चूका है। जिसके चलते समस्त खाने पिने की वस्तुएं , जीवन रक्षक दवाएं, फर्टिलाइज़र्स एवं जीवन के हर जरुरी चीज़ों के दाम बढ़ना निश्चित हो गया है। तो क्या सरकार को यह मान लेना चाहिए कि कर संग्रह बढ़ाने, कर चोरी रोकने, इसे सरल बनाने एवं एक देश एक कर का दर के नारे के साथ 1 जुलाई 2017 को इस व्यवस्था को लागू किया गया था, ये अपने उद्देश्य में फेल हो चूका है?

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### अर्थव्यवस्था की चुनौतियां

**पिछले** दो वर्षो से भारतीय अर्थव्यवस्था, आर्थिक चुनौतियों से पूरी तरह उबर भी नहीं पाई है, वहीं अब रूस और यूक्रेन संकट ने नई आर्थिक चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। कई रिपोर्ट के अनुसार इस युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव दिखेगा। भारत शुद्ध कच्चा तेल आयातक है और भारत अपनी जरूरत का कोई 80 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। पिछले महीने मे तेल के दाम मे 21 प्रतिशत से भी ज्यादा उछाल देखने को मिली,ऐसे में तेल के मोर्चे पर भारी व्यय तय है। नि:सन्देह, इस युद्ध का असर कमोडिटी, इक्विटी और मुद्रा बाजारों में दिखाई दे रहा हैं, शेयर मे गिरावट नज़र आई, रुपया में भी गिरावट दिखाई दी। सभी उद्योगों मे कच्चे तेल की कीमत बढ़ने लगी। यूरिया और फॉस्फेट महंगे हुए हैं। खाद्य तेल की कीमतों पर बड़ा असर हुआ है। इस युद्ध से भारत को सबक लेकर मजबूत नेतृत्व और मजबूत आर्थिक देश के रूप में अपनी पहचान बनाना जरूरी है। देश को आत्मनिर्भरता की और ले जाना ज़रूरी है। अर्थव्यवस्था के साथ साथ, भारत को चीन पाकिस्तान की चूनोतियो को मद्देनजर रखते हुए, रक्षा क्षेत्र को भी मजबूत बनाने पर काम करना चाहिए।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

### महिला सम्मान का एक दिन

**पूरी** दुनिया में आठ मार्च का दिन 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। अब तक मुझे यह बात समझ में नहीं आती कि वर्ष के 365 दिनों में से सिर्फ एक दिन ही महिलाओं के नाम क्यों रखा जाता है? एक महिला तो मां, बहन, बेटी, प्रेयसी, पत्नी के रूप में हर पल, हर क्षण अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तत्पर रहती है। ऐसे में उसका सम्मान हर दिन होना चाहिए। एक स्त्री, विशेषकर मां परिवार की धुरी होती है। पिता के ना होने पर भी वह पूरे परिवार को बखूबी संभाल लेती है। भूख मिटाने के कारण धरती को मां, तो अपने आंचल का सान्निध्य देने के कारण देश को भारत माता भी कहा जाता है। बेटी, बहन, प्रेयसी, पत्नी के त्याग को भी हम नकार नहीं सकते। इसी कारण कहा भी गया है, 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता:' इसलिए केवल एक विशेष दिन स्त्री का सम्मान करने की जगह हर दिन उसका सम्मान होना चाहिए। तभी हमारा राष्ट्र पुन: गौरवशाली बन पायेगा और हम दुनिया के सामने एक आदर्श प्रस्तुत कर पायेंगे।

– **नितेश मंडवारिया**, वाराणसी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हजारों** भारतीय छात्र यूक्रेन में फंसे हैं क्या उनको वापस लाना क्या आपकी जिम्मेदारी नहीं है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**हजारों** छात्र यूक्रेन से निकाले जा चुके हैं। जो बचे हैं उनको भी निकाला जा रहा है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**हम** लगातार पुतिन तथा उनके नजदीकी लोगों पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगा रहे हैं।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति

# किसकी होगी होली, किसका होगा खेला?

- भाजपा ने 2017 के विधान सभा चुनाव के जादुई आंकड़े को पाने का संकल्प लेकर लड़ा चुनाव
- सपा के लिए करो या मरो की तर्ज पर रहा चुनाव
- बसपा तीसरे नंबर पर आने के लिए रही परेशान
- कांग्रेस लड़ाई में आने के लिए करती रही जद्दोजहद


योगी आदित्यनाथ


अखिलेश यादव


मायावती


प्रियंका गांधी

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ

**देखते देखते** यूपी का चुनावी महासमर खत्म हो गया। अब सभी दलों को जनादेश का इंतजार है। हर दल ने विधान सभा चुनाव में वोट बैंक की फसल को काटने के खूब जतन किए लेकिन अब दस मार्च का परिणाम यह बताएगा किसकी होगी होली और किसका होगा खेला? बड़ा ही दिलचस्प होगा इस बार का चुनाव परिणाम क्योंकि राजनीतिक दलों में किसी के लिए जीने मरने का सवाल है तो किसी के लिए विजय रथ को और तेज रफ्तार देने की बात है। सत्तारूढ़ दल बीजेपी ने विधान सभा चुनाव में 2017 के चुनाव परिणाम को दोहराने का संकल्प रखा तो वहीं सपा के लिए करो या मरो जैसी स्थिति इस चुनाव में रही। कांग्रेस चुनाव की लड़ाई में आने का लक्ष्य लेकर चुनावी संग्राम में कूदी तो बसपा भी टॉप थ्री के लिए संघर्ष करती दिखी।

बात सबसे पहले भाजपा की करते हैं। अपने अनुषांगिक संगठनों की वजह से इस चुनाव में भाजपा शुरू से ही विपक्षी दलों के बीच चुनाव तैयारियों को लेकर सबसे आगे थी। पार्टी ने सौ दिन सौ कार्यक्रम के तहत साल भर पहले से ही विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए मोदी-योगी सरकार का गुणगान करना शुरू कर दिया था। पीएम मोदी की विभिन्न योजनाओं के जरिए भाजपा घर-घर और गांव-गांव तक पहुंची, भाजपा संगठन ने विभिन्न सामाजिक सम्मेलनों के जरिए हर जाति और वर्ग के बीच अपनी पैठ को मजबूत करने का काम किया। जातिगत सम्मेलनों के जरिए बीजेपी ने केंद्रीय मंत्रियों से लेकर केंद्रीय पदाधिकारियों की टीम उतारी और क्षेत्रीय संतुलन को देखकर ही इन कार्यक्रमों का खाका खींचा गया। पश्चिम उप्र, बुंदेलखंड, अवध, काशी और पूर्वांचल जैसे क्षेत्रों में इन जातिगत सम्मेलनों का आयोजन किया गया। पार्टी ने इस बार अपना दल एस के साथ-साथ निषाद पार्टी को भी साथ में लिया जबकि 2017 में सुभासपा के ओम प्रकाश राजभर सत्तारूढ़ दल बीजेपी के साथ लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव आते-आते राजभर की गाड़ी डबल इंजन सरकार की पटरी से उतर गई और उन्होंने इस चुनाव में साइकिल पर सवार होकर चुनाव लड़ा है। बीजेपी की मोदी सरकार-2 के पहले मंत्रिमंडल विस्तार से ही पिछड़ी, दलित और क्षेत्रीय दलों के बीच संतुलन बनाने के अपने एजेंडे में सरकार व संगठन लगे रहे और योगी सरकार ने भी 2021 में अपनी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए ही इसी एजेंडे पर काम किया था ताकि उसे 2022 के विधान सभा चुनाव में भरपूर लाभ मिल सके। मजे की बात यह भी रही कि अब तक बीजेपी पश्चिम यूपी से ही चुनाव में बढ़त बनाने की योजना पर काम करती थी लेकिन 2022 के विधान सभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने इस बार रणनीति बदली और अपना ध्यान पूर्वांचल की तरफ फोकस किया। भाजपा को यह आभास था कि केंद्रीय कृषि कानून कही 2014 से चले आ रहे उसके विजय रथ में बाधा न बन जाए। इसको देखते हुए बीजेपी ने विकास परख कार्यक्रमों को ढाल बनाया और अपनी जनविश्वास यात्राओं को अंजाम दिया। मोदी ने पूर्वांचल में अपने कार्यक्रमों के जरिए विकास योजनाओं की झड़ी लगा दी। इसके साथ ही महत्वपूर्ण बात यह रही कि पूर्वांचल में चुनाव पारदर्शी तरीके से हो इसके लिए बीजेपी की योगी सरकार ने बाहुबली मुख्तार अंसारी जैसे माफियाओं को पंजाब की जेल से निकाल कर बांदा की जेल में शिफ्ट करने का भगीरथ प्रयास किया। पूर्वांचल के अतीक अहमद, विजय मिश्रा और मुख्तार अंसारी जैसे माफिया मऊ, आजमगढ़, गाजीपुर, प्रयागराज, भदोही जैसे जिलों की विधान सभा सीटों पर पूरा हस्तक्षेप करते आए हैं। यही वजह रही कि अब तक मऊ, गाजीपुर और आजमगढ़ में धनबल और बाहुबलियों की ही चली है लेकिन इस बार वह सलाखों के पीछे थे तो उनकी इन क्षेत्रों में सीटों को प्रभावित करने की मंशा धरी की धरी रह गई।

बीजेपी ने 2017 के चुनाव संकल्प को लेकर यह चुनाव लड़ा और अपना चुनाव प्रचार कांग्रेस पर हमलो से शुरू हुआ लेकिन धीरे-धीरे बीजेपी ने तय रणनीति के तहत यह चुनाव ध्रुवीकरण की तरफ मोड़ दिया जिसमें राष्ट्रवाद को हवा दी गई। भाजपा ने सपा पर जोरदार हमला किया और मोदी, योगी और शाह की तिकड़ी ने सपा को जमकर घेरा, विपक्षी दलों पर मुस्लिम तुस्टीकरण के तीरों से हमला किया। योगी ने बुलडोजर नीति का हवाला दिया जो संगठन ने जिन्ना के मसले पर सपा पर अटैक किया। अब जब अंतिम चरण का मतदान समाप्त हो चुका है तो सभी दल नफा-नुकसान का आकलन करने के लिए अपने चुनाव प्रचार अभियान की समीक्षा कर रहे हैं। दस मार्च को इसका जवाब आ जाएगा। विपक्षी दलों की बात करें तो यह चुनाव करो या मरो की तर्ज पर सपा के लिए काफी चुनौती भरा रहा। वह इसलिए क्योंकि 2012 के बहुमत के बाद सपा 2022 में सत्तासीन होने के लिए यह चुनाव उसकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। सपा के पास बीजेपी की तरह अनुषांगिक संगठनों की लंबी टीम नहीं है। सपा ने अपने सहयोगी दलों के साथ भाजपा पर हमला किया। सपा को इस बात की भी चिंता है कि उसे उच्च सदन में अपनी संख्या को बढ़ाना है और तब हो पाएगा जब विधान सभा में नंबर गेम उसके पाले में हो। अखिलेश के सहयोगी आजम खां सीतापुर जेल में निरुद्ध होने के कारण वह इस चुनाव में हस्तक्षेप की राजननीति से विरत रहे। कांग्रेस 2024 की लड़ाई को लेकर यह चुनाव में उतरी और उसने 2017 में मिली सात सीटों के आंकड़े से आगे निकलना चाहा ताकि अन्य दल कांग्रेस को लड़ाई से बाहर ही न मान लें। प्रियंका ने महिलाओं को केंद्र में रखकर अपना घोषणा पत्र और चुनावी अभियान को फोकस किया। राहुल यूपी के इस रण में दूर ही रहे, बसपा अध्यक्ष मायावती देर से चुनाव प्रचार पर निकली तो उन्होंने यूपी से लेकर पंजाब तक चुनावी सभा की ताकि वह तीसरे नंबर पर तो आ ही जाए।


कोलकाता में ममता सरकार के बजट सत्र के पहले दिन भाजपा विधायक दल के नेता सुवेंदु अधिकारी अन्य विधायकों के साथ राज्यपाल जगदीप धनखड़ से मिलने जाते हुए

# मीनाक्षी लेखी ने ऑपरेशन गंगा की सफलता का श्रेय भारत की कूटनीति को दिया

**भाषा।** बेंगलुरू

**केंद्रीय विदेश** राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे हुए भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए चलाए जा रहे मिशन ऑपरेशन गंगा की सफलता का श्रेय भारत की कूटनीति को दिया है।मीनाक्षी लेखी ने यहां वैश्विक कूटनीति का बदलता चेहरा विषय पर आयोजित इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक शिखर सम्मेलन में यह बात कही। लेखी ने ऑपरेशन गंगा को भारत सरकार की ओर हाल में चलाए गए सबसे बड़े अभियानों में से एक करार देते हुए कहा कि यूक्रेन में करीब 20 हजार से अधिक भारतीय नागरिक फंसे हुए थे, जिनमें से हम 10 हजार से अधिक नागरिकों को सुरक्षित वापस निकाल कर स्वदेश वापस ला चुके हैं। ऑपरेशन गंगा को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अभियान अभी भी जारी है और इसके तहत कई लोगों को सुरक्षित स्वदेश वापस लाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कई लोग अभी भी यूक्रेन के पड़ोसी देश हंगरी, रोमानिया, मोलडोवा, स्लोवाकिया और पोलैंड में फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। मीनाक्षी लेखी ने कहा, हमारे सभी दोस्त भारतीय नागरिकों को निकालने में हमारी मदद कर रहे हैं। मेरा मानना है कि कूटनीति का यही अर्थ है। आप अन्य लोगों को अपनी बात समझने के लिए कहते हैं और आप जो हासिल करना चाहते हैं उसमें आपकी सहायता करने के लिए उन्हें प्राप्त करते हैं। सोशल मीडिया पर कूटनीति पर पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में लेखी ने कहा कि पुराने समय में कूटनीति बंद दरवाजों के पीछे की जाती थी, लेकिन आज यह लोगों के बीच, जनता के बीच की जा रही है।

# समावेशी विकास का छत्तीसगढ़ मॉडल बहुत सफल रहा : राज्यपाल

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़ विधानसभा** के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्यपाल अनुसुईया उइके ने राज्य सरकार के कामकाज की तारीफ की और कहा कि समावेशी विकास का छत्तीसगढ़ मॉडल बहुत सफल रहा है। उइके ने इस दौरान कहा कि राज्य में नक्सली घटनाओं में प्रभावी रोक लगी है। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दल के सदस्यों ने टिप्पणी भी की। विधानसभा में आज राज्यपाल उइके ने वर्ष 2022 के पहले सत्र के पहले दिन अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि स्थानीय संसाधनों और जनता के आत्मगौरव के प्रति मेरी सरकार के बेहद संवेदनशील व्यवहार को भरपूर सराहना मिल रही है। उन्होंने कहा, समावेशी विकास का छत्तीसगढ़ मॉडल बहुत सफल रहा है। मैं चाहती हूं कि आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के साथ ही राज्य के समग्र विकास में आई तेजी का सिलसिला लगातार जारी रहे और इसमें आप सबका भरपूर सहयोग मिले। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार वास्तव में किसानों, वन आश्रितों और मजदूरों की सरकार है, जिनके आत्म-सम्मान के लिए आय और भागीदारी बढ़ाने की रणनीति अपनाई गई है। उन्होंने कहा, राज्य में खेती के प्रति लोगों का रुझान लौटना अपने आप में बड़ी सफलता मानी जा रही है। खरीफ वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अब तक का सबसे बड़ा कीर्तिमान बना है, जिसके अनुसार इस वर्ष लगभग 21 लाख 77 हजार किसानों ने 97 लाख 98 हजार मीट्रिक टन धान बेचा है।

राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रदेश के 14 आदिवासी बहुल जिलों के 25 विकासखण्डों में एक हजार 735 करोड़ रुपए की लागत से चिराग परियोजना की शुरुआत कर दी है, जिससे आदिवासी अंचलों में आजीविका के नए साधन बनेंगे। उइके ने कहा, मेरी सरकार ने शहरों, गांवों सहित सभी क्षेत्रों में सड़क अधोसंरचना के विकास के लिए एक बड़ी कार्ययोजना बनाई है, जिसके तहत 24 हजार करोड़ रुपए की लागत से सड़क, पुल-पुलिया निर्माण के कार्य कराए जा रहे हैं। राज्य में बिजली बिल हाफ योजना के तहत 40 लाख 56 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को दो हजार 100 करोड़ रुपए से अधिक की छूट मिल चुकी है। राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में शिक्षा की व्यापकता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किए गए अनेक प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, सोलह जिलों में 150 आदर्श छात्रावासों तथा आश्रम शालाओं का विकास किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए सबसे जरूरी है पर्याप्त और पोषणयुक्त भोजन। इसलिए उनकी सरकार ने सार्वभौम पीडीएस लागू किया और लाभान्वितों की संख्या दो करोड़ 12 लाख से बढ़ाकर दो करोड़ 55 लाख कर दिया है। उन्होंने कहा, वर्ष 2021 में दो लाख 34 हजार राशनकार्ड जारी किए गए तथा 11 लाख 29 हजार सदस्यों के नाम जोड़े गए। पोषण सुरक्षा के लिए बस्तर में पात्र हितग्राहियों को 17 रुपए किलो की दर से 2 किलो गुड़ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास के लिए तीन नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना तथा एक निजी मेडिकल कॉलेज का अधिग्रहण किया है। इसी प्रकार नए 50 उपस्वास्थ्य केन्द्र, 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दो जिला अस्पताल, दो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने की स्वीकृति दी है, साथ ही विभिन्न संस्थाओं का उन्नयन भी किया गया है। उइके ने कहा कि कोविड से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को 102 करोड़ रुपए की राहत, बेमौसम बारिश तथा ओलावृष्टि प्रभावितों को नौ करोड़ रुपए की सहायता उपलब्ध कराई गई है, जो संकटग्रस्त लोगों को मदद करने की सरकार की दृढ़इच्छा-शक्ति का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा, मेरी सरकार ने नई आबकारी नीति के तहत नशाबंदी के संबंध में अध्ययन करने के लिए तीन समितियों का गठन किया है, जो विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि विगत दो वर्षों में 99 मदिरा दुकानों तथा रेस्टोरेंट बार को बंद किया गया है तथा राज्य में मदिरा के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए दो नए आबकारी संभाग गठित किए गए हैं, वहीं 28 स्थानों पर आबकारी जांच चौकी संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में विमानन अधोसंरचना विकास के क्रम में राज्य शासन द्वारा कोरिया जिला में एक नवीन हवाई पट्टी विकसित करने तथा कोरबा जिला में एक व्यावसायिक एयरपोर्ट के विकास की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि माना एयरपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं तथा अंतरराष्ट्रीय कार्गो सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। इस नेक काम में सभी को अपना सहयोग प्रदान करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में विभिन्न प्रयासों से नक्सली हिंसा की घटनाओं में प्रभावी रोक लगी है। वहीं 46 नक्सलवादियों को धराशाई करने तथा 555 नक्सलवादियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने में बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति व्यवस्था का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण हर क्षेत्र में विकास की गतिविधियों का भी विस्तार हो रहा है। उइके ने कहा, मेरी सरकार द्वारा राज्य की अस्मिता, स्थानीय संसाधनों के सदुपयोग, सबके स्वावलंबन, उन्नत स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों से न सिर्फ तात्कालिक संकटों का समाधान हुआ है, बल्कि राज्य की दीर्घकालीन विकास नीति की बुनियाद भी मजबूत हुई है। समावेशी विकास का छत्तीसगढ़ मॉडल बहुमुखी सफलताओं का प्रतीक बन गया है। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राज्य में घर-घर शराब पहुंचाई जा रही है। वहीं अन्य विधायकों ने राज्य सरकार पर वादा पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

# प्रियंका वाद्रा संक्षिप्त दौरे पर जयपुर पहुंची

**भाषा।** जयपुर



**कांग्रेस की** राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा सोमवार को संक्षिप्त यात्रा पर जयपुर पहुंची। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी पांच राज्यों के चुनावों के बाद के प्रबंधन पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ चर्चा करेंगी। प्रियंका गांधी कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला के साथ यहां पहुंचीं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, गुजरात कांग्रेस के प्रमुख डॉ. रघु शर्मा ने जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनकी आगवानी की। कांग्रेस नेता का जयपुर में रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है। जयपुर हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में प्रियंका गांधी ने कहा, उम्मीद है कि जनता ने सोच समझकर वोट किया होगा। जनता सही निर्णय लेगी। उत्तर प्रदेश में अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, अभी जब परिस्थितियां बनेगी तभी तो देखेंगे क्या होता है.. चुनाव के परिणाम आएंगे उसके बाद पता चलेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए है वहां से पार्टी विधायकों को राजस्थान लाए जाने की अफवाहों पर प्रियंका गांधी ने कहा कि यह तो भविष्य की बात है। जयपुर हवाई अड्डे से प्रियंका गांधी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ एक कार में होटल के लिए रवाना हुईं।

# त्रिपुरा की यात्रा करेंगे अमित शाह, रैली को करेंगे संबोधित

**भाषा।** अगरतला



**त्रिपुरा में** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-इंडीजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) के नेतृत्व वाली सरकार के चार साल पूरा करने के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मंगलवार को राज्य की एकदिवसीय यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वेस्ट त्रिपुरा जिला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बी जे रेड्डी ने सोमवार को बताया कि विवेकानंद मैदान में शाह जनसभा को संबोधित करेंगे और इसके मद्देनजर वहां करीब 700-800 सुरक्षा कर्मियों, अधिकतर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) तथा त्रिपुरा राज्य राइफल (टीएसएआर) के कर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, वेस्ट त्रिपुरा जिला के आनंदनगर में अतिरिक्त बल को तैनात किया गया है क्योंकि गृह मंत्री वहां मुख्यमंत्री बिप्लब देब और केंद्रीय सामाजिक अधिकारिता एवं न्याय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक की उपस्थिति में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर की आधारशिला रखेंगे। बिप्लब देब के नेतृत्व वाली सरकार के नौ मार्च को चार साल पूरे हो रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि शाह पूर्वाह्न करीब 11 बजे महाराज बीर बिक्रम हवाईअड्डा पहुंचेंगे जहां से वह पहले गोमती जिला जाएंगे और त्रिपुरेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इस दौरान वह मंदिर परिसर में आंगतुकों को अधिक से अधिक आकर्षित करने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित योजना प्रसाद (पिलग्रिमेज रेजुवेनेशन एंड स्प्रिचुअल हेरिटेज ऑगमेंटेशन ड्राइव) का आरंभ करेंगे। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष टिंकू रॉय ने कहा, भाजपा अपनी सरकार के चार साल पूरा करने के उपलक्ष्य में रैली को एक बड़ा आयोजन बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अधिकारी ने बताया कि शाह निजी विमान से यहां पहुंचने वाले हैं और वह शाम में राज्य से रवाना हो जाएंगे।

# डीजीपी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर न्यायालय ने बिहार, यूपीएससी से मांगा जवाब

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एस के सिंघल की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में नियुक्ति को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर बिहार सरकार और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि इस नियुक्ति से शीर्ष अदालत के फैसले का उल्लंघन हुआ है।

शीर्ष अदालत ने 1988 बैच के बिहार कैडर के आईपीएस अधिकारी सिंघल को भी नोटिस जारी किया है। सिंघल को दिसंबर 2020 में राज्य का डीजीपी नियुक्त किया गया था। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा, हम नोटिस जारी करेंगे। पीठ ने हालांकि बिहार के नरेंद्र कुमार धीरज की पुलिस मानिदेशक पद पर सिंघल की नियुक्ति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को झारखंड के वर्तमान पुलिस प्रमुख नीरज सिन्हा के खिलाफ एक अन्य लंबित मामले के साथ संलग्न करने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नहीं हम इसे अन्य मामलों के साथ संलग्न नहीं करेंगे। सुनवाई की शुरुआत में धीरज की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता जय सल्वा ने कहा कि सिंघल को डीजीपी नियुक्त करते हुए प्रदेश सरकार ने प्रकाश सिंह मामले में शीर्ष अदालत के फैसले का उल्लंघन किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि झारखंड के डीजीपी की नियुक्ति सहित दो राज्यों के पुलिस प्रमुखों को चुनौती देने वाली दो समान याचिकाएं लंबित हैं। इसके अलावा, इनमें से एक मामले में झारखंड सरकार, यूपीएससी और अन्य के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया गया है। सिंघल को उनके पूर्ववर्ती गुप्तेश्वर पांडे की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। बाद में उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना इस पद पर नियुक्त किया गया था। हाल ही में, शीर्ष अदालत ने झारखंड सरकार और डीजीपी नीरज सिन्हा के खिलाफ लंबित अवमानना याचिका पर तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि वह 31 जनवरी को सेवानिवृत्ति के बाद भी पद पर काबिज हैं। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल तीन सितंबर को, शीर्ष अदालत के फैसले के कथित उल्लंघन में एक अंतरिम डीजीपी की नियुक्ति में भूमिका के लिए झारखंड सरकार और यूपीएससी की आलोचना की थी। न्यायालय ने एक राज्य पुलिस प्रमुख के लिए दो साल का कार्यकाल तय किया था जिसका चयन यूपीएससी द्वारा तैयार की जाने वाली वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की सूची में से करना होता है। प्रकाश सिंह मामले में 2006 के शीर्ष अदालत के फैसले में कहा गया था कि एक राज्य के डीजीपी को राज्य सरकार द्वारा विभाग के तीन वरिष्ठतम अधिकारियों में से चुना जाएगा, जिन्हें यूपीएससी द्वारा उस रैंक पर पदोन्नति के लिए पुलिस बल का नेतृत्व करने के लिए उनकी सेवा की लंबाई, बहुत अच्छा रिकॉर्ड और अनुभव की व्यापकता के आधार पर पैनल में रखा गया है। न्यायालय ने कहा था कि एक बार पद के लिए चुने जाने के बाद उनका कार्यकाल कम से कम दो साल का होना चाहिए भले ही उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख कुछ भी हो।

# निर्वाचन अधिकारी ने तमिलनाडु निकाय चुनाव नतीजों में गड़बड़ी की बात स्वीकार की

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु के** मदुरै जिले में कल्लुपट्टी पंचायत से संबद्ध रहे निर्वाचन अधिकारी (आरओ) ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष स्वीकार किया कि उन्होंने निकाय चुनाव में वार्ड-10 के नतीजे को द्रमुक उम्मीदवार के पक्ष में बदला था। साथ ही आरओ ने दावा किया कि उन्होंने ऐसा राज्य में सत्तारूढ़ दल के स्थानीय पदाधिकारियों के दबाव के कारण किया। मुख्य न्यायाधीश एम एन भंडारी और न्यायमूर्ति डी भारत चक्रवर्ती की पीठ के समक्ष एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान आज आरओ ने चुनाव नतीजे में गड़बड़ी की बात स्वीकार की। याचिकाकर्ता एवं चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार रहीं आर पलानीसेल्वी द्वारा दायर याचिका में 22 फरवरी को आरओ द्वारा घोषित नतीजे को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता पलानीसेल्वी के मुताबिक, वह और उनकी प्रतिद्वंद्वी द्रमुक उम्मीदवार आर सुब्बुलक्ष्मी ने 19 फरवरी को हुए मतदान में समान संख्या में मत प्राप्त किए थे। हालांकि, इस मुद्दे को हल करने के लिए काफी मशक्कत की गई, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई और बाद में निर्वाचन अधिकारी ने सुब्बुलक्ष्मी को विजई घोषित कर दिया। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा कि संबंधित अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है और पलानीसेल्वी को विजई उम्मीदवार घोषित किया गया है।


देहरादून में एक कार्यक्रम के दौरान उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय मंत्री प्राह्लाद जोशी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक

# जन औषधि केंद्रों से बहुत फायदा पहुंचा है: मोदी

● कहा, सरकार ने कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए जरूरी 800 से अधिक दवाइयों की कीमत नियंत्रित की



भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने सोमवार को कहा कि सरकार ने कैंसर और हृदयरोग जैसी बीमारियों के इलाज के लिए जरूरी 800 से अधिक दवाइयों की कीमतों को नियंत्रित किया है और किफायती मूल्य में जेनरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए स्थापित किए गए जन औषधि केंद्रों से गरीबों और मध्यम वर्ग को बहुत फायदा पहुंचा है और साथ ही इनसे 13,000 करोड़ रुपए की बचत हुई है।
प्रधानमंत्री ने जन औषधि दिवस के अवसर पर जन औषधि केंद्र के मालिकों के साथ ही जेनरिक दवाइयां उपलब्ध कराने की योजना के लाभार्थियों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संवाद किया और उनके अनुभव सुने। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की शुरुआत विशेष रूप से गरीबों और वंचितों के लिए किफायती दरों पर गुणवत्ता वाली दवाइयां उपलब्ध कराने के मकसद से की गई है। संवाद के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि जन-औषधि केंद्र तन को औषधि देते हैं लेकिन साथ ही यह मन की चिंता करते हैं और धन को बचाकर जन-जन को राहत भी पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा, दवा का पर्चा हाथ में आने के बाद लोगों के मन में जो आशंका होती थी कि पता नहीं, कितना पैसा दवा खरीदने में खर्च होगा....., वह चिंता कम हुई है। मोदी ने कहा कि आज देश में साढ़े आठ हजार से ज्यादा जन-औषधि केंद्र खुले हैं और ए केंद्र अब केवल सरकारी स्टोर नहीं, बल्कि सामान्य जन के लिए समाधान केंद्र बन रहे हैं। इस कार्यक्रम का विषय जन औषधि-जन उपयोगी रखा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री मनसुख भाई मांडविया भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जेनरिक दवाइयों के उपयोग और जन औषधि परियोजना के फायदों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक मार्च से देशभर में जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है। देश में अभी 8,600 से अधिक जन औषधि स्टोर हैं। इसका उद्देश्य लोगों को वहनीय मूल्य पर दवाइयां उपलब्ध कराना है। मोदी ने कहा, हमारी सरकार ने कैंसर, टीबी, मधुमेह, हृदयरोग जैसी बीमारियों के इलाज के लिए जरूरी 800 से ज्यादा दवाइयों की कीमतों को भी नियंत्रित किया है। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि स्टेंट लगाने और घुटने इंप्लांट की कीमत भी नियंत्रित रहे। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में जन औषधि केंद्रों के जरिए 800 करोड़ रुपए से ज्यादा की दवाएं बिकी हैं और इसी साल जन औषधि केंद्रों के जरिए गरीब और मध्यम वर्ग के करीब 5,000 करोड़ रुपए की बचत हई है। उन्होंने कहा, अब तक करीब कुल 13,000 करोड़ रुपए की बचत लोगों को हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही सरकार ने निजी चिकित्सा कॉलेजों में आधी सीटों पर सरकारी चिकित्सा कॉलेजों के बराबर शुल्क करने का फैसला किया है और इसका बड़ा लाभ गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को मिलेगा। उन्होंने कहा, भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार स्वास्थ्य ढांचे को निरंतर मजबूत कर रही है। आजादी के इतने दशकों के बाद भी देश में केवल एक एम्स था लेकिन आज देश में 22 एम्स हैं। हमारा लक्ष्य देश के हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज खोलने का है। प्रधानमंत्री ने एक रुपए में सेनिटरी नेपकिन योजना की सफलता का उल्लेख किया और कहा कि 21 करोड़ सेनिटरी नैपकिन की बिक्री दर्शाती है कि जन औषधि केंद्रों ने देश में महिलाओं के जीवन को भी आसान बनाया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के दायरे में आज 50 करोड़ से ज्यादा लोग हैं और जब से यह योजना शुरू हुई है तब से तीन करोड़ से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने कहा, उन्हें अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिला है। अगर ए योजना नहीं होती, तो हमारे इन गरीब भाई-बहनों को करीब-करीब 70 हजार करोड़ रुपए का खर्च करना पड़ता। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के समय दुनिया के बड़े-बड़े देशों में वहां के नागरिकों को जहां एक-एक टीके के हजारों रुपए देने पड़े वहीं भारत में उनकी सरकार ने कोशिश की कि हिन्दुस्तान के एक भी नागरिक को टीकों के लिए कोई खर्चा न करना पड़े। उन्होंने कहा, आज देश में मुफ्त टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है और हमारी सरकार 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा इसमें खर्च कर चुकी है ताकि हमारे देश का नागरिक स्वस्थ रहें।

## जन औषधि योजना भारत में मूक क्रांति के रूप में आई : मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने वाली जन औषधि योजना देश में एक मूक क्रांति के रूप में आई है। मांडविया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई द्वारा जन औषधि दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। मांडविया ने कहा कि इस योजना के माध्यम से कई युवाओं को रोजगार भी मिला है क्योंकि जिनके पास दवा दुकान खोलने का प्रमाण पत्र है, वे जन औषधि केंद्र शुरू कर सकते हैं क्योंकि इसकी प्रक्रिया काफी सरल है। उन्होंने कहा, जन औषधि योजना महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों को सुनिश्चित करने में बहुत योगदान दे रही है। यह योजना देश में एक मूक क्रांति की तरह आई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह योजना गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की सच्ची मित्र बन गई है क्योंकि अब उन्हें कम कीमत पर जेनेरिक दवाएं मिल रही हैं। यहां आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी मौजूद थे। गुप्ता ने कहा कि (नरेंद्र) मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 8,664 जन औषधि केंद्र खोले हैं, जिसके माध्यम से लोगों को उचित मूल्य पर।,400 से अधिक गुणवत्ता वाली दवाएं मिल रही हैं, जिससे गरीबों और जरूरतमंदों को 13,000 करोड़ रुपए से अधिक की बचत हुई है।



कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर के दौरे के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपीनड्डा व उनके पारिवारिक सदस्य

## वडनगर निवासियों ने गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया

**अहमदाबाद।** गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर के निवासियों ने शहर में मिले कुछ वास्तुशिल्प संरचनाओं के संरक्षण के लिए बफर जोन को लेकर उनकी जमीन अधिगृहित करने के राज्य सरकार के कदम को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खुदाई परियोजना चलाई जा रही है। पीएम मोदी के गृहनगर वडनगर के ग्यारह परिवारों ने इस संबंध में उच्च न्यायालय से राज्य सरकार की अधिसूचना को रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

## क्विक न्यूज

### शीर्ष अदालत ने हत्या के जुर्म तीन लोगों को बरी करने का उच्च न्यायालय का फैसला रद्द किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्य के लिए उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें 2007 में हत्या के एक मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए कहा कि गवाहों के साक्ष्य सिर्फ इस आधार पर दरकिनार नहीं किए जा सकते क्योंकि वे मृतक के रिश्तेदार थे। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश को बहाल कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत तीन आरोपियों को दोषी ठहराया गया था और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा कि चश्मदीदों और घायल चश्मदीद गवाहों के बयान में कोई बड़ा या तथ्यात्मक विरोधाभास नहीं है और जहां तक इन तीन आरोपियों का सवाल है तो इन गवाहों के बयान एक जैसे ही है। उच्चतम न्यायालय ने राज्य और साथ ही मूल शिकायतकर्ता की अपीलों पर यह फैसला सुनाया जिन्होंने उच्च न्यायालय के फरवरी 2018 के फैसले को चुनौती दी थी।

### आंध्र प्रदेश विधानमंडल में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान तेदेपा की नारेबाजी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार को शोर-शराबे के साथ शुरू हुआ क्योंकि विपक्षी तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के सदस्यों ने नारेबाजी की और दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राज्यपाल बिस्व भूषण हरिचंदन के पारंपरिक अभिभाषण को बाधित किया। तेदेपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के आसन के पास जाकर राज्यपाल के अभिभाषण की प्रतियां फाड़ दीं और उन्हें हवा में उछाल दिया तथा नारेबाजी की। हालांकि, राज्यपाल ने अपना अभिभाषण पूरा किया। तेदेपा सदस्यों ने राज्यपाल वापस जाऔ के नारे लगाए और उन पर आरोप लगाया कि वह संवैधानिक संस्थानों की रक्षा करने में विफल रहे हैं। राज्यपाल के अभिभाषण के बीच में ही हालांकि तेदेपा सदस्यों ने विरोध में सदन से बहिर्गमन किया। प्रमुख विपक्षी सदस्यों ने बाद में विधानसभा की लॉबी में बैठने की कोशिश की लेकिन सदन के मार्शल ने उन्हें रोका जिससे दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। तेदेपा के सदस्य अड़े रहे और राज्यपाल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लॉबी में धरने पर बैठ गए। करीब एक घंटे के संबोधन के अंत में राज्यपाल को सुरक्षित रूप से विधानमंडल भवन से बाहर ले जाया गया। इससे पहले मार्शल ने यह सुनिश्चित किया कि विरोध कर रहे तेदेपा सदस्य सुरक्षा घेरा पार न कर पाएं।

### पहली बार आयोजित किए गए क्लासप्लस एंटरप्रेंयोर अवार्ड्स के दौरान क्लासप्लस ने शिक्षकों को सम्मानित किया

**लखनऊ।** क्लासप्लस ने क्लासप्लस एंटरप्रेंयोर अवार्ड समारोह के दौरान लखनऊ के 30 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया। यह पहला ऐसा अवार्ड समारोह था जो विशेष रूप से जयपुर में शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था। समारोह के दौरान शिक्षकों को शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रसिद्ध व प्रमुख शिक्षकों ने भाग लिया। विभिन्न श्रेणियों जैसे राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, स्किलिंग इंडिया अवार्ड,लीडिंग कोलैबोरेटर अवार्ड, एडु.स्ट्रीमर अवार्ड, सुपर स्टार अवार्ड और किंग ऑफ़ डाउनलोड अवार्ड में पुरस्कार दिए गए। शिक्षक अपने कर्तव्य से आगे बढ़ते हुए देश भर के छात्रों को सबसे कठिन समय में भी पढ़ा रहे हैं। शिक्षण व्यवसाय को ऑफ लाइन कक्षाओं से आगे बढ़ाने और क्लासप्लस द्वारा संचालित ऐप के माध्यम से अपने क्षेत्रों के बाहर अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचने के लिए टिप्स और ट्रिक्स भी बताएं। इस आयोजन ने शिक्षकों को एक.दूसरे के साथ नेटवर्किंग करने तथा उन लोगों से प्रेरणा लेने का अवसर भी दिया, जिन्होंने तकनीक को अपनाकर अपनी कक्षाओं को अगले स्तर तक ले जाने में सफलता पाई।

### मुंबई: बलात्कार मामले में न फंसाने के लिए रिश्वत लेते पकड़ा गया पुलिस उप निरीक्षक

**मुंबई।** मुंबई में बलात्कार के एक मामले में सह आरोपी न बनाने के लिए कथित तौर पर एक व्यक्ति से सात लाख रुपए लेते समय एक पुलिस उप-निरीक्षक को हिरासत में ले लिया गया। महाराष्ट्र भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएसआई भरत लक्ष्मण मुंडे (33) मुंबई में एन.एम. जोशी मार्ग थाने से संबद्ध है। सोमवार को जाल बिछाकर उसे सात लाख रुपए लेते हुए पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा, मुंडे ने अपने लिए पांच लाख, एक वरिष्ठ निरीक्षक के लिए 2 लाख और बलात्कार पीड़ित के लिए 30 लाख रुपए मांगे थे। महिला ने शिकायतकर्ता के संबंधी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कराया था।

## भौतिक विज्ञानी दीपक धर को दिया जाएगा बोल्ट्जमैन पदक

**पुणे।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर)- पुणे के भौतिक विज्ञानी प्रोफेसर दीपक धर का चयन प्रतिष्ठित बोल्ट्जमैन पदक-2022 के लिए किया गया है। संस्थान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। धर इस पदक के लिए चुने गए दो भौतिकविदों में से एक है, दूसरे पदक विजेता प्रिंसटन विश्वविद्यालय के प्रो. जॉन हॉपफील्ड हैं। यह पदक सांख्यिकीय भौतिकी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए तीन साल में एक बार दिया जाता है। पुरस्कार अगले साल अगस्त में तोक्यो, जापान में आयोजित होने वाले स्टैटफिस 28 सम्मेलन के दौरान प्रदान किया जाएगा।

## युवक आत्महत्या को लेकर भाजपा ने महाराष्ट्र सरकार पर साधा निशाना

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में पंढरपुर तहसील के एक युवक द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या करने को लेकर विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को विधान परिषद में महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विधान परिषद में विपक्ष के नेता प्रवीण दारेकर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बकाया बिलो पर बिजली की आपूर्ति काटे जाने से परेशान सूरज जाधव नामक युवक ने आत्महत्या कर ली। दारेकर ने कहा कि जाधव ने कुछ दिन पहले अपने घर मे आत्महत्या कर ली थी। जाधव ने एक फेसबुक लाइव सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि बिजली की आपूर्ति बंद होने के कारण वह बेहद परेशान है। भाजपा विधान परिषद के सदस्य सदाभाऊ खोत ने कहा कि राज्य सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए ।

## तेलंगाना में कोयला खदान का एक हिस्सा ढहा, पांच लोग फंसे

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पेड्डापल्ली जिले के रामागुंडम में सोमवार को एक कोयला खदान इकाई की छत ढहने से खदान के चार श्रमिकों सहित पांच लोग फंस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह कोयला खदान सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित है। यह घटना दोपहर करीब दो बजे उस समय हुई जब अड्रियाला लॉन्गवॉल प्रोजेक्ट माइन में सपोर्टिंग का काम चल रहा था। उन्होंने बताया कि खदान की छत का एक हिस्सा धंस गया।

## जान गंवाने वाली लड़की के अंतिम संस्कार में शामिल हुए सैकड़ों लोग

**श्रीनगर।** श्रीनगर में एक दिन पहले आतंकवादियों के ग्रेनेड हमले में जान गंवाने वाली 19 वर्षीय राफिया नाजिर का सोमवार को चकनबाग इलाके मे अंतिम संस्कार कर दिया गया, जिसमे सैकड़ों लोग शामिल हुए। राफिया के रिश्तेदारो और दोस्तो ने उसे याद किया और बताया कि हाल मे उसने अच्छे अंको के साथ 12वी की परीक्षा पास की थी और वह एक डॉक्टर बनना चाहती थी। शहर के आमिरा कदल इलाके के निकट हरि सिंह हाई स्ट्रीट मार्केट में हुए विस्फोट में किशोरी के सिर पर घातक चोट आई थी। इससे पहले, जैसे ही राफिया का शव शहर के चकनबाग इलाके मे लाया गया उसके घर के बाहर जमा सैकड़ो पुरुष और महिलाएं फूट-फूटकर रोने लगे।

# बेलारूस से भी भारतीय छात्र लौट रहे हैं घर

● यूक्रेन प्रभाव

भाषा। नई दिल्ली

**बेलारूस में** स्थानीय प्राधिकारियों और विश्वविद्यालयों से आश्वासन के बावजूद वहां पढ़ रहे भारतीय छात्र भी स्वदेश लौटने की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि उन्हें यूक्रेन युद्ध के और फैलने की आशंका है। यूक्रेन में युद्ध सोमवार को अपने 12वें दिन में प्रवेश कर गया और कीव और मॉस्को के बीच तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। छात्रों ने कहा कि बेलारूस में दहशत है और भारत में उनके परिवार भी उनकी कुशलता के बारे में चिंतित हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 23 फरवरी की रात को यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान की घोषणा की थी। चारों तरफ से जमीन से घिरे सबसे बड़े यूरोपीय देश और दो युद्धरत देशों की सीमा पर स्थित बेलारूस पर रूस का समर्थन करने का आरोप लग रहा है। बेलारूसी स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के मेडिकल छात्र सौरव ने कहा कि उन्होंने और उनके दोस्तों ने 10 मार्च के लिए भारत के लिए उड़ान में टिकट बुक की हैं। उन्होंने कहा, हम चिंतित हैं क्योंकि युद्ध समाप्त नहीं हो रहा है। जब यूक्रेन में हिंसा हुई तो बेलारूस में दहशत फैल गई। बेलारूस में कोई हिंसा नहीं हुई है, लेकिन हर कोई चिंतित है। इसलिए, छात्रों ने देश छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमने विश्वविद्यालय के अधिकारियों से हमें जाने की अनुमति देने का आग्रह किया। इससे पहले, उन्होंने यह कहते हुए अनुरोध को अस्वीकार कर दिया कि बेलारूस में कोई हिंसा नहीं है। इसलिए, हमने (भारतीय) दूतावास (मिन्स्क में) से संपर्क करने का फैसला किया। दूतावास द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारियों से बात करने के बाद , उन्होंने हमें जाने दिया। सौरव ने कहा कि कुछ छात्र पहले ही बेलारूस छोड़ चुके हैं, जबकि अन्य टिकट बुक करने का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उनकी कीमतें दोगुनी हो गई हैं। भारतीय दूतावास ने छात्रों को आश्वासन दिया कि जो लोग वहां रहना चाहते हैं, उन्हें जरूरत पड़ने पर निकाला जाएगा। केरल में एक छात्र समन्वयक प्रफुल्ल चंद्रन ने फोन पर बात करते हुए कहा कि छात्र चिंतित हैं और उनके माता-पिता की चिंताओं ने उन्हें बेलारूस छोड़ने के लिए प्रेरित किया है।

## भारतीय डॉक्टर को अपने पालतू तेंदुए व ब्लैक पैंथर की सुरक्षा की ज्यादा चिंता

**अमरावती ( आंध्र प्रदेश।** यूक्रेन में युद्ध के बीच फंसे डॉक्टर बांदी गिरि कुमार को अपने पालतू तेंदुए और ब्लैक पैंथर की सुरक्षा की चिंता ज्यादा है। डॉ. कुमार युद्धग्रस्त यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में एक इमारत के बेसमेंट हैं और उनके साथ वहां इतावली कुत्ते भी हैं। उनका कहना है कि यह सिर्फ उनकी सुरक्षा और जीवित रहने का सवाल नहीं है बल्कि उनके अनमोल तेंदुए और ब्लैक पैंथर की सुरक्षा का भी सवाल है। आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के तनुकु निवासी कुमार ने डोनबास से पीटीआई-भाषा से कहा, मेरे पास तब तक खुद को और मेरे पशुओं को बचाने के अलावा कोई चारा नहीं है जब तक ईश्वर की कृपा से कोई किरण नहीं दिखती। ईश्वर महान है। मैं सबको यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि यह मेरी सुरक्षा या बचे रहने या मुझे निकालने का सवाल नहीं है, बल्कि यह मेरे अनमोल पशुओं की सुरक्षा और उनके जीवन का भी प्रश्न है। उनके पालतू तेंदुए का नाम यगवार है और ब्लैक पैंथर का नाम सबरीना है। मैं उनके (पालतू पशुओं) साथ अपने बच्चों की तरह व्यवहार करता हूं और उन्हें तबसे पाला है जब वे बहुत छोटे थे और अकेले थे। उन्होंने 2020 में बीमार यगवार को एक चिड़ियाघर से लिया था जबकि सबरीना कुछ महीने पहले ही उन्हें मिली है। हड्डियों के डॉक्टर कुमार डोनबास में तेंदुए, ब्लैक पैंथर और इतावली कुत्तों के साथ रहते हैं। डोनबास यूक्रेन का वह इलाका है जहां भीषण लड़ाई चल रही है। कुमार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि इन पशुओं की देखभाल को लेकर न ही भारतीय और न ही यूक्रेन के अधिकारियों ने उनसे बात की है।



एसकेएम के बैनर तले विभिन्न किसान संगठनों ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में नियमों में बदलाव के विरोध में अमृतसर में प्रदर्शन किया

## फर्जी अल्पसंख्यक प्रमाण-पत्र जारी करने को लेकर सत्र में हंगामा, भाजपा का बहिर्गमन

भाषा। जयपुर

**राजस्थान के कुछ** हिस्सों में कुछ जाति विशेष के फर्जी अल्पसंख्यक प्रमाण-पत्र बनाए जाने का मुद्दा विधानसभा में उठाया गया। राज्य सरकार ने कहा कि अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र के संबंध में जारी किए गए नवीन दिशा-निर्देशों व परिपत्र का उद्देश्य अल्पसंख्यकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। हालांकि, राज्य सरकार के जवाब से असंतुष्ट भाजपा विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया। नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया व विधायक शंकर सिंह रावत ने अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र जारी किए जाने संबंधी नवीन दिशानिर्देशों में अस्पष्टता व विसंगति होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए शून्यकाल में यह मामला उठाया। इस पर अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री शाले मोहम्मद ने कहा कि विभाग द्वारा अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र के संबंध में जारी किए गए नवीन दिशा-निर्देशों व परिपत्र का उद्देश्य अल्पसंख्यकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति द्वारा फर्जी अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र बनाया गया है तो इसके संबंध में शिकायत जिला कलेक्टर व प्रमुख शासन सचिव की अध्यक्षता में गठित समितियों के समक्ष की जा सकती है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों के अंतर्गत मुस्लिम, ईसाई, जैन, सिख, पारसी एवं बौद्ध अल्पसंख्यक समुदाय में आते हैं और ए समुदाय विभिन्न जातियों में विभक्त हैं।

## खगोल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान के हर जिले में उच्च गुणवत्ता वाली दूरबीन

भाषा। नई दिल्ली


**राजस्थान** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव मुग्धा सिन्हा ने कहा है कि जयपुर के चार प्रमुख पर्यटन स्थलों सहित प्रत्एक जिले में उच्च गुणवत्ता वाली दूरबीन स्थापित करने संबंधी राज्य सरकार के फैसले से नाइट स्काई एस्ट्रो टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रीय राजधानी के बीकानेर हाउस में भी ऐसी ही दूरबीन लगाई जाएगी। इस कदम से नाइट स्काई एस्ट्रो टूरिज्म के जरिए विज्ञान को आम जनता से जोड़ने और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इन दूरबीनों को स्थापित करने के निर्णय से राज्य में विज्ञान, खगोल विज्ञान और रात्रि आकाश खगोल पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। लोग रात के पर्यटन का आनंद लेने के लिए जयपुर और अन्य जिलों की यात्रा कर सकते हैं।

# बंदोपाध्याय की अर्जी दिल्ली स्थानांतरित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

● पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्य सचिव हैं अलपन

भाषा। नई दिल्ली

**पश्चिम बंगाल** के पूर्व मुख्य सचिव अलपन बंदोपाध्याय के खिलाफ चल रहे मामले की कार्यवाही संबंधी अर्जी कोलकाता से नई दिल्ली स्थानांतरित करने के केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की एक पीठ ने कहा कि अर्जी स्थानांतरित करने के फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई उचित कारण नजर नहीं आता। साथ ही, पीठ ने स्पष्ट किया कि वह उनके खिलाफ कार्यवाही के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं कर रही है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह आदेश कानून के दायरे में पारित किया गया था जोकि कैट चेयरमैन को संबंधित पक्षों को सुनने के बाद मामले को एक पीठ से दूसरी पीठ को स्थानांतरित करने की शक्ति प्रदान करता है। पीठ ने अपने 13 पन्नों के आदेश में कहा, इस अदालत को प्रशासनिक शक्तियों के उपयोग के संबंध में कोई कमी नहीं लगती। चेयरमैन की प्रशासनिक शक्तियों के संदर्भ में यह अदालत इसके फैसले में बदलाव नहीं कर सकती क्योंकि निर्णय लेने की प्रक्रिया में कोई अवैधता, मनमानी या कमी नहीं पाई गई। अदालत ने याचिकाकर्ता की



उस दलील को भी खारिज कर दिया कि उन्हें सुनवाई के लिए अवसर प्रदान नहीं किया गया और कहा कि कैट का आदेश साफ तौर पर यह दर्शाता है कि याचिकाकर्ता की ओर से एक वरिष्ठ अधिवक्ता समेत वकीलों की टीम ने उनका पक्ष रखा था। बंदोपाध्याय ने 28 मई, 2021 को कलाईकुंडा वायुसेना स्टेशन पर चक्रवाती तूफान यास के प्रकोप पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में शामिल नहीं होने के मामले में उनके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही को चुनौती देने के लिए कैट की कोलकाता पीठ का रुख किया था। यह कार्यवाही कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने शुरू की थी। बंदोपाध्याय की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता कार्तिकेय भट्ट ने तर्क दिया था कि अर्जी स्थानांतरित करने के आदेश को नैसर्गिक न्याय, समानता एवं निष्पक्षता के सिद्धांतों का पूर्ण उल्लंघन कर जारी किया गया, क्योंकि उन्हें अपनी आपत्तियां लिखित में दर्ज कराने का अधिकार भी नहीं दिया गया था और केन्द्र का अनुरोध सुनवाई के पहले दिन ही स्वीकार कर लिया गया था। आदेश जारी करते समय अधिकारी की सुविधा पर विचार किया जाना चाहिए।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से एक दिन पहले मुरादाबाद में महिलाएं रंगों से दिवस मनाती हुई

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 मार्च, 2022



# ब्रेंट क्रूड 10 डॉलर चढ़ा, यूक्रेन संकट गहराने से दुनियाभर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट

एपी। तोक्यो

**यूक्रेन द्वारा** रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग के बीच दोनों देशों में संघर्ष गहराने से कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को 10 डॉलर प्रति बैरल की जोरदार तेजी आई, जबकि दुनियाभर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। एशिया में ब्रेंट कच्चा तेल दिन में कारोबार के दौरान 12 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गया, जबकि मानक अमेरिकी कच्चा तेल करीब 10 डॉलर बढ़कर 125 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया। बाजार में ताजा उथल-पुथल उस समय शुरू हुई जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूसी सेना ने यूक्रेन के रणनीतिक स्थानों को कब्जे में ले लिया है। इस दौरान शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट हुई। फ्रांस का सीएसी-40 शुरुआती कारोबार में 3.6 फीसदी की गिरावट के साथ 5,841.82 पर रहा, जबकि जर्मनी का डीएएक्स करीब 4.1 फीसदी की गिरावट के साथ 12,564.78 पर आ गया। ब्रिटेन का एफटीएसई-100 दो प्रतिशत गिरकर 6,848.87 पर आ गया। अमेरिकी में डाउ वायदा 1.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 33,048 पर था। एसएंडपी-500 वायदा 1.7 फीसदी गिरकर 4,252 पर आ गया। संकट के समय सुरक्षित निवेश माना जाने वाला सोना 26 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 1,992.90 डॉलर के भाव पर पहुंच गया। इस बीच, लीबिया की राष्ट्रीय पेट्रोलियम कंपनी ने कहा कि एक सशस्त्र समूह ने दो महत्वपूर्ण तेल क्षेत्रों को बंद कर दिया, जिसके बाद तेल की कीमतों पर अतिरिक्त दबाव देखा गया। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने कहा कि सदन रूस को वैश्विक अर्थव्यवस्था से अलग करने के उपायों पर विचार कर रहा है, जिसमें उसके तेल और ऊर्जा उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। दिन में एक वक्त अंतराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 139.13 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया था।

## सेंसेक्स में 1,491 अंक की भारी गिरावट, निफ्टी 16,000 अंक से नीचे उतरा

**मुंबई।** रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक बाजारों में बिकवाली से सोमवार का दिन घरेलू शेयर बाजारों के लिए काफी नुकसानदेह साबित हुआ और सेंसेक्स में 1,491 अंक की भारी गिरावट आई, जबकि निफ्टी 16,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए में बड़ी गिरावट आने के साथ ही विदेशी कोषों की भारतीय बाजार से निकासी जारी रहने से भी बाजार में अफरातफरी का माहौल बना। बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स की शुरुआत बेहद कमजोर रही और दिनभर के कारोबार में इसमें 1,966.71 अंक तक की उठापटक देखी गई। बाद में यह नुकसान की थोड़ी भरपाई करने में सफल रहा और अंत में 1,491.06 अंक की गिरावट के साथ 52,842.75 अंक पर बंद हुआ।

# सड़क हादसों की फारेंसिंक जांच में ड्रोन, रोबोट का इस्तेमाल हो: गडकरी

भाषा। नई दिल्ली

**सड़क परिवहन** एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि भारत जैसे विकासशील देशों के लिए सड़क सुरक्षा एक चुनौती बनी हुई है और कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित ड्रोन एवं रोबोट प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सड़क हादसों की फॉरेंसिक जांच में किया जा सकता है।

गडकरी ने मशीन विजन एंड ऑगमेंटेड इंटेलिजेंस पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात प्रबंधन प्रणाली के साथ एआई-आधारित प्रौद्योगिकी के व्यापक एकीकरण की जरूरत है ताकि मानवीय दखल को दूर कर गलतियों की संभावना कम की जा सके। गडकरी ने कहा, सड़क सुरक्षा दुनियाभर में बड़ी चिंता का विषय है और भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह एक चुनौती बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए सड़क सुरक्षा प्राथमिकता में बहुत ऊपर है। इसकी वजह यह है कि देश में साल भर में पांच लाख सड़क दुर्घटनाओं में करीब 1.5 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

गडकरी ने कहा, इन सड़क हादसों की फॉरेंसिक जांच के लिए एआई-आधारित ड्रोन एवं रोबोट का इस्तेमाल किया जा सकता है। गडकरी के मुताबिक, यातायात बाधित होने की स्थिति असंतुलित मांग एवं आपूर्ति गणनाओं से पैदा होती है। ऐसी स्थिति में एआई आधारित उपकरणों की मदद से यातायात के हालात की सटीक ढंग से जांच, विश्लेषण एवं पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली को भारतीय राजमार्गों पर लगाया जा चुका है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक सेंसर एवं एचडी कैमरों की मदद से एकीकृत आंकड़े संकलित किए जाते हैं।

# माइक्रोसॉफ्ट हैदराबाद में डाटा केंद्र स्थापित करेगी

● 15 साल में करेगी 15,000 करोड़ रुपए का निवेश

भाषा। नई दिल्ली

**सूचना प्रौद्योगिकी** कंपनी माइक्रोसॉफ्ट भारत में अपना चौथा डाटा केंद्र हैदराबाद में स्थापित करने जा रही है। यह भारत में कंपनी का सबसे बड़ा और चौथा डाटा केंद्र होगा। कंपनी इस केंद्र पर 15 साल की अवधि में 15,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री के टी रामाराव ने सोमवार को कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद माइक्रोसॉफ्ट के भारत में डाटा केंद्र में सबसे बड़े निवेश का गंतव्य है। कंपनी इसमें 15 साल में 15,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यह तेलंगाना में आने वाला सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) है। माइक्रोसॉफ्ट को उम्मीद है कि यह डाटा केंद्र वर्ष 2025 तक चालू हो जाएगा। कंपनी इसके अलावा पुणे, मुंबई और चेन्नई में तीन केंद्र स्थापित कर चुकी है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष अनंत माहेश्वरी ने संवाददाताओं से कहा, आगे चलकर यह भारत में हमारा सबसे बड़ा डाटा केंद्र होगा। हम इसे हैदराबाद में स्थापित कर रहे हैं। आम तौर पर इस तरह के बुनियादी ढांचे को खड़ा करने में 24 महीने लगते हैं। इस डाटा केंद्र के वर्ष 2025 तक चालू होने का अनुमान है। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट का डाटा केंद्र हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था को एक प्रतिस्पर्धी लाभ की स्थिति में लाता है। यह हमारे देश की क्षमता में दीर्घावधि का निवेश है। यह निवेश देश के श्रमबल को आज और भविष्य के लिए कुशल बनाएगा।

## चार दिनों में निवेशकों के 11.28 लाख करोड़ रुपए डूब गए

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी रहने के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई। यह लगातार चौथा सत्र है जबकि बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। इन चार कारोबारी सत्रों में निवेशकों को 11.28 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में लगातार चौथे दिन गिरावट का सिलसिला जारी रहा और यह।,491.06 अंक यानी 2.74 प्रतिशत टूटकर 52,842.75 अंक पर आ गया। दिन में कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स।,966.71 अंक यानी 3.61 प्रतिशत के नुकसान के साथ 52,367.10 अंक पर आ गया था। शेयर बाजारों में गिरावट के बीच बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण चार दिन में 11,28,214.05 करोड़ रुपए घटकर 2,41,10,831.04 करोड़ रुपए पर आ गया है। इन चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 3,404.53 अंक यानी 6.05 प्रतिशत नीचे आया है।

# बजट घोषणाएं, पीएलआई योजना देश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास: गोयल

भाषा। नई दिल्ली



**वाणिज्य एवं** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि बजट में की गई घोषणाएं और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) देश को आत्मनिर्भर और सतत वृद्धि हासिल करने में मदद करेंगी। उन्होंने कहा कि भारत आने वाले दिनों में ऊर्जा उत्पादन के लिए अपने पशुधन आधार का उपयोग करने की उम्मीद कर रहा है।उन्होंने एक्सपो-2020 दुबई में भारतीय पवेलियन में पर्यावरण पर आयोजित सत्र के दौरान कहा, पिछले वर्ष और इस वर्ष हमारा बजट तथा पीएलआई योजना देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हमारा प्रयास हैं। यह भारत के स्थिर भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धताओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे कई स्टार्टअप को भी बढ़ावा दे रहे हैं, जो स्थिरता पर काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान पर्यावरण योद्धाओं से कार्बन उत्सर्जन को कम करने, जलवायु उद्यमिता को अपनाने और इसे एक मिशन बनाने तथा घर पर ऐसी पहल शुरू जैसे तीन मोर्चों पर ध्यान केंद्रित करने का भी आह्वान किया।

## भारत-बांग्लादेश संबंधों की मजबूती के लिए निर्बाध आपूर्ति शृंखला, रक्षा सहयोग महत्वपूर्णः गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला, साथ मिलकर रक्षा उपकरणों का उत्पादन, निवेश के संभावित क्षेत्रों की तलाश और फार्मा जैसे क्षेत्रों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने भारत-बांग्लादेश के हितधारकों की बैठक के उद्घाटन सत्र में कहा कि दोनों देश दुनिया की फार्मेसी बनने की दिशा में काम कर सकते हैं। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और भारत आने वाले दिनों में पड़ोसी देश के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते को आगे बढ़ाना चाहता है। क्या मैं भारत-बांग्लादेश संबंधों को मजबूत करने के लिए चार केंद्रित क्षेत्रों का सुझाव दे सकता हूं-क्या हम निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला बना सकते हैं, जो वक्त की जरूरत है, हमें रक्षा उपकरणों के संयुक्त उत्पादन को और अधिक बढ़ावा देने की जरूरत है और कपड़ा, जूट, चमड़ा, जूते, चिकित्सा उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे निवेश के संभावित क्षेत्रों में काम करने जरूरत है।

# सीबीडीटी व सीबीआईसी को करधारकों की शिकायतों पर लगाई फटकार

भाषा। बेंगलुरु



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने करधारकों की शिकायतों पर कथित रूप से ध्यान नहीं देने के लिए सोमवार को कर बोर्डों को फटकार लगाते हुए उन्हें निर्देश दिया कि कर अधिकारी शनिवार का दिन शिकायतों की सुनवाई के लिए सुरक्षित रखें। सीतारमण ने यहां एक बजट-बाद परिचर्चा के दौरान कर कटौती से जुड़े एक सवाल पर यह प्रतिक्रिया दी। कर्नाटक बैंक के महाप्रबंधक एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) मुरलीधर राव ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम के कुछ प्रावधानों और प्रत्यक्ष कर कटौतियों के बारे में स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी।

इस सवाल पर कर बोर्डों के अधिकारियों के जवाब देने से पहले ही सीतारमण ने दखल देते हुए कहा, मैं यह जानने को उत्सुक हूं कि क्या सीबीआईसी और सीबीडीटी के अधिकारी यहां मौजूद हैं? क्या आप अपने कर निर्धारिती के संपर्क में रहते हैं? ए ऐसे सवाल नहीं हैं जिन पर वित्त मंत्रालय के सचिव यहां बैठकर स्थिति स्पष्ट करें। यह काम कर बोर्डों का है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कहा, मैं अब सीबीडीटी और सीबीआईसी को यह कहूंगी कि शनिवार का दिन खाली रखें और करधारकों के साथ बात करें और सभी जरूरी बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करें। उन्होंने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे कर-निर्धारिती के साथ कर कानूनों में मौजूद खामियों एवं नीतियों में जरूरी संशोधनों पर चर्चा करें। इससे वित्त विधेयक में जरूरी कर संशोधन तैयार करने में मदद मिलेगी।

## आम बजट निरंतरता कायम रखने, कर-अनुकूल व्यवस्था प्रदान करने में मददगार : वित्त मंत्री

**बेंगलुरु।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 का बजट निरंतरता कायम रखने और एक कर-अनुकूल व्यवस्था प्रदान करने में मददगार होगा। वित्त मंत्री ने यहां उद्योग जगत के साथ बजट-बाद परिचर्चा में कहा कि बजट में इस तरह की व्यवस्था की गई है जब देश अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा तो वह इसका लाभ ले सकेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट अगले 25 साल का दृष्टिकोण पेश करता है। सीतारमण ने कहा, यह बजट निरंतरता कायम करने वाला, अनुकूल कर व्यवस्था उपलब्ध कराने वाला और हमारी अगले 20 से 25 साल की योजनाओं को पूरा करने वाला साबित होगा। यह हमें दृष्टिकोण प्रदान करता है और साथ ही बुनियादी ढांचे में हम जो हासिल करना चाहते हैं उसके लिए रूपरेखा भी प्रदान करता है। इससे हम खुद को गौरान्वित महसूस करेंगे। सीतारमण ने कहा कि बजट में प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था को डिजिटल बनाने पर जोर है। वित्त मंत्री ने इस बात को रेखांकित किया कि देश अब भी कोविड-19 के प्रभाव से बाहर आने का प्रयास कर रहा है। देश को स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए समर्थन देने वाली प्रणाली की जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब बच्चों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जिनकी शिक्षा के दो साल खराब हो गए हैं।

# ओटीपी, सीवीवी की जानकारी किसी से साझा नहीं करें

● रिजर्व बैंक ने लोगों को सतर्क किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल के वर्षों में डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों से ओटीपी और सीवीवी जैसी गोपनीय बैंकिंग जानकारियां किसी के साथ भी साझा नहीं करने को कहा है। आरबीआई ने सोमवार को बैंकिंग धोखाधड़ी पर एक पुस्तिका जारी करते हुए कहा कि धोखेबाज आम लोगों की मेहनत से कमाए पैसे को उड़ाने के नए-नए तरीके आजमा रहे हैं। लिहाजा लोगों को खासी सतर्कता बरतने की जरूरत है। इसके मुताबिक, वित्तीय प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी का हिस्सा बनने वाले नए लोग इस जालसाजी की गिरफ्त में जल्दी आ जाते हैं। जनहित में जारी रिजर्व बैंक की पुस्तिका में वित्तीय धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले तौर-तरीकों का ब्योरा देने के साथ ही उनसे बचने के तरीके भी सुझाए गए हैं। इसके मुताबिक, लोग कभी भी वित्तीय लेनदेन के दौरान ओटीपी और सीवीवी की जानकारी किसी के साथ साझा न करें। केंद्रीय बैंक ने धोखाधड़ी की शिकायतों के विश्लेषण के आधार पर तैयार इस पुस्तिका में कहा है कि जाने-अनजाने में अपने लेनदेन के दौरान गोपनीय जानकारी देने से लोग आसानी से वित्तीय धोखाधड़ी की चपेट में आ जाते हैं। इससे बचने के लिए जरूरी है कि लोग किसी को भी अपने बैंक कार्ड का सीवीवी या डिजिटल लेनदेन के समय जारी होने वाले ओटीपी की जानकारी अपने परिवार के सदस्यों या दोस्तों तक से भी साझा नहीं करने का सुझाव दिया है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, बैंक अधिकारी, वित्तीय संस्थान, आरबीआई या दूसरे निकाय कभी भी अपने ग्राहकों से गोपनीय जानकारियां नहीं मांगते हैं और अगर कोई ऐसा करता है तो लोगों को सतर्क हो जाना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### इस सप्ताह बढ़ सकते हैं पेट्रोल, डीजल के दाम

**नई दिल्ल।** देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार चार महीने तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों में ठहराव बाद इस सप्ताह वाहन ईंधन की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के 13 वर्ष के रिकॉर्ड स्तर 140 डॉलर प्रति पर पहुंचने के बावजूद ईंधन की कीमतों में कोई वृद्धि नही होने के बाद पेट्रोलियम कंपनियां अब अपने घाटे की भरपाई करने के लिए तैयार है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल, अमेरिकी तेल बेंचमार्क रविवार शाम को बढ़कर 130.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यह जुलाई, 2008 के बाद कच्चे तेल का उच्चतम स्तर है। गौरतलब है कि भारत अपनी कच्चे तेल की 85 प्रतिशत जरूरत आयात के जरिए पूरा करता है। तेल की कीमतों में इस साल पहले से ही 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हो चुकी है और कमजोर रुपया देश के लिए और परेशानी बढ़ रहा है। उद्योग से जुड़े सूत्रों ने कहा कि ईंधन खुदरा विक्रेताओं के घाटे को कम करने के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की जरूरत है।

### फूजीफिल्म युद्धग्रस्त यूक्रेन में मानवीय सहायता के लिए 20 लाख डॉलर की मदद देगी

**नई दिल्ली।** फूजीफिल्म होल्डिंग्स ने सोमवार को कहा कि वह यूक्रेन और उसके पड़ोसी देशों में मानवीय सहायता के लिए 20 लाख अमेरिकी डॉलर की मदद देगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) को मानवीय राहत प्रयासों में मदद के लिए 10 लाख डॉलर प्रदान करेगी। इसके अलावा कंपनी यूक्रेन में युद्ध से प्रभावित आबादी की चिकित्सा देखभाल के लिए 10 लाख डॉलर के चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराएगी, जिसमें फूजीफिल्म की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन और हाथ से चलने वाला वायरलेस अल्ट्रासाउंड उपकरण शामिल है।

### हायर ने डीप फ्रीजर फैक्ट्री का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** होम अप्लायंसेज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी और लगातार 13 वर्षों तक प्रमुख उपकरणों के क्षेत्र में दुनिया के नंबर 1 ब्रांडए हायर ने आज रंजनगांवए पुणे में अपने पहले इंडस्ट्रियल पार्क में डीप फ्रीजर बनाने के लिए अपनी नई फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस नई फैक्ट्री के साथए हायर ने भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप प्रीमियम और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण करते हुएए स्थानीय मैन्यूफैक्चरिंग को प्रोत्साहन देने के लिए शुरू की गई केंद्र सरकार की श्मेक इन इंडियाश् पहल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इसके अलावाए यह निवेश भारत में हायर की स्थिति को मजबूती प्रदान करेगा और बेहतर गुणवत्ता वाले डीप फ्रीजर उत्पादों की वार्षिक उत्पादन क्षमता को 5 लाख यूनिट तक बढ़ाएगा। हायर भारत में स्थानीय मैन्यूफैक्चरिंग के जरिये प्रीमियम प्रोडक्ट्स के उत्पादन पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है। नई डीप फ्रीजर फैक्ट्री की स्थापना के साथ कंपनी स्थानीय बाजार की उभरती जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों का निर्माण करने में सक्षम बनेगी। इसी तरहए यह विस्तार बेहतर बिजनेस पार्टनरशिप के लिए एक खुले मंच के रूप में काम करेगाए जिससे स्थानीय उत्पादन बढ़ेगा और उत्पादों के कम आयात के साथ व्यापक विकास संभव हो सकेगा।

### डिश टीवी दिसंबर की एजीएम के नतीजों का खुलासा करे: सेबी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने डिश टीवी से तत्काल 30 दिसंबर, 2021 को हुई वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के नतीजों का खुलासा करने को कहा है। सेबी ने यह आदेश यस बैंक लि., इंडसइंड बैंक और अन्य शेयरधारकों से मिली शिकायतों के बाद दिया है। इन शेयरधारकों ने आरोप लगाया था कि डिश टीवी ने गलत तरीके से एजीएम में रखे गए विभिन्न प्रस्तावों पर मतदान के नतीजों को रोका है। यस बैंक और इंडसइंड बैंक कंपनी के सबसे बड़े शेयरधारकों में से है। 31 दिसंबर, 2021 तक यस बैंक के पास कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी की 24.78 प्रतिशत और इंडसइंड बैंक के पास 3.78 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि बंबई उच्च न्यायालय ने कंपनी पर मतदान के नतीजे घोषित करने की कोई रोक नही लगाई है।

### शॉप्सी ने किया अपने ग्राहक आधार में विस्तार

**बेंगलुरू।** फ्लिपकार्ट के सोशल कॉमर्स प्लेटफार्म शॉप्सी ने अपने लॉन्च के बाद से अब तक 60 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि दर्ज करा ली है शॉप्सी का मकसद वैल्यू आधारित और विश्वसनीय प्लेटफार्म के रूप में ग्राहकों को किफायती कीमतों पर उपलब्ध ढेरों किस्मों के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को उपलब्ध कराना है इस बीच शॉप्सी ने अपना पहला ऐड कैम्पेन इट हैपन्स ओनली ऑन शॉप्सी जारी किया है इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खां और आयशा रज़ा मिश्रा दिखायी दे रही हैं और यह विज्ञापन ई.कॉमर्स खरीदारों के साथ अनूठा जुड़ाव कायम करते हुए उन्हें अपनी लाइफस्टाइल जरूरतों को आकर्षक कीमतों पर पूरा करने के लिए शॉप्सी के प्लेटफार्म से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है। प्रकाश सिकारिया सीनियर वाइस प्रेसीडेंट ग्रोथ एंड मॉनेटाइज़ेशन फ्लिपकार्ट ने कहा हम ऐसी कम्युनिटी तैयार करना चाहते हैं जो सही मायने में देश में कॉमर्स को सभी के लिए सुलभ बनाए शॉप्सी की स्थापना के समय से ही हमारी प्राथमिकता ग्राहकों की जरूरतों पर ध्यार देते हुए उन्हें फ्लिपकार्ट के डिलीवरी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और टैक्नोलॉजी की बदौलत बेहतरीन पेशकश का लाभ दिलाना रही है।

### मार्स रिग्ली ने पेश किया चॉकलेट ब्रैंड स्निकर्स

**मुम्बई।** मार्स रिग्ली ने एक बार फिर एक अनूठी पहल करते हुये अपना नया चॉकलेट ब्रैंड स्निकर्स पेश किया है और अपने पोर्टफोलियो में विस्तार करते हुए ऐसे ट्रीट्स और स्निकर्स शामिल किए हैं जिन्हें भारत न सिर्फ पसंद करता है बल्कि इनकी तारीफों के पुल बांधने से भी पीछे नहीं हटता अब नए स्निकर्स केसर पिस्ता में है शाही मसाले यानी केसर का स्वाद और साथ में है शाही मेवा पिस्ता यानी ऐसा जबर्दस्त मेल जो भारत के विभिन्न राज्यों में मिलने वाली अनेक मिठाइयों और डैज़र्ट्स में काफी पसंद किया जाता है।

### घाटे में चल रही खदानों को बनाए रखने की स्थिति में नहीं है कोल इंडिया: कोयला सचिव

**कोलकाता।** कोयला ब्लॉकों के निजीकरण के मद्देनजर मुकाबले में बने रहने के लिए कोल इंडिया घाटे में चल रही खदानों को बनाए रखने की स्थिति में नहीं होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि बिजली की मांग में छह प्रतिशत तक की बढ़ोतरी के बावजूद भारत में अगले साल तक तापीय बिजली संयंत्रों में कोयले का अधिशेष होगा। कोयला सचिव ए के जैन ने एमजंक्शन द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कहा, सुधारों से शुष्क ईंधन के उपभोक्ताओं के लिए कोयला क्षेत्र अधिक आकर्षक बन जाएगा, लेकिन खनन गतिविधियों को लेकर मंथन भी होगा। मुझे लगता है कि कोल इंडिया घाटे में चल रही खदानों को चालू रखने और आर्थिक रूप से कमजोर खदानों को बनाए रखने की स्थिति में नहीं होगी। पिछले साल महारत्न कंपनी ने कहा था कि वह घाटे में चल रही 23 खदानों को बंद कर देगी, और इससे कंपनी को लगभग 500 करोड़ रुपए की बचत करने में मदद मिलेगी।

# पेज एक का शेष

## मोदी ने पुतिन को...

पूर्वी यूक्रेन में सूमी और खार्किव को रूसी सैन्य हमले का खामियाजा भुगतना पड़ा है जहां 700 से अधिक भारतीय छात्र सूमी में फंसे हुए हैं। दोनों नेताओं के साथ प्रधान मंत्री की बातचीत ऐसे समय में हुई जब भारी लड़ाई के बीच यूक्रेन के पूर्वी हिस्से से भारत अपने सभी नागरिकों को निकालने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। मोदी ने पुतिन से बात करते हुए सूमी सहित यूक्रेन के कुछ हिस्सों में संघर्षविराम की घोषणा और मानवीय गलियारों को खोलने की सराहना की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बाद में दोनों नेताओं ने यूक्रेन में उभरती स्थिति पर चर्चा की। पुतिन ने मोदी को यूक्रेन और रूस की टीमों के बीच वार्ता की स्थिति से अवगत कराया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से करीब 35 मिनट की वार्ता में मोदी ने हिंसा को तत्काल समाप्त करने के अपने आह्वान को दोहराते हुए कहा कि भारत हमेशा से मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान और दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता रहा है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने सूमी में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए भारत की ओर से किए जा रहे प्रयासों में यूक्रेन सरकार से मदद जारी रखने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन से भारतीयों को निकालने में यूक्रेन सरकार द्वारा की गई मदद के लिए जेलेंस्की का आभार जताया। दोनों नेताओं के बीच बात ऐसे समय में हुई है, जब रूस के हमले का सामना कर रहे यूक्रेन से छात्रों समेत अपने नागरिकों को निकालने के लिए भारत हर संभव प्रयास कर रहा है।

## दिल्ली के घायल हरजोत...

खार्किव और सूमी को छोड़कर यूक्रेन के शेष भागों से लगभग सभी भारतीयों को निकाल लिया गया है। आईएएफ की एक उड़ान सोमवार को नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह, हरजोत सिंह और लगभग 205 भारतीयों को लेकर हिंडन एयरबेस पर शाम 6.15 बजे उतरी। विमान सुबह 10.30 बजे पोलैंड के रेज़ज़ो से रवाना हुई थी। वीके सिंह छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए पोलैंड में थे। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि मुझे आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि हम हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर उतरे हैं। सभी 205 भारतीय छात्र सुरक्षित और स्वस्थ हैं। हरजोत को सेना अस्पताल (आर एंड आर) में स्थानांतरित किया जा रहा है। हम सभी की देखभाल करने के लिए चालक दल को मैं धन्यवाद देता हूं। हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने हरजोत को निकाल लिया है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि हरजोत को सेना के अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) भेजा जाएगा, क्योंकि गोलियों के घाव के इलाज में सेना से बेहतर कोई नहीं है। 31 वर्षीय हरजोत अपने दो दोस्तों के साथ बचने के लिए कीव से पश्चिमी यूक्रेन के शहर लविवि जाने के लिए एक टैक्सी में सवार हुए थे जहां उनको चार गोलियां लगी थीं। पोलैंड से गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस पर पहुंचे एक अन्य छात्रा ने कहा कि हमने एक बंकर में शरण ली थी, जहां यूक्रेनी सेना ने भी थोड़ी मदद की। स्थिति में सुधार होने पर हम लविवि के रास्ते पोलैंड पहुंचे। हम लगातार हो रही बमबारी के कारण डर गए थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सोमवार को पांच नागरिक उड़ानें दिल्ली में उतरीं जबकि दो मुंबई पहुंचीं। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी बुडापेस्ट से फंसे 6711 भारतीयों के अंतिम जत्थे के साथ सोमवार को हंगरी से लौटे। केंद्रीय मंत्री ने ट्विटर पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि देश के युवा अब अपने-अपने घर पहुंच अपने माता-पिता व परिजनों से मिलेंगे।

## जारी हो रहे फर्जी कोविड...

इसने राज्य सरकारों को आज (शुक्रवार) से एक सप्ताह के भीतर संबंधित एसएलएसए को नाम, पता और मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ-साथ अनाथों से संबंधित पूर्ण विवरण देने का भी निर्देश दिया था और कहा कि ऐसा नहीं करने पर मामले को बहुत गंभीरता से लिया जाएगा। उच्चतम न्यायालय गौरव बंसल और अन्य लोगों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिनका प्रतिनिधित्व वकील सुमीर सोढ़ी ने किया। याचिका में कोविड-19 पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को अनुग्रह सहायता राशि देने का अनुरोध किया गया है।

## एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक...

ताकि संबंधित लेनदेन के संपूर्ण प्रभावों और संबंधित डिजिटल सबूतों का पता लगाया जा सके। न्यायाधीश ने कहा, इसलिए, निष्पक्ष और समुचित जांच के लिए इस आरोपी की पुलिस हिरासत की आवश्यकता है, क्योंकि ऐसा करने के लिए उचित और पर्याप्त आधार हैं ... न्याय के हित में और निष्पक्ष जांच के लिए, आरोपी चित्रा रामकृष्ण को 14 मार्च, 2022 तक पुलिस हिरासत में भेजा जाता है। उन्हें 14 मार्च, 2022 को अदालत में पेश किया जाएगा। जांच एजेंसी ने रामकृष्ण की 14 दिन की हिरासत मांगी थी। सीबीआई ने आरोपी को रविवार को तब गिरफ्तार किया था जब शनिवार को अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सीबीआई ने हाल में मामले में रामकृष्ण से पूछताछ की थी। इससे पहले आयकर विभाग ने मुंबई और चेन्नई में रामकृष्ण से जुड़े विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की थी। सीबीआई की ओर से पैरवी इसके अतिरिक्त कानूनी सलाहकार वी. के. शर्मा और वरिष्ठ लोक अभियोजक वी. के. पाठक ने की जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिदीप पेस आरोपी की ओर से पेश हुए।

## उत्तर प्रदेश के अंतिम चरण...

इसके बाद भी भाजपाई सड़क पर जुटे रहे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के सप्तम चरण में 54 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव संपन्न हो गया। चकिया, राबर्ट्सगंज एवं दुद्धी में मतदान प्रात: 7 बजे से शुरू होकर सायं 4 बजे तथा शेष 51 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रात: 7 बजे से शुरू होकर सायं 6 बजे समाप्त हुआ।

## दलबदल रोकने को कांग्रेस...

एआईसीसी के सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस गोवा में 2017 जैसी गड़बड़ी की पुनरावृत्ति को रोकना चाहती है जब पार्टी चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने के बावजूद सत्ता हासिल करने में विफल रही थी। वर्ष 2017 के चुनाव में कांग्रेस ने गोवा में 40 में से 17 सीटें जीती थीं लेकिन बीजेपी ने 13 सीटें जीतकर छोटे दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों की मदद से सत्ता संभाली थी। दो साल बाद, कांग्रेस के विपक्ष के नेता बाबू कावलेकर के नेतृत्व में कांग्रेस के 15 विधायक भाजपा में चले गए थे। बाबू को भाजपा ने उपमुख्यमंत्री बनाया था। गोवा के एआईसीसी डेस्क प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने विपक्ष के नेता दिगंबर कामत और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश चोडनकर के साथ राहुल गांधी को चुनाव परिदृश्य के बारे में जानकारी दी और रणनीति पर चर्चा की। पार्टी ने पंजाब, उत्तराखंड और मणिपुर में भी मिशन एमएलए को सक्रिय कर दिया है।

## पारिवारिक झगड़े में पत्नी...

बबीता के पैर में गोली लगी थी। विजय के दो और बाकी के एक-एक गोली लगी थी। शुरुआती जांच में पुलिस का कहना है कि पति पत्नी के बीच काफी समय में मन मुटाव था, आए दिन झगड़ा होता था। इस वजह से पत्नी ने मायके फोन करके मां, भाई, भाभी को बुला लिया था। इसके बाद विवाद खूनी अंजाम तक जा पहुंचा। हितेन्द्र और सीमा की शादी 30 जून 2001 में हुई थी। हितेन्द्र प्रॉपटी डिलिंग समेत अन्य कारोबार भी करता है। उनके दो बेटे 19 साल का प्रथम यादव और 16 साल की हनी यादव हैं। दोनों पढ़ाई कर रहे हैं। हितेन्द्र की कई दुकानें और मकान है। जिनका लाखों रुपये किराया आता है। उसका एक बड़ा भाई अमरीका में रहता है। हितेन्द्र और सीमा में पारिवारिक कलह को लेकर झगड़ा होता था। छानबीन में यह भी पता चला है कि रविवार दोपहर हितेंद्र का पत्नी से खाना बनाने को लेकर झगड़ा हुआ था। सीमा ने मायके वालों को फोन करके दोनों भाई सुरेंद्र, विजय, भाभी बबीता, मां कृष्णा को बुला लिया था। झगड़े के बारे में बातचीत के दौरान हितेंद्र गुस्से में आ गया।

## कंकरीट का जंगल भी...

इससे न सिर्फ लोगों को अपने द्वारा उगाई गई शुद्ध फल और सब्जियां प्राप्त होंगी, बल्कि राजधानी के ग्रीन क्षेत्र में भी वृद्धि होगी। इस अर्बन फर्मिंग मेगा अभियान का नोडल विभाग हॉर्टिकल्चर विभाग होगा और 25 अप्रैल को इस अभियान को लेकर एक रांउड टेबल कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इस रांउड टेबल कांफ्रेंस में सरकार के विभिन्न विभागों के साथ-साथ पूसा रिसर्च इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञ, अर्बन फर्मिंग क्षेत्र में कार्य करने वाली विभिन्न एजेंसियां और एनजीओ को शामिल किया जाएगा। अर्बन फार्मिंग से लोगों को उन खाद्य उत्पादों में कीटनाशकों और हानिकारक रसायनों से बचने में मदद मिलेगी, जिनका वे रोजाना इस्तेमाल करते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 मार्च 2022





यूक्रेन के लरपिन शहर से एक महिला को निकालते यूक्रेन के सैनिक



खारकिव में रूस के रॉकेट हमले के बाद क्षतिग्रस्त कार के बाहर पड़ा मृतक

## क्विक न्यूज

### विवादित अबेई प्रांत में हुए हमले में 27 लोगों की मौत

**जुबा।** अबेई प्रांत मे हुए हमले में कम से कम 27 लोगो की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हुए। इस प्रांत को लेकर दक्षिण सूडान और सूडान के बीच विवाद है। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। अबेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकार के एक प्रवक्ता ने रविवार को दिनका जातीय समूह पर हुए हमले का आरोप सूडान के स्थानीय लड़ाकों पर लगाया है। प्रवक्ता ने बयान जारी कर संयुक्त राष्ट्र शांति बल से स्थानीय लोगो की सुरक्षा का आह्वान किया। वर्ष 2011 में दक्षिण सूडान को स्वतंत्रता मिलने के बाद से ही तेल भंडारण वाले अबेई प्रांत को लेकर विवाद है

### चीन में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि

**बीजिंग।** चीन में कोविड महामारी से निपटने के लिए जीरो टॉलरेंस (कतई बर्दाश्त न करने) के कठोर रुख के बावजूद कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलो मे वृद्धि देखी जा रही है। चीन में सोमवार को पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 214 नए मामले आए, जिनमें से सबसे ज्यादा 69 मामले दक्षिणी गुआंगदोंग प्रांत में आए, जिसकी सीमा हांगकांग से लगती है। हांगकांग मे हर दिन हजारो नए मामले आ रहे है।चीन मे बीते 24 घंटे में 54 मामले जिलिन प्रांत में और 46 मामले पूर्वी शादोंडोंग प्रांत मे आए।देश के प्रधानमंत्री ली केकियांग ने शनिवार को सालाना रिपोर्ट में कहा कि चीन को महामारी नियंत्रण को लेकर लगातार कदम उठाने की आवश्यकता है लेकिन उन्होंने ऐसा कोई संकेत नही दिया कि बीजिंग जीरो टॉलरेंस रणनीति में कोई ढील दे सकता है। ली ने टीके का विकास तेज करने और उन शहरों में महामारी नियंत्रण मजबूत करने का आह्वान किया जहां विदेश से यात्री और सामान आता है।बहरहाल, बीजिंग में संक्रमण का कोई नया मामला नही है और शहर में जनजीवन सामान्य हो गया है। हालांकि सार्वजनिक स्थानो मे मास्क पहना जा रहा है। कोविड-19 संबंधी नियमों का असर धार्मिक स्थलों पर भी पड़ा है। बीजिंग के तीन मशहूर कैथोलिक गिरजाघरो ने रविवार को कहा कि उन्हें जनवरी में बंद करने का आदेश दिया गया था लेकिन इन्हें फिर से खोलने की कोई तारीख नही दी गई है। महामारी का केंद्र रहे वुहान में 2019 में संक्रमण के शुरुआती मामले आने के बाद से ए नए मामले सबसे अधिक है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के अनुसार, इसके साथ ही चीन में कोविड-19 के कुल मामले।,11,195 हो गए है और मृतकों की संख्या 4,636 पर पहुंच गई है।

## ब्लिंकन ने बाल्टिक देशों को नाटो के संरक्षण का भरोसा दिलाया



**विल्नुस( लिथुआनिया )।** यूक्रेन पर रूस के हमले के मद्देनजर तीन बाल्टिक देशों की यात्रा कर रहे अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने लिथुआनिया को सोमवार को नाटो के समर्थन का यकीन दिलाया।

सोवियत संघ का हिस्सा रहे लातविया, लिथुआनिया और एस्टोनिया अब उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का हिस्सा हैं और ब्लिंकन का लक्ष्य है कि रूस के सैन्य अभियान का विस्तार करने की स्थिति में उन्हें सुरक्षा का पुन: आश्वसन दिया जाए। ब्लिंकन ने कहा, हम अपनी साझी रक्षा को मजबूत कर रहे हैं ताकि हम और हमारे सहयोगी तैयार रहें। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि नाटो की परस्पर रक्षा संधि के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता अटल है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, अगर हमला किया जाता है तो हम नाटो सदस्य राष्ट्र की एक-एक इंच जमीन की रक्षा करेंगे। किसी को भी हमारी तैयारी पर शक नहीं करना चाहिए। किसी को भी हमारे संकल्प पर संदेह नहीं करना चाहिए।

ब्लिंकन ने बाल्टिक राष्ट्रों की अपनी यात्रा विल्नुस से शुरू की है जहां रूस के हमले को लेकर यूक्रेन के विरोध का लिथुआनिया के लोगों ने समर्थन किया है जो यूक्रेन के साथ एकजुटता दिखाने का संकेत है। लिथुआनिया के राष्ट्रपति गीटानस नौसेदा ने ब्लिंकन से कहा, दुभार्गय से बाल्टिक क्षेत्र में खराब हो रहे सुरक्षा हालात हम सबके लिए और दुनिया के लिए चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पर रूस का हमला एक बार फिर से साबित करता है कि यह यूरोप की सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक खतरा है। नौसेदा ने दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन में नहीं रोका गया तो उन्हें आगे बढ़ने से रोका नहीं जा सकेगा। उनका कहना है कि तीसरे विश्व युद्ध से बचने के लिए सबकुछ करने की जरूरत है। ब्लिंकन सोमवार को बाद में रिगा जाएंगे जहां वे लातविया के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

# यूक्रेन की याचिका पर संरा की अदालत में सुनवाई को रूस ने किया खारिज

**एपी। द हेग**

**कीव के** एक प्रतिनिधि ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत से रूस द्वारा यूक्रेन पर विनाशकारी आक्रमण को रोकने का आदेश देने का अनुरोध किए जाने के बीच रूस ने सुनवाई को खारिज कर दिया।

यूक्रेनी प्रतिनिधि एंटोन कोरीनेविच ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायाधीशों से कहा, रूस को रोका जाना चाहिए और इसे रोकने में अदालत की भूमिका है। यूक्रेन ने अदालत से कहा है कि वह रूस को 24 फरवरी को शुरू किए गए सैन्य अभियानों को तुरंत निलंबित करने का आदेश दे। रूस के मुताबिक इस हमले का कथित उद्देश्य लुहान्स्क और दोनेत्स्क के अलगाववादी पूर्वी क्षेत्रों में नरसंहार की रोकथाम और उसके लिए सजा देना है। कोरीनेविच ने मॉस्को की तरफ से किए गए नरसंहार के दावे को भयावह झूठ करार दे खारिज किया।उन्होंने कहा, तथ्य यह है कि रूस की खाली सीटें काफी कुछ कहती हैं। वे इस अदालत में मौजूद नहीं हैं। वे युद्धभूमि में मेरे देश के खिलाफ आक्रामक जंग छेड़ रहे हैं।

यूक्रेन की याचिका पर कुछ दिनों में फैसला आने की उम्मीद है।एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय में सैन्य कानून के प्रोफेसर टेरी गिल ने कहा कि अगर अदालत ने युद्ध को रोकने का आदेश दिया तो मुझे लगता है कि उस पर अमल होने की संभावना शून्य है। उन्होंने कहा कि अगर देश अदालत के न्यायाधीश के आदेशों का अनुपालन नहीं करते हैं तो वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कार्वाई के लिए कह सकते हैं लेकिन वहां रूस के पास वीटो का अधिकार है। अदालत के पीस पैलेस मुख्यालय में ग्रेट हॉल ऑफ जस्टिस में यूक्रेन के अनुरोध पर हो रही सुनवाई के दौरान रूस की सीटें खाली थीं। यूक्रेन ने अदालत से मॉस्को को अपने हमले को रोकने का आदेश देने का अनुरोध किया था। अदालत के अध्यक्ष, अमेरिकी न्यायाधीश जोआन ई डोनोग्यू ने कहा कि नीदरलैंड में रूस के राजदूत ने न्यायाधीशों को सूचित किया कि उनकी सरकार का मौखिक कार्यवाही में भाग लेने का इरादा नहीं था। गौरतलब है कि तुर्की के रूस और यूक्रेन दोनों से ही करीबी संबंध हैं और वह दोनों पक्षों के बीच जारी युद्ध को रोकने के मद्देनजर मध्यस्थता करना चाहता है।

## तुर्की ने इस सप्ताह रूस और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के बीच बैठक की घोषणा की

**अंकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री मेवलट चावुसोग्लू ने सोमवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के विदेश मंत्री इस सप्ताह तुर्की के तटीय शहर एंताल्या के पास बैठक करेंगे। चावुसोग्लु ने कहा कि वह भी रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और यूक्रेनी विदेशी मंत्री दमित्रो कुलेबा के बीच होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे जो कि त्रिस्तरीय प्रारूप में होगी। यह बैठक इस सप्ताह एंताल्या में होने वाली एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मंच से इतर होगी।

## अब तक 17 लाख से अधिक लोग यूक्रेन छोड़ चुके हैं : संयुक्त राष्ट्र

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी का कहना है कि अब तक 17 लाख से अधिक लोग युद्धग्रस्त यूक्रेन को छोड़कर सुरक्षित स्थानों में शरण ले चुके हैं। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त ने सोमवार को बताया कि 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूसी आक्रमण शुरू होने के बाद से अब तक 17 लाख से अधिक लोग यूक्रेन छोड़कर दूसरे देशों में शरण ले चुके हैं। इनमें से करीब 10 लाख लोगों ने पोलैंड में शरण ली है। वहीं 180,000 से अधिक लोगों ने हंगरी में जबकि 128,000 लोगों ने स्लोवाकिया में शरण ली है। फ्रांस के मोंटपेलियर में यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने सभी 27 सदस्य देशों से इन शरणार्थियों की मदद के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटाने का आह्वान किया है ताकि पड़ोसी देश पोलैंड और रोमानिया सहित यूक्रेन से आने वाले शरणार्थियों का स्वागत करने वाले अन्य देशों की मदद की जा सके। बोरेल ने इस संबंध में यूरोपीय संघ के विकास मंत्रियों के साथ भी बैठक की।

## अमेरिका की प्रथम महिला ने भारतीय अमेरिकी समुदाय के एक नेता की प्रशंसा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्रथम महिला डॉ. जिल बाइडन ने जो बाइडन प्रशासन के संदेश को आम जनता तक पहुंचाने मे भारतीय मूल के एक अमेरिकी उद्यमी एवं सामुदायिक नेता की भूमिका की सराहना की है। डॉ. जिल बाइडन ने सिलिकॉन वैली मे डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ शीर्ष नेताओं के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान भारतीय मूल के अमेरिकी उद्यमी अजय जैन भूटोरिया का उल्लेख किया और उनके योगदान को सराहा। सिलिकॉन वैली की पिछले सप्ताह की बैठक के दौरान उन्होंने उन लम्हो को भी याद किया जब डॉ. बाइडन अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव अभियान के दौरान भूटोरिया के घर गई थी। बैठक मे शामिल लोगो के अनुसार, प्रथम महिला ने राष्ट्रपति जो बाइडन और डेमोक्रेटिक पार्टी को सशक्त समर्थन के लिए भूटोरिया की सराहना की।

**सार्वजनिक सूचना**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि एक अपंजीकृत वसीयतनामा को मृत्यु उपरान्त पंजीकृत कराने के लिए **Sri Maa Sidh Sidhshakit** ji (Rajini Agrawal) आधार नं० **(909733305972)** धर्मपत्नी प्रदीप अग्रवाल पुत्र स्वः राजेन्द्र अग्रवाल, निवासी **बी-208, सुशान्त लोक-3 सैक्टर -57,गुरुग्राम, हरियाणा-122011** ने इस कार्यालय में पेश किया है। प्रार्थीया के पति प्रदीप अग्रवाल पुत्र स्व. राजेन्द्र अग्रवाल निवासी बी-208, सुशान्त लोक-3 सैक्टर -57,गुरुग्राम, हरियाणा-122011 ने मृत्यु पूर्व एक वसीयत बाबत अपनी तमाम चल व अचल सम्पति, की बाबत दिनांक **01.10.2018** को तहरीर की हुई है। जो कि कंप्यूटर द्वारा अंग्रेज़ी में टाईपशुदा है। यदि किसी आम व खास को इस अपंजीकृत वसीयत को पंजीकृत करने में कोई इतराज /आपत्ति हो तो वह असालतन व वकालतन मेरे कार्यालय में इस इश्तेहार के पब्लिकेशन की तिथि से **30 दिन** के अन्दर- अन्दर किसी भी कार्य दिवस को अपने एतराज प्रस्तुत कर सकता है। इसके उपरांत किसी भी एतराज/आपति पर गौर नहीं किया जायेगा तथा यह वसीयत पंजीकृत कर दी जावेगी । यह सार्वजनिक सूचना आज दिनांक **07/03/2022** को मेरे कार्यालय की मोहर व मेरे हस्ताक्षर सहित जारी की गई है।

**सब रजिस्ट्रार, तहसील वजीराबाद, जिला गुरुग्राम**

**To Whomsoever It May Concern**

I, Zaid Mohd. Shaikh S/o Mohd. Akhlaq R/o 7678, Gali Munshi, Qasabpura, Delhi 110006 revoke all Power of Attorney granted to Mohd. Irfan S/o Jamal Uddin R/o 7678, Gali Munshi, Qasabpura, Delhi 110006.

**Anshul Gupta, Advocate**
**D/940/2014**

**PUBLIC NOTICE**

Public Notice is hereby given that my client Mr. Varun Bansal & Mr. Rahul Aggarwal intends to purchase plot no. EHP-500-I-100, Emerald Hills, Gurugram, Haryana from Mrs. Fozia Iqbal W/o Late Atiq Ur Rahman Shekh R/o House No.183, Lajpat Nagar, Moradabad, UP- 244001, the present owner of the said plot via **WILL** dated 7th Oct 2015, Certified under the Seal of High Court of judicature at Bombay vide probate order dated 8th June, 2021.

Any persons including legal heirs, having any claims, rights, title, interests or objections over the said plot, shall inform the undersigned in writing with supporting proofs, within period of 30 Days from the date of publication of this notice failing which any such claim by anyone shall not be considered.

**Date: 8th March 2022**
**Place: Gurgaon**

**Advocate- S.K.Soni**
**En. No. D/3226/2017**
**Ch. No. 371, Lawyer's Chamber Block, District Court Complex, Saket, New Delhi-17**

**PUBLIC NOTICE**

I, D.K. Sharma Advocate on behalf of my clients (1) Shri Dilip Kumar Son of Shri Birbal and Smt. Rajkumari wife of Shri Dilip Kumar both resident of 878, Ward No. 6, Peel Khana, Mehrauli, New Delhi-110030, caused this notice to the general public that my above said clients have debarred and disowned their real brother and sister-in-law named (1) Radhey son of Birbal and (2) Nilam wife of Sri Radhey both resident of 510, Asola Fatehpur Beri, New Delhi-110074 from every kind of property, relationship because of their bad and cruel behaviour and wrong acts and conducts as their behaviour towards my clients is not well and proper, now my clients would have no concern with the above said brother and sister-in-law in amy manners, if any person deals with said brother and sister-in-law in any ways in that case he/she would be doing so at their own risk and my above said clients will not be responsible for the same.

**D.K. Sharma (Advocate)**
**Chamber No. 870, Saket District Court Complex South Delhi-110017**

## जॉनसन ने विश्व नेताओं को पुतिन के खिलाफ गठबंधन के लिए आमंत्रित किया

**भाषा। लंदन**

**ब्रिटिश प्रधानमंत्री** बोरिस जॉनसन ने सोमवार को लंदन के डाउनिंग स्ट्रीट में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट की मेजबानी की। तीनों ने ब्रिटिश सशस्त्र बलों के सदस्यों से मिलने के लिए रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) अड्डे का दौरा भी किया। ब्रिटिश प्रधानमंत्री के कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि यह रूसी आक्रमण के अत्याचारों पर वैश्विक आक्रोश व्यक्त करने के लिए विश्व नेताओं के साथ लक्षित जुड़ाव दर्शाने के साथ ही यूक्रेन के लिए व्यावहारिक समर्थन की शुरुआत का प्रतीक है। तीनों प्रधानमंत्री यूक्रेन के शहरों पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश पर किए जा रहे हमलों का मुकाबला करने के अगले कदमों पर चर्चा करने के लिए अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें और एक संयुक्त त्रिपक्षीय बैठक भी करेंगे। जॉनसन ने कहा, रूस के अवैध और क्रूर हमले के बाद से हमने दुनिया को यूक्रेन के अदम्य जिजीविषा वाले लोगों के साथ एकजुटता के साथ खड़े होते देखा है। उन्होंने कहा, ब्रिटेन की सहायता पहले से ही उन लोगों तक पहुंच रही है, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है, आवश्यक आपूर्ति और चिकित्सा सहायता भी पहुंचाई जा रही है। हालांकि यूक्रेन की पीड़ा को केवल पुतिन ही पूरी तरह से समाप्त कर सकते हैं। आज की नई निधि बिगड़ती मानवीय स्थिति का सामना करने वालों की मदद करना जारी रखेगी। उनका यह बयान तब आया है जब ब्रिटेन ने कहा कि उसने रूस के अकारण और अवैध आक्रमण द्वारा बनाए गए वित्तीय दबावों को कम करने के लिए सीधे यूक्रेनी सरकार के बजट में अतिरिक्त 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर आवंटित किए हैं।

## चीन ने क्वाड, उत्तर कोरिया को लेकर अमेरिका पर निशाना साधा

**एपी। बीजिंग**

**चीन के** शीर्ष राजनयिक ने सोमवार को वाशिंगटन पर अमेरिका-यूरोपीय नाटो सैन्य गठबंधन का एक एशियाई संस्करण बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि उत्तर कोरिया के साथ संबंध सुधारना बाइडन प्रशासन पर निर्भर करता है।चीन के शीर्ष राजनयिक वांग ई ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, पूर्वी एशिया और हिंद महासागर के प्रति अमेरिकी नीति और जापान, ऑस्ट्रेलिया तथा भारत के साथ सैन्य संबंधों को मजबूत करने के प्रयास एक आपदा है जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बाधित करती है। चीन ने बातचीत और राष्ट्रीय संप्रभुता के सम्मान का आह्वान कर रूस-यूक्रेन युद्ध से दूरी बनाने की कोशिश की है। उसने रूस की सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखने में विफल रहने पर संघर्ष के लिए अमेरिका को दोषी ठहराया है। क्वाड चार देशों भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का संयुक्त समूह है। वांग ने कहा, अमेरिका क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के बहाने भू-राजनीतिक खेल खेल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वाशिंगटन चीन को दबाने के लिए अमेरिकी सहयोगियों को संगठित कर रहा है।उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत रणनीति का असल उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के हिंद-प्रशांत संस्करण को बनाना है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर अपने आक्रमण के पीछे एक कारण पश्चिमी गठबंधन के विस्तार को भी बताया है। वांग ने कहा, अमेरिका ने अभी भी चीन के साथ तीव्र प्रतिस्पर्धा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है, वह चीन के मूल हितों के मुद्दों पर लगातार हमले और संकट पैदा कर रहा है। उन्होंने अमेरिका से उत्तर कोरिया के साथ संबंध सुधारने के लिए पहल करने का आह्वान किया। उन्होंने बाइडन प्रशासन पर नेता किम जोंग उन की सरकार के सकारात्मक कदमों का जवाब देने में विफल रहने का आरोप लगाया, जिनका उद्देश्य बातचीत को बढ़ावा देना था। वांग ने वाशिंगटन से उत्तर कोरिया की वैध सुरक्षा चिंताओं को दूर करने और विश्वास स्थापित करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया, लेकिन कोई विवरण नहीं दिया।

## दो कैबिनेट मंत्रियों की हटाने के बाद श्रीलंका की गठबंधन सरकार में दरार आई

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका के जल आपूर्ति मंत्री वसुदेव नानायक्कारा ने सोमवार को कहा कि वह देश के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे द्वारा अपने दो सहकर्मियों को बर्खास्त करने के विरोध में मंत्रिमंडल की बैठकों का बहिष्कार करेंगे। इन मंत्रियों को पिछले हफ्ते मंत्रिमंडल में फेरबदल के दौरान हटाया गया, जिससे सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार में दरार आती नजर आ रही है।राजपक्षे ने बृहस्पतिवार को दो शीर्ष पद वाले कैबिनेट मंत्रियों उदय गम्मनपिला को ऊर्जा मंत्री तथा विमल वीरवंस को उद्योग मंत्री पद से हटा दिया था। इन दोनों मंत्रियों ने राजपक्षे के छोटे भाई और वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे की खुलकर आलोचना करते हुए उन पर आरोप लगाया था कि वह अड़ियल रवैए से काम रह रहे हैं, जिससे द्वीपीय देश में आर्थिक मुश्किलें पैदा हुईं। श्रीलंका अभी विदेशी मुद्रा संबंधी गंभीर संकट का सामना कर रहा है और सरकार आवश्यक आयातित सामान का बिल भी नहीं भर पा रही है। बर्खास्त किए गए ए मंत्री सत्तारूढ़ श्रीलंका पादुजन पेरामुन (एसएलपीपी) के सदस्य हैं।नानायक्कारा ने कहा, मेरी पार्टी की केंद्रीय समिति ने फैसला किया है कि मैं मंत्रिमंडल की बैठकों से दूर रहूंगा लेकिन मंत्री पद पर बना रहूंगा। राजपक्षे परिवार की श्रीलंका में मजबूत राजनीतिक छवि है और उसकी देश की राजनीति पर मजबूत पकड़ है। श्रीलंका में 2019 के चुनाव के बाद राजपक्षे परिवार ने मौजूदा सरकार में कई विभागों पर अपना नियंत्रण रखा है।

**Sale Notice**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| S. No | Case Details | Asset Details |
|---|---|---|
| 1. | ICICI Bank Ltd. Vs. NIHON INDIA SERVICES PVT LTD, CS (Comm) No. 4606-21 | Vehicle No- DL3CCN6191, Make & Model- TOYOTA KIRLOSKAR INDIA LTD Corolla Altis G, Manu. Year-2017, |
| 2. | ICICI Bank Ltd. Vs. BRAJENDRA SINGH RAJPOOT, CS (COMM) No. 4254/21 | Vehicle No- UP30AS0303, Make & Model- HYUNDAI MOTORS INDIA LTD VERNA, Manu Year-2018 |
| 3. | ICICI BANK LTD VS SUDHANSHU BATRA, CS (COMM), 232/21 | Vehicle No- HR06AQ9074, Make & Model– MAHINDRA KUV NXT , Manu Year-2018 |
| 4. | ICICI Bank Ltd. Vs. USMAN ALI, CS No. 854/18 | Vehicle No- DL4SCQ1544, Make & Model- TVS JUPITER, Manu. Year-2017, |
| 5. | ICICI Bank Ltd. Vs. KAPIL, CS (Comm) No. 4601- 21 | Vehicle No- HR29AS8925, Make & Model- TOYOTA KIRLOSKAR INDIA LTD LIVA EA- VX, Manu. Year- 2018 |
| 6. | ICICI Bank Ltd. Vs. PRADEEP KUMAR, CS SCJ 969/19 | Vehicle No- UP16ET2289, Make & Model – MARUTI UDYOG LTD Swift Dzire, Manu. Year-2016 |
| 7. | ICICI BANK LTD VS DHARMENDER, CS (COMM) No. 52/20 | Vehicle No-HR38Z5502, Make & Model- TATA MOTORS LTD. WINGER, Manu Year-2019, |

**Auction Date: 15-March-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School Sec-17, Sukhrali, Gurugram-122022
**And**

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD Vs. AMIT PRAKASH, CS (COMM) 1841/21 | Vehicle No – UP16CD4958, Make & Model- TATA TIAGO XZ 1.2 RTN, Manu. Year- 2019 |

**Auction Date: 15-March-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:-** MFC Ghaziabad Mahakal Parking Yard, Khasra no 527, Village Banthla, Near Indane Gas Plant, Ghaziabad
**And**

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SUSHIL SAXENA, CS (COMM) No. 75/20 | Vehicle No- DL1LAB7754, Make & Model– ASHOK LEYLAND DOST CNG, Manu Year- 2018 |

**Auction Date: 15-March-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Shriram Automall, Vill- Mamurpur, Pio Maniyari Road Narela, Delhi-110040
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction. Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# दुनिया में अब तक करीब 60 लाख लोगों ने गंवाई जान

**एपी। बैंकॉक**

### कोविड-19 महामारी का तीसरा साल शुरू

**कोविड-19** महामारी का यह तीसरा साल शुरू हो गया है और कोरोना वायरस का संक्रमण अब तक आधिकारिक रूप से करीब 60 लाख लोगों की जान ले चुका है जो इंगित करता है कि इसकी समाप्ति अभी दूर है। कोविड महामारी के आंकड़े इसकी विभीषिका की याद दिलाते हैं, भले ही लोग मास्क पहनना छोड़ रहे हैं और यात्रा एवं कारोबार पूरी दुनिया में बहाल हो रहे हैं। जॉन हॉपकिन्स विश्वविद्यालय द्वारा रविवार की दोपहर तक संकलित किए गए आंकड़ों के मुताबिक, कोविड-19 से दुनिया में अब तक 59,97, 994 लोगों की मौत हो चुकी है। महामारी से करीब दो साल से बचे प्रशांत महासागर के दूरस्थ द्वीप वायरस के अधिक संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप की चपेट में आ रहे हैं और वहां पर पहली लहर और मौत दर्ज की गई है। हांगकांग में भी जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ने के बाद पूरी 75 लाख की आबादी की महीने में तीन बार जांच की जा रही है और यह स्वायत्त क्षेत्र चीन की कोविड बिल्कुल नहीं की नीति की जरूरत महसूस कर रहा है। पोलैंड, हंगरी, रोमानिया और पूर्वी यूरोपीय देशों में मृत्युदर अधिक है और इन्हीं स्थानों पर युद्धग्रस्त यूक्रेन से 10 लाख से अधिक शरणार्थी आए हैं। इस इलाके में टीकाकरण की दर भी अपेक्षाकृत कम है जबकि महामारी के मामलों और इससे मौत की दर अधिक है। समृद्धि और टीके की उपलब्धता के बावजूद अमेरिका में कोरोना वायरस के संक्रमण से जान गंवाने वालों की संख्या 10 लाख के करीब पहुंच गई है।सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय से संबद्ध चिकित्सा स्कूल में विजिटिंग प्रोफेसर और एशिया-प्रशांत टीकाकरण गठबंधन के सह अध्यक्ष टिक्की पांग ने कहा कि दुनिया में उन लोगों के बीच मृत्युदर अधिक है जिन्होंने टीकाकरण नहीं कराया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन में अनुसंधान नीति और सहयोग के पूर्व निदेशक पांग ने कहा, यह बीमारी उन लोगों को अधिक प्रभावित कर रही है जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है और जो स्वास्थ्य की दृष्टि से संवेदनशील समूह में आते हैं। देखिए इस समय हांगकांग में क्या हो रहा है, पूरी स्वास्थ्य प्रणाली दबाव में है। उन्होंने बताया, अधिकतर मौतें और गंभीर मामले उन लोगों के हैं जिन्होंने टीकाकरण नहीं कराया है और आबादी के असुरक्षित हिस्से हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2020 के शुरुआत में शुरू हुई कोविड महामारी से मौतों की संख्या सात महीने में 10 लाख पहुंची जबकि अगले चार महीने में अन्य 10 लाख की मौत हुई। अगले दस लाख लोगों की मौत तीन महीने में हुई और पिछले साल अक्टूबर में मृतकों की संख्या 50 लाख के पार पहुंच गई। अब यह संख्या करीब 60 लाख के करीब पहुंच गई है, जो बर्लिन और ब्रसेल्स की संयुक्त आबादी के बराबर है।हालांकि, मृतकों की संख्या बहुत पहले ही 60 लाख के पार हो चुकी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि दुनिया के कई हिस्सों में कोविड-19 मामलों और मौतों की संख्या वास्तविक से कम बताई जा रही है। इसके कारणों में समय पर इलाज न हो पाना, अस्पतालों में जगह नहीं मिल पाना, महामारी की पुष्टि न हो पाना आदि हैं।

## रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक नया कानून लाएगा न्यूजीलैंड

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार जल्द एक नया कानून लाने की योजना बना रही है, जो देश को यूक्रेन पर आक्रमण करने वाले रूस के खिलाफ कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की अनुमति देगा। न्यूजीलैंड के मौजूदा कानून उसे सार्थक प्रतिबंध लागू करने की अनुमति नही देते है, जब तक कि वे संयुक्त राष्ट्र के व्यापक प्रयास का हिस्सा न हों। वही, संयुक्त राष्ट्र के व्यापक प्रयास अभी तक साकार नही हो पा रहे है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस के पास वीटो शक्ति है। इस कारण न्यूजीलैंड अभी तक रूस के खिलाफ सीमित कार्वाई ही कर पाया है। अर्डर्न ने कहा कि नया कानून उसे रूस मे आक्रमण से जुड़े लोगो, कम्पनियो और सम्पतियो को लक्षित करने की अनुमति देगा, जिसमे कुलीन वर्ग भी शामिल है।

# टॉकटाइम

## विक्रम मोंट्रोस

*संगीतकार, गायक, गीतकार और रिकॉर्ड निर्माता, जो कर हर मैदान फतह, बाबा बोलता है, तेरा बाप आया जैसे गीतों के लिए जाने जाते हैं, सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में बच्चन पांडे के लिए अपने नए गीत, अपनी यात्रा और भविष्य की परियोजनाओं की चर्चा कर रहे हैं*



## मुझे लगता है कि थीम गीत हमेशा फिल्म के लिए आधार तैयार करता है

**■ आप मार खायेगा को लेकर कैसे आए?**

मार खायेगा के लिए संक्षिप्त जानकारी हमारे संगीत सुपरवाइजर अजीम दयानी से थी, जिनके साथ मैंने पहले शेरशाह फिल्म में काम किया था, गीत था जय हिंद की सेना। इसके लिए, हम बच्चन पांडे में अक्षय सर के चरित्र की तरह घातक व खतरनाक रूप में एक गीत बनाना चाहते थे। मुझे एक विचार आया कि मैंने अजीम को बताया और उन्हें तुरंत यह पसंद आया। और फिर वह गाना बनाने में पूरी तरह से शामिल हो गए। सुपरहिट डायलाग, मुझे भाई नहीं गॉडफादर बोलते हैं, सहित गीत का अधिकांश हिस्सा उनके द्वारा ही लिखा गया है। और जब रचनात्मकता की बात आती है तो उन्हें टेबल पर जो विचार लिए मिलते हैं वे अद्भुत होते हैं। मार खाएगा में मुख्य गायक और लेखक फरहाद भिवंडीवाला हैं जिन्होंने पहले मेरे लिए तेरा बाप आया गाया और लिखा था।

**■ आपको और टीम को इस गीत को लेकर आने में कितना समय लगा?**

गीत के प्रारंभिक मसौदे को समग्रता में पूरा करने में एक सप्ताह का समय लगा। लेकिन फिर यह गीत दर गीत भिन्न होता चला गया। किसी को कम समय लगता है किसी को अधिक समय लगता है। समय जो लेता है वो है विचार, हुक और साउंडस्केप। मैं इसे ठीक करना चाहता हूं। जैसे ही मैं इसके बारे में स्पष्ट हो गया तो यह एक आसान काम हो गया।

**■ आपने गीत को गाया लिखा और कंपोज किया है, इस प्रक्रिया के बारे में कुछ बताएं।**

हर गाने के लिए एक अलग प्रक्रिया होती है जिसे मैं उसमें शामिल करने की कोशिश करता हूं, क्योंकि मेरे निगाह में हमेशा फिल्म और चरित्र होता है। मैं एक ऐसा गाना बनाना चाहता था जो अक्षय सर के चरित्र को प्रदर्शित कर सके और लोगों को उस जादू के लिए तैयार कर सके जो वे पर्दे पर देखने वाले हैं। मुझे लगता है कि थीम सॉन्ग हमेशा फिल्म के लिए एक आधार तैयार करता है।

यह किरदार जितना बड़ा और करीब होता है, जनता को उतना ही आकर्षित करता है और फिल्म के लिए बेहतर होता है। इसलिए, मैंने तेज गति को अपनाया यानी ऐसा गीत दृष्टिकोण जो जीवन से बड़ा हो। और यह शैली कुछ ऐसी है जो स्वाभाविक रूप से हमारे पास आती है और इसकी हमारी विशिष्ट शैली है। मैं हिंदी फिल्म संगीत में और अधिक वीरता वापस लाना चाहता था इसलिए मुझे पता था कि यह वो गीत हो सकता है। मैंने तेरा बाप आया गाने में इसकी एक कोशिश की और मेरे लिए यह एक और मौका था।

मैं गीत के लिए अपना दृष्टिकोण रखने की पूरी कोशिश करता हूं और मेरे द्वारा बनाए गए प्रत्येक गीत के पीछे एक अलग प्रक्रिया होती है। मेरे लिए, रचना, लेखन, संगीत निर्माण और कभी-कभी गायन इसे और अधिक आसान, तेज और प्रभावी बनाता है। क्योंकि मैं केवल एक गाना शुरू करता हूं जब मैं एक बिन्दु के बारे में सोच सकता हूं और अगर मैं इससे पूरी तरह आश्वस्त होता हूं तो आगे बढ़ता हूं। इसके अलावा, जैसा कि मैं अपना खुद का संगीत बनाता हूं, तो मेरे लिए गीत का अनुवाद करना आसान हो जाता है और मैं इसे अपने तरीके से शैलीबद्ध करना चाहता हूं।

> मैं हिंदी फिल्म संगीत परिदृश्य में एक पूर्णतया अलग साउंडस्केप पेश करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। संगीत की एक अलग शैली भी है जो मुझे करना पसंद है और मैं सचमुच इसे अपनी कंपनी के जरिए लोगों के सामने पेश करना चाहता हूं।

**■ संजय दत्त के साथ आपके पहले गाने से लेकर अक्षय कुमार के साथ आपके वर्तमान गाने तक का सफर कैसा रहा?**

मेरे लिए वरदान हो गया है। संगीत में संजू सर का बेजोड़ स्वाद है। मुझे खुशी है कि मेरी पहली फिल्म संजू थी और मेरी पहली हिंदी फिल्म का गाना कर हर मैदान फतह था। आप जानते हैं कि जब आप मिस्टर संजय दत्त और मिस्टर राजकुमार हिरानी के साथ अपना करियर शुरू करते हैं, तो आप आधी लड़ाई जीत जाते हैं। हालांकि वहां पहुंचने में लगभग 13 साल लग गए, लेकिन मुझे रचनात्मक प्रक्रिया के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला और वह ज्ञान हमेशा मेरी मदद करेगा। बाद में मैं मिस्टर एरिक पिल्लई से मिला, वह मेरे जैसे कई संगीतकारों के लिए प्रेरणा रहे हैं। उनसे मिले सहयोग और मार्गदर्शन ने मेरे लिए सब कुछ बदल दिया।

मैं अक्षय सर के साथ सबसे लंबे समय तक गाने करना चाहता था क्योंकि उन्हें पर्दे पर जो मिलता है वह कल्पना से परे है और वीरता, शैली, स्वैग और रवैये को उनके द्वारा सबसे अच्छा प्रदर्शित किया जाएगा। मैं इसे संभव बनाने के लिए मिस्टर एरिक पिल्लई और मिस्टर अजीम दयानी का शुक्रगुजार हूं। मार खायेगा के साथ एक बड़ी बात यह हुई कि अब लोग जान गए हैं कि कर हर मैदान फतह और तेरा बाप आया मेरे गाने हैं।

**■ अपनी भविष्य की परियोजनाओं के बारे में बताएं?**

एक दिलचस्प लाइनअप दिखता है। मैं हिंदी फिल्म संगीत परिदृश्य में एक पूर्णतया अलग साउंडस्केप पेश करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। संगीत की एक अलग शैली भी है जो मुझे करना पसंद है और मैं सचमुच इसे अपनी कंपनी के जरिए लोगों के सामने पेश करना चाहता हूं। तो हां, इस दौरान कुछ दिलचस्प गाने और भी हैं।

---

**पुरस्कार विजेता फिल्मों की स्क्रीनिंग से लेकर भारत-जापान के सबसे बड़े फिल्म सहयोग का जश्न मनाने तक, जेएफएफके तीन दिवसीय नाट्य संस्करण का समापन हो गया। इसके बारे में विस्तार से बता रही हैं सुप्रिया रमेश**



शालू सभरवाल, सतोशी सुजुकी और कोजी सातो

# सिनेप्रेमियों के लिए खुशी

यह सिर्फ के-पॉप ही नहीं है जिसके लोग इन दिनों दीवाने हैं। इन वर्षों में, अधिक भारतीय दर्शकों ने अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा को पसंद किया है। कोविड-19 महामारी और ओटीटी मंचों के आगमन से और मांग अधिक होने से, लोगों के पास अब फिल्मों, टीवी शो, वृत्तचित्रों के कई अच्छे विकल्पों में से चुनने व उन्हें उन्हें अपने घरों में आराम से देखने की विलासिता है। इसने दर्शकों को विश्व सिनेमा को समझने के करीब ला दिया है। डीसी से लेकर मार्वल से लेकर एनीमे तक, छह साल के बच्चे से लेकर वयस्क तक, हर कोई इन फिल्मों का आनंद लेता है और इनसे जुड़ता है।




हालांकि, भारतीय दर्शकों ने, समय के साथ, जापानी फिल्मों में भी काफी रुचि विकसित की है। दर्शक अब इनमें से अधिक फिल्में जापानी फिल्म महोत्सव (जेएफएफ) में देख सकते हैं। किसी भी अन्य सबमिशन-आधारित फिल्म समारोह के विपरीत, जेएफएफ भारत में 2017 में अपनी स्थापना के बाद से, थिएटर या स्ट्रीमिंग के जरिए प्रदर्शित होने वाली सर्वश्रेष्ठ समकालीन जापानी फिल्मों का सालाना चयन करता है।

जापान फाऊंडेशन के महानिदेशक कोजी सातो हमें बताते हैं कि जापानी संस्कृति व उनकी सामग्री के प्रति भारतीय दर्शकों द्वारा रुचि व उत्साह की उल्लेखनीय अभिव्यक्ति की गई है। वह कहते हैं, ''भारत के लोगों से ऐसा उत्साह प्राप्त करके जेएफएफ सम्मानित महसूस कर रहा है और यहां दर्शकों के लिए और बेहतर अनुभव लाता रहता है।''

इस वर्ष ऑनलाइन उत्सव 25 देशों में आयोजित किया गया था, जिसमें 20 फिल्मों को 15 भाषाओं में दो सप्ताह के लिए सबटाइटिल के साथ प्रस्तुत किया गया था। स्क्रीनिंग हेतु निर्धारित 11 फिल्मों के साथ, पीवीआर सिलेक्ट सिटीवॉक, नई दिल्ली में तीन दिवसीय नाट्य संस्करण की भी मेजबानी की जा रही है।

जेएफएफ की यात्रा 2016 में शुरू हुई, जब जेएफएफ एशिया-पैसिफिक गेटवे इनिशिएटिव के हिस्से के रूप में जापान फाऊंडेशन ने ऑस्ट्रेलिया सहित 10 आसियान देशों के साथ जापानी सिनेमा को साझा करने के उद्देश्य से फिल्म समारोह की स्थापना की। सातो बताते हैं, ''2017 में चीन और भारत के साथ शुरू हुआ फेस्टिवल 2018 में रूस में विस्तारित हुआ। 2019 में, यह उत्सव 12 देशों और 56 शहरों में आयोजित किया गया था, जिसने वर्ष के दौरान 170,000 से अधिक आगंतुकों को आकर्षित किया। 2020 में, इसे भौतिक व ऑनलाइन दोनों तरह से आयोजित किया गया था, और पहले जेएफएफप्लस 2020-2021 को दुनिया भर के 20 देशों से कुल 220,000 से अधिक लोगों द्वारा देखा गया था।''

पिछले पांच वर्षों में, यह त्यौहार सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने से लेकर एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म बनने तक विकसित हुआ है। यह फिल्मोत्सव सिर्फ दिल्ली या मुंबई तक ही सीमित नहीं है, बल्कि प्रशंसकों तक पहुंचने के लिए कई शहरों में इस उत्सव का आयोजन किया गया है। बकौल सातो, ''ऑनलाइन संस्करण के साथ हमने राष्ट्रीय पहुंच हासिल की है। हम उम्मीद करते हैं कि एक बार महामारी खत्म हो जाने के बाद, पूरे भारत में हमारी नाटकीय पहुंच में लगातार वृद्धि के साथ फेस्टिवल बड़े पैमाने पर फिर से उभरेगा।''

> ''मैं अभी विवरण नहीं बता सकता, लेकिन हमारे पास कुछ ऐसा है जो हमें उम्मीद है कि भारत में लोगों को खुश करेगा। पिछले दो वर्षों में हमारे बहुत कम परस्पर आमना-सामना होने के आयोजन हुए हैं, इसलिए हम आशा करते हैं कि चीजें व्यवस्थित हो जाएंगी और हमें व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर मिलेगा।''

चूंकि जेएफएफएक क्यूरेटेड त्योहार है, त्योहार के लिए लाइनअप को टोक्यो में केंद्रीय फेस्टिवल टीम द्वारा अंतिम रूप दिया जाता है, वो भी मेजबान देशों में अपने कार्यालयों से फीडबैक लूप के साथ। सातो हमें बताते हैं कि जेएफएफ का आयोजन जापान में जीवन, अपनी संस्कृति, सौंदर्यशास्त्र और रोजमर्रा के जीवन के एक उदार लेकिन अंतरंग अनुभव को प्रदर्शित करने की सोच पर आधारित है। वे पूर्णतया क्यूरेशन की कल्पना करते हैं और ऐसी फिल्मों का चयन करते हैं जो अनुभवों के इस मोजेक में फिट होती हैं जिनका कि उनके दर्शक सामना कर सकते हैं और समृद्ध हो सकते हैं। जब आपके पास कई शानदार विकल्प हों, तो ओपनिंग और क्लोजिंग फिल्म चुनना एक काम हो सकता है। यह कहते हुए कि, इस बार, उद्घाटन फिल्म वाइफऑफस्पाई थी, जिसे विश्व स्तर पर इसके पुरस्कार विजेता स्वागत के लिए चुना गया था। आज दो फिल्मों के साथ फेस्टिवल का समापन होगा। द नाइट बियॉन्ड, द ट्राइकॉर्नर्ड विंडो, इसी नाम के एक प्रसिद्ध मंगा का लाइव-एक्शन मिस्ट्री-हॉरर रूपांतरण और युगो साको द्वारा निर्देशित रामायण- द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम, एक इंडो-जापानी प्रोडक्शन है। यह भारत में अपनी पहली नाटकीय स्क्रीनिंग प्राप्त करेगा। सातो कहते हैं, ''एक प्रतिष्ठित युवा वयस्क शैली के मनोरंजन के रूप में उनकी स्थिति के लिए समापन फिल्मों का चयन किया गया है, जिसे जे-प्रशंसक देखना पसंद करते हैं और हमारे उद्योगों के बीच सबसे बड़े सहयोगों में से एक के लिए यह एक विशेष नाटकीय वापसी है।''




14 फरवरी से 27 फरवरी, 2022 तक आयोजित होने वाले ऑनलाइन उत्सव में समर्पित उद्घाटन या समापन फिल्म नहीं थी।

इस वर्ष भारत और जापान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ है। शायद, सातो कहते हैं, आगे देखने के लिए और भी बहुत कुछ है। वह कहते हैं, ''मैं अभी विवरण नहीं बता सकता, लेकिन हमारे पास कुछ ऐसा है जो हमें उम्मीद है कि भारत में लोगों को खुश करेगा। पिछले दो वर्षों में हमारे बहुत कम परस्पर आमना-सामना होने के आयोजन हुए हैं, इसलिए हम आशा करते हैं कि चीजें व्यवस्थित हो जाएंगी और हमें व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर मिलेगा।''

सातो अंत में कहते हैं कि महामारी के कारण हमारी बहुत सारी आंतरिक चर्चाएं और कार्यक्रम टले हैं। इसलिए, हमने इस साल आयोजन के पैमाने को काफी हद तक कम कर दिया है और इसे दिल्ली तक सीमित कर दिया है। उनका कहना है कि त्योहार 50 प्रतिशत क्षमता पर चलेगा और बुकिंग केवल ऑनलाइन उपलब्ध है।

---

# मैं रोम-कॉम का हिस्सा बनना चाहूंगा

**शिवम भार्गव, जो घोस्ट, द ट्रिप और इट्स कॉम्प्लेक्स के लिए लोकप्रिय माने जाते हैं, सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में अपने ताजा गीत की बात करते हैं कि उन्होंने अभिनय और भावी काम को क्यों चुना**

**● हमें अपने नवीनतम गीत प्रेम दीपक के बारे में बताएं**

यह गाना एक बिलकुल अलग रोमांटिक नंबर है, जिसे अमे दाते ने गाया है, और दीपक जेस्वाल ने लिखा है व जिसका संगीत अर्नब चटर्जी ने दिया है। इसका वीडियो अजिंक्य देशमुख द्वारा निर्देशित है और इसमें पल्लवी सिंह और मैं हैं।

यह गाना एक प्रेमी की अपनी प्रेमिका के प्रति भावनाओं के बारे में है। प्रेम दीपक की एक लड़के से, अपनी प्रेमिका के लिए हमेशा के लिए समर्पित होने वाला, प्रेमी बन जाने की प्रतिबद्धता है। वह उससे वादा करता है कि उसके दिल में उसके लिए हमेशा एक जगह होगी, कि वह उसके लिए अपना जीवन दे सकता है, और यह कि उनका प्रेम दीपक या उनका प्यार का दीपक हमेशा के लिए उज्जवल और चमकता रहेगा।

गाने में छोटे-छोटे पल हैं जो प्यारे और मनमोहक हैं, क्योंकि यह गहराते रिश्ते को दर्शाता है, लेकिन इसमें एक बड़ा पेंच है, जिसका मैं अभी खुलासा नहीं कर सकता। इसे महसूस करने के लिए आपको गाना देखना होगा। वो क्षण, जब लड़के को एक रहस्य का पता चलता है, एक छोटा सा मार्मिक दृश्य है, और मुझे वहां भावनाओं को व्यक्त करना अच्छा लगा।

**● आप अभिनय के साथ कैसे जुड़े?**

मुझे बचपन से ही एक्टिंग का शौक रहा है। किसी भी बच्चे की तरह, कई काम थे जो मैं करना चाहता था, फौजी, वैज्ञानिक, पुरातत्वविद्, और मुझे एहसास हुआ कि अगर मैं अभिनेता बन गया तो मैं एक पेशे में कई जीवन जी सकता हूं।

**● आपका करियर सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में शुरू हुआ। आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा?**

एक बाहरी व्यक्ति होने के नाते, जब मैं अभिनय करने मुंबई आया, तो मुझे नहीं पता था कि इसके बारे में कैसे आगे जाना है, कहां जाना है या किससे मिलना है। इसलिए शुरुआत में सहायक कार्य करने से मुझे इंडस्ट्री को थोड़ा समझने और खुद एक्टिंग शुरू करने का आत्मविश्वास हासिल करने का समय मिला।

**● ओटीटी प्लेटफॉर्म ने कैसे फिल्मों और बॉलीवुड की दुनिया में बदलाव लाया है? आप किसे पसंद करते हैं और क्यों?**

मुझे लगता है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने फिल्मों और शो की खपत को इतना आसान बना दिया है, जितना आसान आपके स्मार्टफोन को चालू करना है। अब ढेर सारे प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं और सभी प्रकार की सामग्री उपलब्ध है। यह कहानीकारों को अपनी कहानियां सुनाते समय बहुत अधिक स्वतंत्रता देता है, जो फिल्मों के मामले में नहीं होता था। मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं एक की बजाय दूसरे पर पसंद करता हूं, लेकिन हम ऐसे समय में हैं जहां मुझे एक अच्छे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बहुत खुशी होगी, चाहे वह सिनेमा के लिए हो या ओटीटी के लिए।

**● आपकी पसंदीदा शैली या भूमिका कौन सी है जिसे आप किसी भी समय करना चाहेंगे?**

मैं कॉमेडी का पूरा लुत्फ उठाता हूं। मुझे लगता है कि मैं एक रोम-कॉम या एक जबरदस्त एक्शन फिल्म का हिस्सा बनना पसंद करूंगा!

**● आपकी आने वाली परियोजनाएं क्या हैं?**

मैंने कुछ परियोजनाओं को पूरा किया है जिनकी घोषणा की जानी बाकी है, लेकिन एक की घोषणा की गई है, वह है कोल्ड मेसी लोनली, जो कुछ महीनों में एमएक्स प्लेयर और ऑल्ट बालाजी पर प्रसारित होनी चाहिए।



# वॉर्न के अंतिम संस्कार में एक लाख के जुटने की संभावना




## ●एमसीजी पर होगा कार्यक्रम : मीडिया रिपोर्ट

भाषा। मेलबर्न

**मेलबर्न क्रिकेट** ग्राउंड पर अगले दो या तीन सप्ताह में राजकीय सम्मान के साथ महान स्पिनर शेन वॉर्न का अंतिम संस्कार किया जाएगा जिसमें करीब एक लाख लोगों के जुटने की संभावना है। परिवार के निजी तौर पर शोक मनाने के बाद बाद सार्वजनिक शोकसभा का आयोजन किया जाएगा। शोक सभा के बाद इस दिग्गज खिलाड़ी के अंतिम संस्कार की जानकारी अभी नहीं मिली है। वॉर्न के मैनेजर जेम्स एर्सकिने ने एमसीजी में अंतिम संस्कार होने की पुष्टि नहीं की लेकिन संकेत दिया कि इस महान क्रिकेटर के कद को देखते हुए कोई और स्टेडियम उचित नहीं होगा। उन्होंने द ऐज से कहा , और कहां। हेराल्ड सन के अनुसार अंतिम संस्कार दो या तीन सप्ताह में होगा और एमसीजी पर इसका पूरा इंतजाम किया जाएगा। वॉर्न का परिवार थाईलैंड से उनका पार्थिव शरीर यहां लाए जाने का इंतजार कर रहा है। वॉर्न का थाईलैंड के कोह समुई द्वीप पर शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। द ऐज ने सूत्रों के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री स्कॉट मौरीसन और विक्टोरिया के प्रधानमंत्री डेनियल एंड्रयूज भी इसमें भाग लेना चाहते हैं और वॉर्न के परिवार से तारीख पर बात कर रहे हैं। एमसीजी वॉर्न का पसंदीदा मैदान था। उन्होंने 1994 पर इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में हैट्रिक लगाई थी। उन्होंने लगातार तीन गेंद पर फिल डिफ्रेटस, डेरेन गॉ और डेवन मैलकम को आउट किया था। एमसीजी मैदान के बाहर वॉर्न की प्रतिमा लगी है और उनके निधन के बाद से यहां उनके प्रशंसकों

## छुट्टियों से पहले सिर्फ तरल डाइट के बाद छाती में दर्द और पसीने की शिकायत की थी वॉर्न ने : मैनेजर

**सिडनी।** शेन वॉर्न के मैनेजर जेम्स एर्सकिने ने खुलासा किया है कि आस्ट्रेलिया का यह महान स्पिनर छुट्टियों पर जाने से पहले दो सप्ताह सिर्फ तरल आहार ले रहा था जिससे छाती में दर्द और पसीना आने की शिकायत भी की थी। आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर वॉर्न का थाईलैंड में 52 वर्ष की उम्र में निधन हो गया और उन्हें दिल का दौरा पड़ने की आशंका जताई जा रही है। एर्सकिने ने नाइन नेटवर्क से कहा , वह अजीबोगरीब डाइट पर रहता था। हाल ही में इस तरह की डाइट में वह 14 दिन सिर्फ तरल पदार्थ ले रहा था। ऐसा वह तीन चार बार कर चुका है। उन्होंने कहा , इसमें वह काले और हरे जूस ही ले रहा था या फिर सफेद बन और मस्का या बीच में लसानिया भरा हुआ बन। पूरी जिंदगी वह सिगरेट पीता रहा। मुझे लगता है कि दिल का दौरा ही पड़ा होगा। थाई पुलिस ने कहा कि मामले की प्रारंभिक जांच के बाद वॉर्न की मौत में किसी तरह की साजिश का संकेत नहीं मिला है लेकिन पोस्टमार्टम कराया गया। मौत से चंद रोज पहले ही वॉर्न ने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी तस्वीर डालकर कहा था कि वह वजन कम करने की प्रक्रिया में हैं। आपरेशन दुबला होना शुरू हो गया है और लक्ष्य जुलाई तक दुबला पतला होने का है। वॉर्न के परिवार ने भी थाई पुलिस को बताया कि उन्हें दिल से जुड़ी परेशानियां और दमा था। वॉर्न के एक दोस्त ने बताया कि उनका आखिरी भोजन आस्ट्रेलिया का मशहूर वेजेमाइट (फूड स्प्रेड) लगा टोस्ट था। द स्पोर्टिंग न्यूज के सीईओ टॉम हाल ने पोर्टल पर लिखा , मैने कई बार शेन के साथ शानदार खाना खाया है लेकिन वहां थाई खाना खाने की बजाय हमने आस्ट्रेलिया का मशहूर खाना वेजेमाइट लगा टोस्ट खाया। वह पक्का आस्ट्रेलियाई था।

## पोस्टमार्टम के अनुसार प्राकृतिक कारणों से हुई वॉर्न की मौत


**बैंकाक।** थाईलैंड पुलिस ने सोमवार को कहा कि आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर शेन वॉर्न की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है। राष्ट्रीय पुलिस के उप प्रवक्ता किसाना पाथनाचारोन द्वारा जारी बयान में कहा गया कि पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर की रिपोर्ट वॉर्न के परिवार और आस्ट्रेलियाई दूतावास को भेज दी गई है। इसमें कहा गया कि वॉर्न के परिवार को इसमें कोई शक नहीं था कि उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है। बयान में मौत के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है।

## वॉर्न ने जादुई गेंदबाजी की लेकिन यह नही कहूंगा कि वह महानतम स्पिनर : गावस्कर



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि दिवंगत शेन वॉर्न ने अपने कैरियर में जादुई गेंदबाजी की लेकिन वह सर्वकालिक महानतम स्पिनर नहीं हैं क्योंकि भारत में उनका प्रदर्शन औसत रहा। गावस्कर के इस बयान की टाइमिंग को लेकर हालांकि आस्ट्रेलियाई मीडिया के कुछ हलकों में काफी निंदा हुई है। वॉर्न ने 1992 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से आस्ट्रेलिया के लिए 145 टेस्ट खेलकर 708 विकेट लिए। उन्होंने 194 वनडे में 293 विकेट चटकाए। यह पूछने पर कि क्या वॉर्न को वह महानतम स्पिनर मानते हैं, गावस्कर ने कहा कि वह भारतीय स्पिनरों और श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन को वॉर्न से ऊपर रखेंगे। उन्होंने इंडिया टुडे से कहा , मैं ऐसा नहीं कहूंगा। मेरी नजर में भारतीय स्पिनर और मुथैया मुरलीधरन उनसे बेहतर हैं। उन्होंने कहा , इसका कारण यह है कि भारत के खिलाफ शेन वॉर्न का रिकॉर्ड औसत रहा है।भारत में उन्होंने एक ही बार नागपुर में पांच विकेट लिए। गावस्कर ने कहा , भारतीय खिलाड़ियों के खिलाफ उन्हें अधिक सफलता नहीं मिली क्योंकि भारतीय स्पिन को बखूबी खेलते हैं। इसलिए मैं उन्हें महानतम नहीं कहूंगा। मुथैया मुरलीधरन भारत के खिलाफ अधिक कामयाब रहे हैं।

## हर बार वॉर्न के बारे में सोचकर भावुक हो जाता हूं : पोंटिंग



**दुबई, ।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को शेन वॉर्न से इतना प्यार है कि पिछले कुछ दिनों में दिवंगत स्पिनर की आवाज सुनने के बाद वह टीवी बंद कर देते हैं क्योंकि वह अभी भी यह नहीं मानते कि उनके साथी खिलाड़ी अब नहीं रहे। वॉर्न को भावुक श्रृद्धांजलि देते हुए पोंटिंग ने कहा कि वह अभी भी अपने करीबी दोस्त की अप्रत्याशित मौत के दुख से उबर नहीं पा रहे हैं। उन्होंने आईसीसी रिव्यू पर इशा गुहा से कहा , जब भी उसके बारे में बोलना होता है या अपने साझे सफर के अनुभव बताने होते हैं तो मेरे पास शब्द नहीं रहते। उन्होंने कहा , आज भी जब मैं टीवी पर श्रृद्धांजलि देखता हूं और उनकी आवाज सुनता हूं तो टीवी बंद कर देता हूं। पोंटिंग ने कहा , पिछले कुछ दिन कठिन रहे हैं लेकिन इससे जागरूकता मिली है कि किन बातों पर और ध्यान देने की जरूरत है। हम सभी के लिए यह सीख है।

## एक प्रतिभा जिसने जिंदगी को भरपूर जिया, कोई पछतावा नही

### डेविड रोवे, इंस्टीट्यूट फॉर कल्चर एंड सोसाइटी, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी



**सिडनी।** शेन वार्न के निधन की जब खबर आई तो इस निष्कर्ष पर पहुंचने में ज्यादा वक्त नहीं लगा कि उन्होंने थाइलैंड में छुट्टियां बिताते हुए मौत भी वैसी ही चुनी, जैसा उन्होंने जीवन गुजारा। टैब्लॉइड्स, विशेष रूप से ब्रिटेन में, जहां उन्होंने अपना अधिकांश जीवन व्यतीत किया, ने उनके जीवन को बहुत ही रोचक ढंग से चित्रित किया था। कई लोगों को जरूर लगा होगा कि उन्होंने जिंदगी को भरपूर जीते हुए अंतिम सांस ली। हालांकि ऐसा था नहीं, वार्न, जो सिर्फ 52 वर्ष के थे, ने घोषणा की थी कि वह एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के शिकार थे, वजन कम करने और स्वस्थ होने की कोशिश कर रहे थे। इससे पहले, वह वजन घटाने को एक घोटाले में बदलने में भी कामयाब रहे थे, जब वह दक्षिण अफ्रीका में 2003 क्रिकेट विश्व कप में ड्रग्स टेस्ट में विफल रहे और उन्हें घर भेज दिया गया। उन्होंने इस संबंध में प्रतिबंधित दवा लेने की देने के लिए अपनी मां को ही दोषी ठहरा दिया था। इसके लिए उनकी जमकर आलोचना हुई थी। इस बात में दो राय नहीं है कि वह एक असाधारण क्रिकेटर थे, लेकिन इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि वह विवादों के लिए अजनबी नहीं थे। विजडन के सदीं 20वीं के पांच क्रिकेटरों में से एक वार्न के गेंदबाजी रिकार्ड को क्रिकेट प्रशंसकों ने उसी फोरेंसिक आंख से देखा, जैसा कि पपराज़ी ने उनकी जिंदगी को भरपूर जीने की आदत को। यह वार्न ही थे जिन्होंने 1993 में बॉल ऑफ द सेंचुरी डाली, उस गेंद पर इंग्लैंड क्रिकेट टीम के हैरान कप्तान माइक गैटिंग का आउट होना शायद आधुनिक क्रिकेट की सबसे प्रसिद्ध घटना थी। यह खेल में महारत का ऐसा कौशल था, जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। ए परस्पर विरोधी बातें हमें यह पूछने के लिए प्रेरित करती हैं कि शेन वार्न कौन थे, और वह इतने सारे लोगों के लिए इतना मायने क्यों रखते हैं? वार्नी: द सोप ओपेरा ऐसे दिलचस्प खिलाड़ी कम ही होंगे, जिन्हें एक पूरी संगीत रचना समर्पित कर दी जाए, लेकिन एडी परफेक्ट ने उनमें ऐसा कुछ तो जरूर देखा होगा कि उनपर 2008 में शेन वार्न: द म्यूजिकल की रचना कर डाली। दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के बीच इसके विषय की खूब चर्चा रही, लेकिन वह और बहुत से लोगों के बीच भी बेहद लोकप्रिय थे क्योंकि वह टैब्लॉइड को जमकर दिलचस्प सामग्री देते रहते थे। वॉर्न सर डॉन ब्रैडमैन और रिची बेनौ जैसे अन्य ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट नायकों से मौलिक रूप से अलग थे। रिची बेनौ को ऑन-फील्ड विद्रोही से शांत कमेंटेटर के रूप में बदलते देखा गया था। शेन वार्न ने भी टेलीविजन कमेंट्री की ओर कदम बढ़ाया, लेकिन जहां बेनौ के विचारों को संजीदा और सम्मानजनक माना जाता था, वहीं वार्न के ख्याल जोशीले और मनमौजी हुआ करते थे। संयम से कभी भी वार्न का कोई खास नाता नहीं रहा, हालांकि एक पेशेवर पोकर खिलाड़ी के रूप में उनका सफल करियर और उनकी गेंदबाजी की सूक्ष्मता एक चतुर, चालाक और आगे तक की गणना करके चलने वाले दिमाग के प्रमाण थे। लेकिन वॉर्न का मिजाज डेनिस लिली और रॉड मार्श जैसे पुराने क्रिकेटरों से अलग था, जिनकी मृत्यु एक ही दिन अलग अलग समय पर हुई थी। लिली और मार्श विरोधी टीमों को ध्वस्त करने की कला के आक्रामक अभ्यासी थे, जबकि वार्न इस क्षेत्र से बहुत आगे निकल गए, उन्होंने गॉसिप पर आधारित उभरती वैश्विक स्पोर्ट स्टार प्रणाली के अनुसार खुद को ढाल लिया। वह खेल सेलिब्रिटी के उत्पाद और निर्माता दोनों थे जो सांस्कृतिक परिदृश्य में सहजता से आगे बढ़ते हैं। उन्होंने बालों के झड़ने के उपचार का प्रचार किया। ब्रिटिश फिल्म स्टार लिज़ हर्ले के साथ वार्न की नाकाम सगाई मीडिया की सुर्खियों में बड़े पैमाने पर किए गए रिश्ते का एक उत्कृष्ट नमूना था।

## खेल वॉर्नी के बहुत करीब था : क्लार्क



**मेलबर्न।** अपने सच्चे दोस्त शेन वॉर्न के निधन से स्तब्ध आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा कि क्रिकेट को उसके माइकल जोर्डन की कमी खलेगी और वह ऐसे इंसान को खोने से दुखी है जो कठिन दौर में हमेशा उनके साथ खड़े रहे। क्लार्क और वॉर्न मैदान से भीतर और बाहर एक दूसरे के काफी करीब थे। क्लार्क ने अक्सर कहा है कि वॉर्न उन्हें सबसे बेहतर समझते थे और जीवन के हर पहलू में कठिन दौर में उनकी ताकत बन गए थे। वॉर्न का थाईलैंड में शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से 52 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। क्लार्क ने डेली टेलीग्राफ में अपने कॉलम में लिखा , क्रिकेट हमेशा से आंकड़ों का खेल रहा है और वॉर्न के साथ मेरे रिश्ते को एक ही आंकड़ा स्पष्ट करता है ..23। उन्होंने कहा , वार्नी ने मुझसे आकर कहा था कि वह चाहता है कि वनडे क्रिकेट में उसकी जर्सी नंबर 23 मैं पहनूं। उन्होंने कहा , मैं इसके लिए हमेशा उसका आभारी रहूंगा। यह सम्मान पूरी जिंदगी मेरे साथ रहेगा।

## गोकुलम मोहम्मडन स्पोर्टिंग जीते

**कल्याणी।** गत चैंपियन गोकुलम केरल ने आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को रीयल कश्मीर को 5-1 से रौंदा जबकि मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने श्रीनिधि डेक्कन के खिलाफ 3-1 की जीत के साथ अपना अजेय अभियान जारी रखा। गोकुलम की ओर से लुका मेजसेन (चौथे और 38वें मिनट) और जोर्डेन फ्लेचर (पांचवें और 27वें मिनट) ने दो-दो जबकि जितिन (66वें मिनट) ने एक गोल दागा। दस खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रीयल कश्मीर के लिए एकमात्र गोल तियागो एडेन ने 48वें मिनट में किया। नैहाटी स्टेडियम में मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मार्कस जोसेफ (40वें और 51वें मिनट) के दो और एंडेलो रूडोविच 89वें मिनट के एक गोल से श्रीनिधि डेक्कन को 3-1 से हराया। श्रीनिधि की ओर से एकमात्र गोल 16वें मिनट में डेविड मुनोज ने किया।

## लाहिड़ी पाल्मर गोल्फ में संयुक्त 72वें स्थान पर

**ओरलैंडो।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी मुश्किल हालात मे अंतिम दौर में 10 ओवर 82 के लचर प्रदर्शन के साथ सोमवार को यहां आर्नोल्ड पाल्मर आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 72वें स्थान पर रहे। तेज हवाओ के कारण मुश्किल हालात के बीच लाहिड़ी ने नौ बोगी और एक डबल बोगी की जबकि वह सिर्फ एक बर्डी कर पाए। अंतिम दिन खिलाड़ियो का औसत स्कोर 76 रहा। इस बीच स्कॉटी शेफ्लर ने अंतिम दौर मे पार 72 के स्कोर से कुल पांच अंडर 283 के स्कोर से एक शॉट से खिताब जीता।

## यूक्रेन की शरणार्थी लियोन ओपन के फाइनल में हारी

**लियोन।** यूक्रेन की शरणार्थी डायना यास्त्रेमस्का लियोन ओपन टेनिस के फाइनल मे चीन की झांग शुआई से 6-3, 3-6, 4 -6 से हार गई। 21 वर्ष की यास्त्रेमस्का पिछले सप्ताह ही रूसी सैन्य हमले के बाद यूक्रेन के ओडेसा से भागी थी। वह मिसाइल हमलो के बीच दो रात भूमिगत कार पार्किंग मे रही। इसके बाद अपनी 15 वर्ष की बहन इवाना के साथ रोमानिया के रास्ते भाग निकली।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए रॉबिनसन इंग्लैंड टीम से बाहर

**नॉर्थ साउंड।** तेज गेंदबाज ओली रॉबिनसन को कमर दर्द के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में शामिल नही किया गया है। नए गेंदबाज साकिब महमूद ने उनकी जगह ली है। रॉबिनसन की कमर की मांसपेशी मे क्रिकेट वेस्टइंडीज अध्यक्ष एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान खिंचाव आ गया था।

## कुलदीप यादव की जगह अक्षर पटेल दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में

भाषा। बेंगलुरू




**दोबारा** फिट हुए हरफनमौला अक्षर पटेल ने श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए भारतीय टीम में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की जगह ली है। भारतीय टीम प्रबंधन ने कुलदीप को टीम से रिलीज कर दिया है। अक्षर चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका दौरे पर नहीं जा सके थे और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला भी नहीं खेल पाए थे। वह हाल ही में कोरोना पॉजिटिव भी पाए गए थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा , अक्षर पहली पसंद थे लेकिन वह पूरी तरह से फिट नहीं थे तो बैकअप के तौर पर कुलदीप को रखा गया था। उन्होंने कहा , अब अक्षर फिट है तो कुलदीप को रिलीज कर दिया गया है। कुलदीप ने आखिरी बार टेस्ट फरवरी 2021 में खेला था। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट एक पारी और 222 रन से जीता था।

## न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को नौ विकेट से हराया

### ● महिला एकदिवसीय विश्व कप

भाषा। डुनेडिन



**मेजबान** न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां वर्षा से प्रभावित आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में बांग्लादेश को नौ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। बारिश के कारण मैच काफी विलंब से शुरू हुआ जिसके कारण इसे 27 ओवर का कर दिया गया। बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज फरगाना हक (52) और शमीमा सुल्ताना (33) के साथ उनकी पहले विकेट की 59 रन की साझेदारी के बावजूद आठ विकेट पर 140 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में सूजी बेट्स (नाबाद 79) के नाबाद अर्धशतक और एमेलिया केर (नाबाद 47) के साथ उनकी 108 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 42 गेंद शेष रहते एक विकेट पर 144 रन बनाकर जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले न्यूजीलैंड को इस जीत से दो अंक मिले और टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। बांग्लादेश की टीम अपने दोनों मैच हार चुकी है और सातवें स्थान पर चल रही है। लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही जब कप्तान सोफी डिवाइन 14 रन बनाने के बाद सातवें ओवर में स्पिनर सलमा खातून की गेंद पर बोल्ड हो गई। बांग्लादेश की गेंदबाज हालांकि इसके बाद कोई और विकेट हासिल नहीं कर सकीं। बेट्स ने अपनी पारी में सिर्फ 68 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके मारे जबकि एमेलिया ने 37 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके जड़े। बेट्स अपने 28वें एकदिवसीय अर्धशतक के दौरान महिला विश्व कप में 1000 या इससे अधिक रन बनाने वाली सिर्फ छठी बल्लेबाज बनीं।

## बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में नतीजे के लिए सरदार की नजरें अपने अनुभव पर

भाषा। नई दिल्ली

**सरदार सिंह** को कोचिंग का अनुभव नहीं है और ना ही वह इस काम के लिए प्रशिक्षित हैं लेकिन राष्ट्रीय हॉकी टीम के इस पूर्व कप्तान का मानना है कि उनका 12 साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त होगा कि इस साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने वाली भारत ए टीम से वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकें। सरदार और पूर्व स्ट्राइकर दीपक ठाकुर को भारत की क्रमश: पुरुष और महिला ए हॉकी टीम का कोच नियुक्त किया गया है जो बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेगी। सरदार ने कहा, बेशक यह मेरे लिए चुनौती है लेकिन इतने वर्षो तक शीर्ष स्तर पर खेलने के कारण मेरे अंदर आत्मविश्वास है कि मैं नतीजे दे सकता हूं। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे उस खेल को कुछ वापस देने का मौका मिल रहा है जिसने मुझे पहचान दी। पेरिस ओलंपिक 2024 के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट हांगझोउ एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों के बीच अधिक समय नहीं होने के कारण हॉकी इंडिया ने बर्मिंघम में मुख्य टीम नहीं भेजने का फैसला किया।

## आस्ट्रेलिया के सात विकेट पर 449 रन

### ● टेस्ट ड्रॉ की ओर

भाषा। रावलपिंडी



**मार्नस लाबुशेन** शतक से चूक गए लेकिन उनके और स्टीव स्मिथ के बीच शतकीय साझेदारी से आस्ट्रेलिया ने चौथे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में सात विकेट पर 449 रन बनाए जिससे पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है। चौथे दिन बारिश के कारण मैदान गीला होने से सुबह के सत्र में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। लाबुशेन (90) के अलावा स्मिथ (78) ने भी सपाट पिच का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़ा जबकि कैमरन ग्रीन ने भी 48 रन की उपयोगी पारी खेली। लाबुशेन और स्मिथ ने तीसरे विकेट के लिए 108 जबकि स्मिथ और ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 81 रन जोड़े। दिन का खेल खत्म होने पर मिशेल स्टार्क 12 जबकि कप्तान पैट कमिंस चार रन बनाकर खेल रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 107 रन देकर चार विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया की टीम अब पाकिस्तान से सिर्फ 27 रन पीछे है जिसने अजहर अली (185) और इमाम अल हक (157) के शतकों की बदौलत चार विकेट पर 476 रन बनाकर पारी घोषित की थी। मंगलवार को मैच का अंतिम दिन है और दोनों टीम की पहली पारी भी पूरी नहीं होने के कारण मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है।

## मंधाना ने बच्चे के जन्म के छह महीने बाद मैदान पर वापसी के लिए मारूफ की सराहना की



**माउंट मोनगानुई।** भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने पाकिस्तान की प्रेरणादाई कप्तान बिसमाह मारूफ की सराहना की जिन्होंने बच्चे को जन्म देने के छह महीने बाद मैदान पर वापसी करके दुनिया की महिला खिलाड़ियों के लिए उदाहरण पेश किया। महिला विश्व कप में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 107 रन से हराने के बाद भारत की कुछ खिलाड़ियों को मारूफ की बेटी फातिमा के साथ समय बिताते हुए देखा गया। इस दौरान छह महीने की फातिमा के साथ भारतीय खिलाड़ियों के खेलने की तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए। उप कप्तान हरमनप्रीत कौर, मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह और रिचा घोष को फातिमा के साथ खेलते हुए देखा गया। मंधाना ने इंस्टाग्राम पर लिखा, बच्चे को जन्म देने के छह महीने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना कितना प्रेरणादाई है।

## अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ ने पुतिन और उनके करीबी रहे अधिकारी को हटाया

**बुडापेस्ट।** अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ ने रूसी राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन और लंबे समय से रूस के समर्थक रहे अधिकारी अरकाडी रोटेनबर्ग को महासंघ में तमाम पदों से हटा दिया है। बुडापेस्ट स्थित महासंघ ने एक बयान में कहा , अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ घोषणा करता है कि ब्लादीमिर पुतिन और अरकाडी रोटेनबर्ग को महासंघ में तमाम पदों से हटा दिया गया है। पुतिन महासंघ के मानद अध्यक्ष थे जिन्हें पिछले सप्ताह यूक्रेन पर सैन्य हमले के कारण पद से निलंबित कर दिया गया था। पुतिन जूडो के शौकीन हैं और 2012 लंदन ओलंपिक में ए खेल देखने पहुंचे थे।


## बहरीन व बेलारूस के खिलाफ मुकाबलों से छेत्री बाहर



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम को सोमवार को बड़ा झटका लगा जब करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री चोट के कारण बहरीन और बेलारूस के खिलाफ होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबलों से बाहर हो गए। कोच इगोर स्टिमक ने मनामा में 23 और 26 मार्च को होने वाले मुकाबलों के लिए 37 साल के छेत्री को 38 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया था। छेत्री ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की वेबसाइट से कहा, मैं बहरीन और बेलारूस के खिलाफ दो मैत्री मुकाबलों को लेकर काफी उत्सुक था और इनसे बाहर होना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, यह लंबा और कड़ा सत्र रहा और मुझे कुछ हल्की चोटें लगी जिनसे उबरने में समय लगेगा।

## जर्मनी ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सिंधू, श्रीकांत व लक्ष्य

भाषा। मुएलहेम (जर्मनी)

**दो बार** की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता किदांबी श्रीकांत तथा लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे जर्मनी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। सिंधू ने सैयद मोदी खिताब जीता जबकि लक्ष्य ने जनवरी में इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट का खिताब पहली बार अपने नाम किया। श्रीकांत हालांकि विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने के बाद कोविड-19 संक्रमण के कारण इंडिया ओपन से बाहर हो गए थे। विश्व चैंपियनशिप 2019 में स्वर्ण पदक के बाद सिंधू को 2022 लखनऊ में सैयद मोदी टूर्नामेंट तक खिताब का इंतजार करना पड़ा। इस खिताब से दबाव कुछ कम हुआ होगा लेकिन सिंधू को पता है उन्हें यूरोपीय चरण में अपना शीर्ष प्रदर्शन करना होगा क्योंकि यह साल काफी व्यस्त है जिसमें राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल भी होने हैं।

## स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल : भगत को तीन स्वर्ण, कदम को स्वर्ण और रजत

**नई दिल्ली।** तोक्यो पैरालम्पिक के चैम्पियन प्रमोद भगत ने स्पेन के विटोरिया मे चल रहे स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टू टूर्नामेंट मे तीनो वर्ग मे स्वर्ण पदक जीता। विश्व रैंकिंग मे चौथे स्थान पर काबिज सुकांत कदम ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। एकल वर्ग मे दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी भगत ने कुमार नीतेश को 17-21, 21-17, 21-17 से हराया। -पुरूष युगल मे भगत और मनोज सरकार ने भारत के ही कदम और नीतेश को 21-19, 11-21, 21 -11 से हराया। मिश्रित युगल मे भगत और पलक कोहली ने भारत के रुथिक रघुपति और मानसी जोशी को 14-21, 21-11, 21- 14 से हराकर खिताब जीता।

## विश्वनाथ व रमन सेमीफाइनल में

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय मुक्केबाज** विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा) और रमन (51 किग्रा) ने सोमवार को जोर्डन के अम्मान में एशियाई युवा एवं जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप के युवा पुरुष सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्वनाथ ने खंडित फैसले में ताजिकिस्तान के मेरोज जोइदोव को 4-1 से हराकर इस चैंपियनशिप में लगातार दूसरा पदक पक्का किया। दूसरी तरफ रमन ने जोर्डन के याजन अल्बितार को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। विश्वनाथ और रमन उज्बेकिस्तान के मुक्केबाजों क्रमश: मिरालिजोन मावलोनो व और खुजानाजर नोर्तोजीव से भिड़ेंगे।